# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची
## फरवरी-मार्च, 2026 सत्र

## मंगलवार, दिनांक 24 फरवरी, 2026

## भाग-1
## तारांकित प्रश्नोत्तर

### जल संसाधन विभाग के अंतर्गत निर्माण कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति

[जल संसाधन]

**1. ( *क्र. 276 ) श्री भोलाराम साहू :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बजट 2024-2025 एवं 2025-26 में जल संसाधन विभाग के किन-किन कार्यो को बजट में सम्मिलित किया गया था ? जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार बजट में सम्मिलित किन-किन कार्यो को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है तथा प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त किन-किन कार्यो की निविदा जारी हो चुकी है ? यदि नहीं तो क्यों ? कार्यो के नामवार जानकारी देवें ? **(ग)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल संसाधन विभाग द्वारा जर्जर कार्यो की मरम्मत, नहर लाइनिंग एवं रखरखाव हेतु वर्ष अप्रैल, 2024 से 31 जनवरी, 2026 तक कितनी राशि व्यय की गई है? कार्यो के नामवार व्यय की गई राशि बतावें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) :(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बजट वर्ष 2024-25 में 16 कार्य एवं वर्ष 2025-26 में 01 कार्य बजट में सम्मिलित किया गया है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बजट वर्ष 2024-25 में सम्मिलित कार्यों में से 01 कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है एवं निविदा जारी कर कार्य पूर्ण करा लिया गया है। शेष 15 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति विभाग में प्रक्रियाधीन है। बजट वर्ष 2025-26 में शामिल कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति विभाग में प्रक्रियाधीन है। विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है। (ग)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जल संसाधन विभाग द्वारा जर्जर कार्यों की मरम्मत, नहर लाईनिंग एवं रखरखाव हेतु वर्ष अप्रैल 2024 से 31 जनवरी 2026 तक रू. 24.51 लाख व्यय की गई। नामवार व्यय राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।**
**[ संलग्न "परिशिष्ट - एक"]**

### जिला बिलासपुर में मोबाईल टावर स्थापना हेतु प्राप्त आवेदन

[इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी]

**2. ( *क्र. 204 ) श्री सुशांत शुक्ला :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में मोबाईल टावर लगाने हेतु आवेदन किस विभाग द्वारा स्वीकार किया जाता है? कैलैंडर वर्ष 2024 से जनवरी, 2026 अवधि तक जिला बिलासपुर में मोबाईल टावर लगाने हेतु कितने आवेदन किस-किस सेवा प्रदाता कंपनी से प्राप्त हुए ? प्राप्त आवेदनों में से कितने को कहाँ-कहाँ टावर लगाने हेतु अनुमति प्राप्त हुई? वर्षवार कंपनी के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** क्या प्रश्नांश "क" की कंपनी को अनुमति प्रदान करने से पूर्व /

पश्चात विभाग द्वारा स्थल पर जाकर सघन आबादी एवं टावर के रेडियेशन के दुष्प्रभाव संबंधी निरीक्षण किया गया? यदि हां तो ऐसे क्षेत्रों में कंपनी को प्रदाय अनुमति वापस ली गई? अनुमति निरस्त किए गए क्षेत्रों / स्थलों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** क्या मोबाईल टावर लगाने के पूर्व ग्राम पंचायतों / नगरीय निकायों से अनापत्ति/सहमति प्रमाण पत्र प्राप्त किए जाने का प्रावधान है? यदि हां तो उक्त अवधि में कितनी कंपनियों द्वारा अनापत्ति/सहमति प्राप्त की गई? यदि नहीं तो जिन क्षेत्रों में मोबाईल टावर लगाने के विरुद्ध आपत्ति प्राप्त होती है, उनके निराकरण के क्या प्रावधान हैं?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** मोबाइल टावर लगाने हेतु भारत सरकार, दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित Right of Way पोर्टल के माध्यम से संबंधित सार्वजनिक इकाई द्वारा ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किया जाता हैं। कैलेंडर वर्ष 2024 से जनवरी 2026 अवधि तक बिलासपुर में मोबाइल टावर लगाने हेतु कुल 426 आवेदन प्राप्त हुए जिसके विरुद्ध कुल 18 अनुमति जारी की गई तथा 246 आवदेन निजी भूमि पर होने से सेवा प्रदाता द्वारा सूचना दी गयी । सेवाप्रदाता वार प्राप्त आवेदन, प्रदाय अनुमति एवं टावर लगाने हेतु प्राप्त सूचना का **वर्षवार विवरण संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विकसित RoW (Right of Way) पोर्टल के माध्यम से 4 दिसम्बर 2025 तक प्राप्त सभी आवेदनों का निरीक्षण जिला में गठित, जिला स्तरीय RoW समिति द्वारा किया गया है एवं उसके पश्चात 5 दिसम्बर 2025 से प्राप्त आवेदनों का निरीक्षण भारत सरकार, दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित RoW (Right of Way) पोर्टल के माध्यम से तार मार्ग का अधिकार नियम 2024 के अनुसार सम्बंधित सार्वजनिक इकाई द्वारा किया जाता है । टावर से निकलने वाले रेडियेशन के सम्बन्ध में भारत सरकार, संचार मंत्रालय के पोर्टल (https://tarangsanchar.gov.in/) में उपलब्ध जानकारी अनुसार "बहुत कम एक्सपोजर के स्तर और रिसर्च परिणाम को ध्यान में रखते हुए आज तक कोई ऐसा विश्वसनीय वैज्ञानिक साक्ष्य नहीं मिला है, जिससे साबित हो कि बेस स्टेशन और बेतार नेटवर्क से निकलने वाले कमजोर रेडियो आवृत्ति सिग्नल से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।" शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है । **(ग)** वर्तमान में भारत सरकार द्वारा जारी दूरसंचार (मार्ग के अधिकार) नियम -2024 के अंतर्गत टेलिकॉम टावर स्थापना एजेंसी द्वारा मोबाइल टावर स्थापना के पूर्व ग्राम पंचायतों/नगरीय निकायों से अनापत्ति/सहमति के प्रावधान नहीं है । इन नियमों के अंतर्गत दूरसंचार विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रशासित Right of Way पोर्टल के माध्यम से सम्बंधित सार्वजनिक इकाई द्वारा केवल RoW की अनुमति दी जाती है। RoW सम्बन्धी समस्त अनुमति प्राप्त होने तथा भूमि/संपत्ति स्वामी की सहमति उपरांत मोबाइल टावर लगाने पर आपत्ति स्वीकार करने का प्रावधान नहीं है ।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - दो"]**

## रायपुर में सुगम यातायात हेतु प्रस्तावित नीति

[परिवहन]

**3. ( *क्र. 318 ) श्री सुनील कुमार सोनी :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सुगम यातायात को लेकर क्या नीति है ? प्रदेश में विगत 1 वर्ष में सड़क दुर्घटनाओं के चलते कितनी मृत्यु हुई है? जिलेवार ब्यौरा प्रदान करें ? सड़क दुर्घटना की रोकथाम को लेकर विभाग द्वारा क्या उपाय किये गये हैं ? सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों के परिजनों को क्या मुआवजा का प्रावधान है? यदि हां तो कृपया ब्यौरा प्रदान करें ?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) :** राजधानी रायपुर में सुगम यातायात हेतु रणनीति की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। विगत 01 वर्ष में सड़क दुर्घटना में कुल 6898 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। जिलेवार **जानकारी**

**संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु उपाय की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार** है। जी हाँ मुआवजा का प्रावधान है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र-द अनुसार** है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]**

## मरवाही वनमंडल अंर्तगत गोबर खाद आपूर्ति हेतु प्रस्तुत प्रमाणकों में फर्जी हस्ताक्षर की जांच

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**4. ( *क्र. 272 ) श्री दलेश्वर साहू :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या वर्ष जनवरी, 2022 से जनवरी, 2026 तक मरवाही वनमंडल अंर्तगत गोबर खाद आपूर्ति हेतु प्रस्तुत प्रमाणकों में फर्जी हस्ताक्षर किये जाने के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त हुई है एवं क्या कोई जांच समिति गठित की गई है? यदि हॉ, तो प्रमाणक बनाने एवं भुगतान की अवधि में पदस्थ अधिकारी के नाम/पदनाम पदस्थी दिनांक सहित जानकारी देवें? **(ख)** दिनांक 17.10.2022 से 21.09.2023 तक गोबर खाद आपूर्ति हेतु प्रस्तुत प्रमाणकों के लिये किये गये भुगतान, भुगतानकर्ता, सत्यापनकर्ता, सामग्री प्राप्तकर्ता स्टाक पंजी में दर्ज दिनांक सहित जांचकर्ता के नाम/पदनाम सहित दिनांकवार जानकारी देवें?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) :(क)** मरवाही वनमण्डल अंतर्गत वर्ष जनवरी 2022 से जनवरी 2026 तक गोबर खाद आपूर्ति हेतु प्रस्तुत प्रमाणकों में फर्जी हस्ताक्षर किये जाने के संबंध में केवल 01 शिकायत प्राप्त हुई है। उक्त शिकायत की जांच हेतु जांच समिति गठित किया गया है। प्रमाणक बनाने एवं भुगतान की अवधि में पदस्थ अधिकारी के नाम/पदनाम पदस्थिति दिनांक सहित **जानकारी संलग्न "प्रपत्र" में दर्शित है । (ख)** मरवाही वनमंडल अंतर्गत दिनांक 17.10.2022 से 21.09.2023 तक गोबर खाद आपूर्ति नहीं की गई है। अतः प्रमाणकों के लिये किये गये भुगतान, भुगतानकर्ता, सत्यापनकर्ता, सामग्री प्राप्तकर्ता, स्टाकपंजी में दर्ज दिनांक सहित जांचकर्ता के नाम /पदनाम सहित दिनांकवार जानकारी दिये जाने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - चार"]**

## अरपा भैंसाझार परियोजना में अनियमितता के दोषियों पर कार्यवाही

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**5. ( *क्र. 200 ) श्री धरमलाल कौशिक :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सही है कि तारांकित प्रश्न संख्या 09 (क्रमांक 218) व अतारांकित प्रश्न संख्या 42 (क्रमांक 220), दिनांक 14 जुलाई, 2025 के उत्तर में अरपा भैंसाझार परियोजना में अनियमितता पाए जाने का उल्लेख किया गया है? इस परियोजना में किस-किस प्रकार की अनियमितता पाई गई है? इसमें कौन-कौन व किन-किन कारणों से दोषी पाए गये हैं तथा इनके विरूद्व क्या-क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं की गई तो क्यों व कब तक की जावेगी? इसमें किन-किन खसरों के संबंध में भुगतान संबंधी, असिंचित/पड़त/एक-फसली भूमि को दो-फसली बता कर किसको-कितना अधिक भुगतान किन-किन को किनके-किनके द्वारा किये जाने संबंधी एवं अन्य किस-किस प्रकार की अनियमितता किस-किस के द्वारा की गई है तथा अनियमितता एवं अनियमित भुगतान करने किन-किन अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा अनुंशसा की गई है? पदनाम व नामवार विवरण देवें? **(ख)** क्या कंडिका क अनुसार प्रश्नों के उत्तर में ईओडब्ल्यू से जांच कराए जाने हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन बताई गई है? क्या माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 12/05/2025 को जल संसाधन विभाग की बैठक में परियोजना में हुई अनियमितता की जांच हेतु ईओडब्ल्यू को प्रकरण भेजने हेतु निर्देशित किया गया? यदि हॉ तो कब भेजा गया तथा उसमें किन-किन अनियमितताओं का उल्लेख किया गया तथा ईओडब्ल्यू में पंजीकरण की अद्यतन प्रगति क्या है?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जी हां,तारांकित प्रश्न संख्या 09 (क्रमांक 218) व अतारांकित प्रश्न संख्या 42(क्रमांक 220), दिनांक 14 जुलाई 2025 के उत्तर में अरपा भैंसाझार परियोजना में अनियमितता पाए जाने का उल्लेख किया गया है। इस परियोजना में संरेखण एवं मुआवजा भुगतान में अनियमितता पाई गई है। शेषांश के संबंध में जानकारी **प्रपत्र - अ, ब, स, द** एवं **ई** में संलग्न है। **(ख)** जी हां, राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ई.ओ.डब्ल्यू.) में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 12-05-2025 को जल संसाधन विभाग की बैठक में निर्देशानुसार परियोजना में हुई अनियमितता की जांच हेतु ई.ओ.डब्ल्यू. को प्रकरण प्रेषित किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक GRNCOR/5038/2025-GAD-7 के माध्यम से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर ई.ओ.डब्ल्यू. में प्रारंभिक जांच क्रमांक 07/2025, दिनांक 16-07-2025 को पंजीबद्ध कर जांच की जा रही है। शेष जानकारी संलग्न **प्रपत्र** अनुसार है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]**

## प्रदेश के विश्वविद्यालयों में हुई भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितता के दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही

[उच्च शिक्षा]

**6. ( *क्र. 209 ) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में संचालित कौन-कौन से विश्वविद्यालयों में विगत दो वर्षों में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय पदों में हुई भर्ती प्रक्रियाओं में पात्रता मापदण्डों का उल्लंघन/अनियमितता कर भर्ती किए जाने संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई अथवा संज्ञान में आई? विश्वविद्यालयवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांश (क) अवधि में प्राप्त शिकायतों पर जांच कर क्या-क्या कार्यवाही की गई है? जांच रिपोर्ट की प्रति सहित कृत कार्यवाही की जानकारी विश्वविद्यालयवार प्रदान करें?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जी हां।
1. अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
2. शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.)
3. पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**(ख)** जांच प्रक्रियाधीन है। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.) के संबंध में शिकायतें निराधार होने के कारण प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया है, जांच रिपोर्ट **पुस्तकालय** में रखें प्रपत्र अनुसार है ।

## सारंगढ़ विधानसभा के किसानों को बिजली बिल छूट का लाभ नहीं देने के सम्बन्ध में

[ऊर्जा]

**7. ( *क्र. 417 ) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों को 5hp, 3hp तथा उससे कम हार्स पावर के सिंचाई पम्पों पर फ्लैट रेट में कितना बिजली बिल लिए जाने का प्रावधान किया गया है ? सारंगढ़ विधानसभा में इस योजना का लाभ बिजली विभाग द्वारा क्यों नहीं दिया जा रहा है? वर्ष 2025 में जनवरी, 2026 तक बिजली विभाग द्वारा कितने किसानों को दस हजार से लेकर साठ-सत्तर हजार का बिजली बिल भेजा गया है तथा कितने किसानों का पम्प विच्छेदन किया गया है ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) :** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों को 5 एच.पी., 3 एच.पी. तथा उससे कम हार्सपॉवर के सिचाई पंप कनेक्शनों पर फ्लैट रेट विकल्प चयन करने पर प्रथम पंप कनेक्शन पर रूपये 100/- प्रति एच.पी. प्रतिमाह, समान नाम पर द्वितीय पंप कनेक्शन पर रूपये 200/- प्रति एच.पी. प्रतिमाह, समान नाम

पर तृतीय या अधिक पंप कनेक्शन एवं 5 एच.पी. से अधिक विद्युत भार वाले सभी पंप कनेक्शनों हेतु रूपये 300/- प्रति एच.पी. प्रतिमाह बिजली बिल लिए जाने का प्रावधान है। सारंगढ विधानसभा क्षेत्र में इस योजना का लाभ फ्लैट रेट विकल्प का चयन करने वाले 3004 किसानों को प्राप्त हो रहा है। बिजली विभाग द्वारा किसानों को मासिक बिजली बिल रूपये 10 हजार से लेकर 60-70 हजार का बिल नहीं भेजा गया है तथापि फ्लैट रेट चयन करने वाले किसानों द्वारा विगत कई माह से मासिक बिलों का नियमित भुगतान नहीं करने के कारण 260 किसानों के बिजली बिल रूपये 10 हजार से अधिक के बकाया है, जिनमें 104 किसानों का विद्युत पंप कनेक्शन विच्छेदित किया गया है।

## निम्न श्रेणी चूना पत्थर के उपयोग हेतु भूमि पट्टा के प्राप्त आवेदन

[खनिज साधन]

**8. ( *क्र. 312 ) श्री प्रबोध मिंज :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सही है कि निम्न श्रेणी चूना पत्थर के संबंध में भारत सरकार द्वारा नई नीति बनाई गई है? यदि हां तो इससे संबंधित भारत सरकार का परिपत्र उपलब्ध करावें ? **(ख)** निम्न श्रेणी चूना पत्थर के उपयोग हेतु भूमि पट्टे पर लेने हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आवेदन लिए जा रहे हैं अथवा नहीं ? **(ग)** क्या भारत सरकार द्वारा निम्न श्रेणी चूना पत्थर के लिए बनाई गई नई नीति में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्थानीय आवश्यकता अनुरूप कोई परिवर्तन करने की योजना है ? **(घ)** चूना पत्थर, निम्न श्रेणी चूना पत्थर एवं पत्थर इन सब में क्या-क्या अंतर हैं ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जी हाँ। भारत सरकार, खान मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 10.10.2025 की प्रति **संलग्न प्रपत्र-''अ''** एवं आदेश दिनांक 13.10.2025 की प्रति **संलग्न ''प्रपत्र-''ब''** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं। **(ग)** कार्यवाही विचाराधीन है। **(घ)** चूनापत्थर का उपयोग सीमेंट एवं स्टील आधारित उद्योगो में मुख्य खनिज के रूप में किया जाता है। जबकि निम्न श्रेणी चूनापत्थर तथा साधारण पत्थर का उपयोग सामान्यतः सड़क, भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों में किया जाता है। चूनापत्थर एवं निम्न श्रेणी चूनापत्थर की रॉयल्टी 80 रूपये प्रति टन निर्धारित है जबकि साधारण पत्थर की रॉयल्टी 130 रूपये प्रति घनमीटर निर्धारित है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - छ:"]**

## महासमुंद जिले में धान खरीदी एवं उठाव

[सहकारिता]

**9. ( *क्र. 232 ) श्रीमती चातुरी नन्द :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 31 जनवरी, 2026 तक कितने धान खरीदी केंद्रों में कितनी मात्रा में धान खरीदी की गई है ? अब तक धान खरीदी केंद्रों से कितनी मात्रा में धान का उठाव कर लिया गया है ? कितनी मात्रा में उठाव शेष है ? धान खरीदी केंद्र का नाम, खरीदी गई धान की मात्रा, उठाव एवं भुगतान की गई राशि सहित जानकारी दें ? **(ख)** उपरोक्त अवधि के दौरान कितने धान खरीदी केंद्रों का भौतिक सत्यापन कराया गया है ? भौतिक सत्यापन में कितने खरीदी केंद्रों में धान की कमी और अन्य अनियमितता पाई गई है? प्राप्त अनियमिताओं पर क्या-क्या कार्रवाई की गई है ? धान खरीदी केंद्रवार पूर्ण जानकारी दें ?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** महासमुंद जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 31 जनवरी, 2026 तक कुल 182 धान खरीदी केन्द्रों में 1,00,01,871.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। दिनांक 10.02.2026 तक धान खरीदी केन्द्रों से 42,11,573.10 क्विंटल धान का उठाव कर लिया गया है, तथा 59,84,108.10 क्विंटल धान का उठाव शेष है। शेष जानकारी '**प्रपत्र**' में **संलग्न** है। **(ख)** उपरोक्त अवधि के दौरान सभी 182 धान

खरीदी केन्द्रों का भौतिक सत्यापन कराया गया है। भौतिक सत्यापन में धान खरीदी केन्द्रों में धान की कमी और अन्य अनियमितता तथा की गई कार्यवाही की जानकारी '**प्रपत्र**' में **संलग्न** है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - सात"]**

## इन्द्रावती टाइगर रिजर्व तथा कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान में कराए गए कार्य

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**10. ( *क्र. 160 ) श्री विक्रम मंडावी :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में इन्द्रावती टाइगर रिजर्व तथा कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के लिए योजनावार बजट आवंटन की राशि तथा कार्यवार कार्यो की पूर्ण, अपूर्ण तथा अप्रारंभ की स्थिति एवं व्यय/अव्यय राशि का विवरण बताएं? **(ख)** कराए गए कार्यो का सत्यापन किनके-किनके द्वारा, कब-कब किया गया और क्या पाया गया? किन वरिष्ठ अधिकारियों ने कब-कब निरीक्षण किया? **(ग)** रोपित पौधों की संख्या तथा जीवितता का प्रतिशत बताएं?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र" अनुसार है। (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र" अनुसार है । (ग)** प्रश्नांश अवधि में रोपित पौधों की संख्या निरंक है । पौधों के जीवितता प्रतिशत का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता ।

## दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्राप्त आवेदन

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**11. ( *क्र. 14 ) श्री ललित चंद्राकर :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 से जनवरी, 2026 तक नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं ? कितने प्रकरणों का निराकरण किया गया है ? कितने लंबित हैं ? वर्षवार जानकारी दें ? **(ख)** प्रश्नांक (क) अनुसार दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के कितने प्रकरण दर्ज किये गये हैं ? कितने अतिक्रमण हटाए गये हैं? लंबित प्रकरणों पर क्या कार्यवाही की जा रही है ? अतिक्रमण कब तक हटा लिये जायेंगे ? **(ग)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2023-24 से जनवरी, 2026 तक प्राकृतिक आपदा (सूखा, अतिवृष्टि, बाढ़, आगजनी आदि) से प्रभावित कितने किसानों/ग्रामवासियों को राहत राशि प्रदान की गयी है ? हितग्राहियों की ग्रामवार संख्या, वर्षवार प्रदत्त राशि की जानकारी प्रदान करें ?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) :**

| प्रश्न | उत्तर | | | |
|---|---|---|---|---|
| **(क)** | वर्ष 2023-24 | | | |
| | | प्राप्त | निराकृत | शेष |
| | नामांतरण | 1573 | 1573 | 0 |
| | बंटवारा | 139 | 139 | 0 |
| | सीमांकन | 99 | 99 | 0 |
| | योग | 1811 | 1811 | 0 |
| | वर्ष 2024-25 | | | |
| | | प्राप्त | निराकृत | शेष |
| | नामांतरण | 768 | 768 | 0 |
| | बंटवारा | 128 | 128 | 0 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | सीमांकन | 57 | 57 | 0 |
| | योग | 953 | 953 | 0 |
| | वर्ष 2025-26 | | | |
| | नामांतरण | 518 | 346 | 172 |
| | बंटवारा | 98 | 58 | 40 |
| | सीमांकन | 62 | 17 | 45 |
| | योग | 678 | 421 | 257 |
| | | | | |
| **(ख)** | शासकीय भूमि में अतिक्रमण | | | |
| | | प्राप्त | निराकृत | शेष |
| | वर्ष 2023-24 | 13 | 8 | 5 |
| | वर्ष 2024-25 | 35 | 11 | 24 |
| | वर्ष 2025-26 | 51 | 17 | 34 |
| | योग | 99 | 36 | 63 |

विधान सभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण से संबंधित कुल 99 प्रकरण प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 36 प्रकरणों पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा चुकी है । शेष 63 लंबित प्रकरणों पर छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 248 के तहत विधिवत् कार्यवाही की जा रही है ।

| | वर्ष | कुल हितग्राही | ग्राम का नाम हितग्राही संख्या | राशि | कुल राशि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **(ग)** | 1.4.2023 से 31.3.2024 | 3 | अरसनारा 3 | 39286 | 39286 | |
| | 1.4.2024से 31.3.2025 | 27 | अरसनारा 3 मोहलई 6 मालूद 3 नगपुरा 2 | 425680 48059 7650 33830 | 515219 | बाढ़ से प्रभावित |
| | 1.4.2025से जनवरी 2026 | 22 | करजामिलाई 9 झेंझरी 13 | 313140 212330 | 525470 | |

## <u>नगर पंचायत माना कैम्प को राजस्व ग्राम का दर्जा दिये जाने की योजना</u>

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**12. ( *क्र. 245 ) श्री मोतीलाल साहू :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** माना कैम्प को ग्राम पंचायत घोषित करने पश्चात सीमा क्षेत्र एवं कुल रकबा की जानकारी देवें ? **(ख)** माना कैम्प को ग्राम पंचायत से नगर पंचायत में परिवर्तित करने पश्चात नगर पंचायत सीमा क्षेत्र एवं रकबा की जानकारी देवें? **(ग)** नगर पंचायत माना कैम्प को राजस्व ग्राम का दर्जा दिये जाने के संबंध में राज्य शासन की योजना के संबंध में जानकारी देवें?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** माना कैम्प को मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) दिनांक 09 मार्च 1994 के सारणी क्र. 85 द्वारा माना-कैम्प को ग्राम पंचायत घोषित किया गया था। माना-कैम्प का रकबा दो ग्राम पंचायत टेमरी एवं बनरसी से विभक्त कर निर्मित की गई है। माना-कैम्प में शामिल कुल रकबा 380.48 हे. (ग्राम टेमरी का रकबा 32.15 हे. एवं ग्राम बनरसी का रकबा 348.33 हे. शामिल) है। **(ख)** छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) रायपुर दिनांक 12 सितम्बर 2008 द्वारा जिला रायपुर में नगर पंचायत माना-कैम्प गठित किया गया जिसमें ग्राम पंचायत माना-कैम्प की सीमा को ही नगर पंचायत की सीमा अधिसूचित किया गया है। **(ग)** नगर पंचातय माना-कैम्प को राजस्व ग्राम का दर्जा प्रदान किये जाने के संबंध में वर्तमान में राज्य शासन मेंकोई योजना प्रस्तावित नहीं है।

## राज्य में कोयला की रॉयल्टी चोरी की प्राप्त शिकायतों की जांच

[खनिज साधन]

**13. ( *क्र. 260 ) श्री भूपेश बघेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पिछले दो वर्षों में राज्य के प्रमुख कोल ब्लॉकों से प्राप्त रॉयल्टी में आए उतार-चढ़ाव का मुख्य कारण क्या है? क्या विभाग को 'ट्रांजिट पास' (e-TP) के अवैध उपयोग और सर्वर मैनिपुलेशन के माध्यम से करोड़ों की रॉयल्टी चोरी की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ, तो जाँच की स्थिति क्या है? **(ख)** कोरबा, दंतेवाड़ा और रायगढ़ जिलों में जमा DMF (जिला खनिज संस्थान न्यास) की राशि का कितना प्रतिशत 'उच्च प्राथमिकता' (शिक्षा/स्वास्थ्य) के बजाय 'अन्य कार्यों' में व्यय किया गया है? क्या केंद्र सरकार के नियमों के उल्लंघन पर किसी जिले के कलेक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है? **(ग)** वर्ष 2025 में आबंटित नवीन खनिज ब्लॉकों के लिए 'ग्राम सभा' की अनिवार्य सहमति ली गई थी? क्या यह सत्य है कि प्रभावित क्षेत्रों में जनसुनवाई के दौरान हुए विरोध के बावजूद जबरन 'भूमि अधिग्रहण' की प्रक्रिया शुरू की गई है? **(घ)** राज्य में सक्रिय 'अवैध रेत एवं मुरूम सिंडिकेट' पर लगाम लगाने हेतु विभाग ने 'माइनिंग सर्विलांस सिस्टम' (MSS) का उपयोग क्यों बंद कर दिया है? पिछले एक वर्ष में जब्त किए गए वाहनों और वसूल किए गए जुर्माने का जिलावार विवरण दें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** प्रदेश में एसईसीएल की कोयला खदानों से अपेक्षाकृत कम प्रेषण तथा निजी/व्यवसायिक कोयला खदान हेतु भारत सरकार द्वारा अधिसूचित नेशनल कोल इन्डेक्स में गिरावट के कारण रॉयल्टी में उतार-चढ़ाव हुआ है। ट्रांजिट पास (e-TP) के अवैध उपयोग और सर्वर मैनिपुलेशन के माध्यम से रॉयल्टी चोरी की कोई भी शिकायतें प्राप्त नही हुई है। अतः शेष प्रश्न उद्भूत नही होता है। **(ख)** कोरबा, दंतेवाड़ा और रायगढ़ जिलों में उच्च प्राथमिकता अंतर्गत शिक्षा एवं स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य कार्यो में व्यय के प्रतिशत की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''अ''** अनुसार है। जी नही। केन्द्र सरकार के DMF के नियमों के उल्लंघन किये जाने के आधार पर किसी जिले के कलेक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी नही किया गया है। अतः शेष प्रश्न उद्भूत नही होता है। **(ग)** मुख्य खनिजों के ब्लॉकों का आबंटन के लिए 'ग्राम सभा' की सहमति अनिवार्य नहीं है। जी नहीं, वर्ष 2025 में ई-नीलामी के माध्यम से आबंटित मुख्य खनिज ब्लॉकों में पर्यावरण स्वीकृति हेतु जन सुनवाई नहीं कराई गई है। अतः भूमि अधिग्रहण किये जाने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।**(घ)** विभाग द्वारा गौण खनिज रेत एवं मुरुम में माइनिंग सर्विलांस सिस्टम (MSS) लागू नही किया गया है। अतः इसके उपयोग को बंद किये जाने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 तक खनिज रेत एवं मुरूम के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में जप्त किये गये वाहनों एवं वसूल की गई समझौता राशि की जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''ब''** अनुसार है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]**

## राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य एवं वर्तमान स्थिति

[ऊर्जा]

**14. ( *क्र. 264 ) श्रीमती भावना बोहरा :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य क्या है और अब तक कितनी क्षमता स्थापित हुई? **(ख)** सरकारी भवनों/शिक्षण संस्थानों/पंचायतों पर रूफटॉप सोलर की स्थिति क्या है? **(ग)** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में अब तक कितने उपभोक्ता जुड़े हैं और आगामी 3 वर्षों में कितने उपभोक्ता जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित है?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु सकल विद्युत खपत का 35.01 प्रतिशत का लक्ष्य नवीकरणीय ऊर्जा हेतु निर्धारित किया गया है। राज्य में अद्यतन 2994.27 मेगावाट क्षमता स्थापित है।

**(ख)** सरकारी भवनो/शिक्षण संस्थानो/पंचायतो पर स्थापित रूफटॉप सोलर एवं उनकी स्थिति निम्नानुसार हैः-

| क्रमांक | विवरण | क्रियाशील | अक्रियाशील | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ऑनग्रिड | 519 | 17 | 536 |
| 02 | ऑफग्रिड | 2196 | 2869 | 5065 |
| कुल | | 2715 | 2886 | 5601 |

**(ग)** प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत अद्यतन 31,049 उपभोक्ताओं के द्वारा सोलर रूफटॉप स्थापित किया गया है तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 सहित आगामी 2026-27 तक राज्य का लक्ष्य 5 लाख निर्धारित है। उक्त योजना हेतु जारी दिशानिर्देश के तहत योजना 31 मार्च 2027 तक के लिये है।

## <u>विधानसभा क्षेत्र बस्तर में स्थापित सोलर संसाधनों का रखरखाव</u>

[ऊर्जा]

**15. ( *क्र. 288 ) श्री बघेल लखेश्वर :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र बस्तर में विभाग के द्वारा स्थापित सोलर संसाधन (डॅयूल पंप, हाईमास्ट, सोलर स्ट्रीट लाईट एवं अन्य) की संख्यात्मक जानकारी सहित स्थापना वर्ष एवं इसके लिए स्वीकृत एवं व्यय राशि बतावें? **(ख)** इनके रखरखाव के लिए क्या कोई सेवा शर्तें एजेंसी के लिए निर्धारित थी? यदि हां तो स्पष्ट करें ? **(ग)** अद्यतन स्थिति में स्थापित सोलर संसाधनों में से संचालित, मरम्मत योग्य व मरम्मत योग्य नहीं (पूर्णतया खराब) मशीनों की संख्यात्मक जानकारी देवें? **(घ)** चालू वर्ष में कितने संसाधनों का सुधार किया गया तथा कितने शेष हैं?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** विधानसभा क्षेत्र बस्तर में विभाग के द्वारा स्थापित सौर संयंत्र (सोलर डॅयूल पंप, सोलर हाईमास्ट, सोलर स्ट्रीट लाईट एवं अन्य) की संख्यात्मक जानकारी सहित स्थापना वर्ष एवं इसके लिए स्वीकृत एवं व्यय राशि की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** सौर संयंत्रों का 05 वर्षो तक रखरखाव निविदा की शर्तो के अनुसार स्थापनाकर्ता इकाई द्वारा किया जाता है। उक्त अवधि में बंद अथवा खराब उपकरणों को इकाई द्वारा 07 दिवसों के भीतर सुधार कार्य किये जाने का प्रावधान है। इकाई द्वारा स-समय सुधार नही किये जाने की स्थिति मे स्थापनाकर्ता इकाईयों की क्रेडा मे जमा सुरक्षा निधि से कटौती कर क्रेडा द्वारा सुधार कार्य करवाया जाता है। **(ग)** अद्यतन स्थिति में स्थापित सौर संयंत्रों में से संचालित, मरम्मत योग्य व मरम्मत योग्य नहीं (पूर्णतया खराब) संयंत्रों की संख्यात्मक जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(घ)** वित्तीय वर्ष 2025-26 मे कुल 54 नग सौर संयंत्रों का सुधार कार्य किया गया है तथा 46 सौर संयंत्रों का सुधार कार्य शेष है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]**

## <u>वन परिक्षेत्र बलौदा के अंतर्गत पौधों का क्षतिपूर्ति सिध्द मिश्रित वृक्षारोपण का भौतिक सत्यापन</u>

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**16. ( *क्र. 95 ) श्री बालेश्वर साहू :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर - चांपा जिले के वन परिक्षेत्र बलौदा के अंतर्गत ग्राम बोकररेल में प्रकाश इंडस्ट्रीज, चांपा के नाम से राज्य कैम्पा मद से स्वीकृत दर्शाए गए "पौधों का क्षतिपूर्ति सिध्द मिश्रित वृक्षारोपण" की जानकारी खसरा नंबर, रकबा नंबर और पौधों की संख्या एवं राशि सहित प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार स्वीकृत दर्शायी गई वृक्षारोपण का भौतिक सत्यापन एवं भुगतान की अनुशंसा कब - कब, किस - किस अधिकारी द्वारा की गई है?

कृपया जानकारी दें ? **(ग)** क्या यह सच है कि प्रश्नांक "क" के अनुसार स्वीकृत दर्शाए गए वृक्षारोपण वर्तमान में भौतिक रूप से अस्तित्व में नहीं हैं ? यदि हां तो क्या शासन इसकी जांच कराकर उचित कार्यवाही करेंगे? कृपया जानकारी दें ?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** जांजगीर-चांपा जिले के वन परिक्षेत्र बलौदा के अंतर्गत ग्राम बोकररेल में प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड चांपा के प्रकरण में राज्य कैम्पा मद से स्वीकृत क्षतिपूर्ति मिश्रित वृक्षारोपण की जानकारी खसरा नंबर, रकबा, पौधों की संख्या एवं राशि **सहित संलग्न ''प्रपत्र'' में दर्शित है।(ख)** प्रश्नांश "क" में उल्लेखित स्थल पर वृक्षारोपण के पूर्व की क्षेत्र तैयार कार्य के भौतिक सत्यापन एवं भुगतान की अनुशंसा की जानकारी निम्नानुसार है:-

| भौतिक सत्यापन | | भुगतान की अनुशंसा | |
|---|---|---|---|
| अधिकारी का नाम | तिथि | अधिकारी का नाम | तिथि |
| श्री होरेश चन्द्र, उपवनमण्डलाधिकारी | 21/11/2025 | श्री सुखदेव प्रसाद राठिया, परिक्षेत्राधिकारी | 20/11/2025 |
| श्री होरेश चन्द्र, उपवनमण्डलाधिकारी | 02/12/2025 | श्री सुखदेव प्रसाद राठिया, परिक्षेत्राधिकारी | 30/11/2025 |
| श्री होरेश चन्द्र, उपवनमण्डलाधिकारी | 29/12/2025 | श्री सुखदेव प्रसाद राठिया, परिक्षेत्राधिकारी | 10/12/2025 |

**(ग)** प्रश्नांश "क" के अनुसार स्वीकृत दर्शाये गये स्थल में क्षेत्र तैयारी का कार्य कराया जा रहा है, जिसमें वर्षा ऋतु 2026 में वृक्षारोपण किया जावेगा, अतः वृक्षारोपण के अस्तित्व में नहीं होने के संबंध में जाँच कराने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता ।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - दस"]**

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर मुख्यालय में लंबे समय से पदस्थ अधिकारी / कर्मचारी

[सहकारिता]

**17. ( *क्र. 301 ) श्री जनक ध्रुव :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- छत्तीसगढ़ शासन बैंक कर्मचारी सेवा नियम में उल्लेखित विवरणों के अनुसार बैंक कर्मी को एक ही स्थान पर कितने वर्षों तक रखा जा सकता है? जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर मुख्यालय में कितने बैंक कर्मी निर्धारित अवधि, अवधि से अधिक समय से कार्यरत है? जानकारी देवें? क्या इस पर नाबार्ड एवं रिजर्व बैंक, पंजीयक, सहकारी संस्थाएं द्वारा भी ऐसे बैंक कर्मियों की पदस्थी पर आपत्ति ली गई है? यदि ऐसे बैंक कर्मी मुख्यालय में पदस्थ है तो इनका स्थानांतरण कब तक कर लिया जाएगा?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) :** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी सेवानियम के अनुसार बैंक कर्मचारी को एक ही स्थान पर 05 वर्षों तक रखा जा सकता है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर मुख्यालय में 50 बैंक कर्मचारी निर्धारित अवधि से अधिक समय से कार्यरत हैं, जानकारी '**प्रपत्र**' में संलग्न है। नाबार्ड एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा कर्मचारियों के आवधिक रोटेशन के संबंध में सुझाव/निर्देश दिए गए हैं। बैंक द्वारा प्रशासनिक कार्य व्यवस्था, कार्यानुभव एवं आवश्यकता के आधार पर कर्मचारियों का स्थानांतरण समय-समय पर किया जाता है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]**

## जिला महासमुंद अंतर्गत तहसील बसना में शासकीय भूमि में कब्जा की शिकायत पर कार्यवाही

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**18. ( *क्र. 319 ) डॉ. सम्पत अग्रवाल :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या बसना तहसील के बसना नगर पंचायत अंतर्गत साईं विहार कालोनी के बिल्डरों के खिलाफ शासकीय भूमि में कब्जे की कोई शिकायत प्राप्त हुई है? अगर हाँ तो बिल्डरों पर क्या कार्यवाही की गई है? अगर नहीं तो क्यों? कारण सहित जानकारी देवें? **(ख)** बिल्डरों के द्वारा कितनी जमीन साईं विहार कालोनी हेतु क्रय की गई थी, जिसमें से कितनी जमीन को विक्रय कर दिया गया है व कितनी जमीन शेष है? विवरण सहित जानकारी देवें?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जिला महासमुंद अंतर्गत बसना तहसील के बसना नगर के सांई विहार स्थित शासकीय भूमि का कूटरचना कर विक्रय किये जाने के संबंध में आवेदक अध्यक्ष नरसिंह शिक्षा समिति बसना तहसील बसना जिला महासमुंद द्वारा प्रस्तुत शिकायत की जांच उपरांत सांई विहार कॉलोनी के बिल्डरों के खिलाफ शासकीय भूमि की कूटरचना कर विक्रय किए जाने के कारण संबंधित बिल्डरों के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज किया गया है। **(ख)** बिल्डरों के द्वारा कुल 5.745 हेक्टेयर जमीन सांई विहार कॉलोनी हेतु क्रय की गई है जिसमें से 3.907 हेक्टेयर जमीन को विक्रय कर दिया गया है, 1.838 हेक्टेयर जमीन शेष बचती है।

## छत्तीसगढ़ के शासकीय महाविद्यालयों में अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति

[उच्च शिक्षा]

**19. ( *क्र. 222 ) श्री द्वारिकाधीश यादव :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025–2026 में छत्तीसगढ़ के शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि व्याख्याता/प्राध्यापकों की जिलावार संख्या कितनी है? साथ ही, उनमें से छत्तीसगढ़ के मूल निवासी एवं अन्य राज्यों के निवासी अतिथि व्याख्याता/प्राध्यापकों की संख्या अलग-अलग बतायें? **(ख)** क्या छत्तीसगढ़ के शासकीय महाविद्यालयों में अतिथि व्याख्याता/प्राध्यापक की नियुक्ति हेतु मूल निवासी होने का कोई नियम/प्रावधान है? यदि हाँ, तो क्या उसका पालन किया गया है? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं? **(ग)** प्रश्न **(क)** में उल्लेखित अतिथि व्याख्याता/प्राध्यापकों के वेतन भुगतान में अनियमितता के क्या कारण हैं? क्या वेतन वृद्धि एवं नियमित वेतन भुगतान सुनिश्चित करने हेतु शासन की कोई कार्ययोजना है? यदि हाँ, तो उसका विवरण बतायें? **(घ)** क्या यह सत्य है कि प्रदेश में उच्च योग्यता सहित स्नातकोत्तर अभ्यर्थियों के स्थान पर केवल स्नातकोत्तर (बिना अन्य उच्च योग्यता) तथा अन्य प्रदेशों के निवासी अभ्यर्थियों की नियुक्तियाँ की गई हैं? यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं तथा इस पर क्या कार्यवाही की जाएगी?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं। प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]**

## सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में राजस्व अभिलेख में दर्ज खेल मैदान

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**20. ( *क्र. 176 ) श्री रामकुमार टोप्पो :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कितनी ग्राम पंचायतों में खेल मैदान हेतु शासकीय भूमि राजस्व अभिलेखों में खेल मैदान के रूप में दर्ज की गई हैं ? यदि दर्ज हैं तो पंचायतवार, खसरा नंबर एवं क्षेत्रफल सहित सूची प्रदान करें ? यदि दर्ज नहीं हैं तो अब तक क्यों दर्ज नहीं की गयी है ? **(ख)** प्रश्नांक (क) अनुसार खेल मैदान

विकसित किए जाने हेतु अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? जहाँ खेल मैदान आरक्षित हैं वहां समतलीकरण एवं अन्य कार्य के लिए कितनी राशि जारी की गई है ? वर्ष जनवरी, 2021 से दिसंबर, 2025 तक की स्थिति में जानकारी कार्य पूर्णता/अपूर्णता सहित ब्लॉकवार, ग्राम पंचायतवार प्रदान करें?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जिला सरगुजा के सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के राजस्व अभिलेखों में खेल मैदान के लिए भूमि सुरक्षित/दर्ज की गई है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]**

## जिला राजनांदगाव व के.सी.जी. में संचालित खदानों की लीज

[खनिज साधन]

**21. ( *क्र. 154 ) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जिला राजनांदगाँव व केसीजी में संचालित खदानों पर कितने हेक्टेयर जमीन पर लीज प्राप्त है और कितने पर बिना अनुमति के अधिक खुदाई करने की शिकायत वर्ष 2025 से जनवरी, 2026 तक मिली है या बिना लीज के कार्य प्रारभ किए हैं? क्या अवैध लाईम स्टोन खनिज खनन एवं क्रेशर मशीन लगाने की शिकायत हुई थी? तो क्या-क्या कार्यवाही की गई? विभाग को कितनी राजस्व राशि प्राप्त हुई? नियमावली का पालन नहीं किया गया हो, 2023 से आज पर्यंत ऐसे कितने मामले हैं? वर्षवार जानकारी देवें ? **(ख)** मुरुम खनन, चूना पत्थर खनन पर अवैध खनन की कितनी शिकायतें विभाग को प्राप्त हुई? कितनी जगहों पर अवैध ब्लास्टिंग की शिकायत प्राप्त हुई और इन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ? अवैध मुरुम खनन पर विभाग को कितने राजस्व की प्राप्ति हुई ? क्या इन अवैध कार्यवाही की जांच की गई? वर्षवार पूर्ण जानकारी देवें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जिला राजनांदगाँव व खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में लीज प्राप्त कर संचालित खदानों का कुल रकबा 229.267 हेक्टेयर है। बिना अनुमति के अधिक खुदाई या बिना लीज के अवैध लाईम-स्टोन खनिज के खुदाई करने की वर्ष 2025 से जनवरी 2026 तक 01 शिकायत प्राप्त हुई है। जिसमें सीमांकन एवं जांच कार्यवाही प्रचलित है। अवैध क्रेशर मशीन लगाने की शिकायत निरंक है। अतः शेष प्रश्न उद्भुत नहीं होता है। खदानों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के निहित शर्तों का पालन नहीं किये जाने के कारण वर्ष 2023 से 31 जनवरी 2026 तक कुल 53 प्रकरण दर्ज है। वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांकित जिलों में खनिज मुरूम एवं चूनापत्थर के अवैध खनन की कुल 11 शिकायतें विभाग को प्राप्त हुई हैं। जिला राजनांदगाँव में 09 जगहों पर अवैध ब्लास्टिंग की शिकायत प्राप्त हुई है, जिनमें कार्यवाही हेतु खान सुरक्षा निदेशालय, बिलासपुर को लेख किया गया है। अवैध मुरूम खनन पर विभाग द्वारा की गई जांच/कार्यवाही से प्राप्त समझौता राशि की जिलेवार-वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]**

## सिहावा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत जन प्रतिनिधियों द्वारा की गई जन शिकायतों का निराकरण

[जन शिकायत निवारण]

**22. ( *क्र. 81 ) श्रीमती अंबिका मरकाम :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री/जिला कलेक्टर को वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं जनवरी, 2026 तक कितने जन प्रतिनिधियों द्वारा जन शिकायत के संबंध में कितने आवेदन प्राप्त हुए? **(ख)** प्राप्त आवेदनों में कितनों का निराकरण किया गया तथा कितने आवेदनों का निराकरण शेष है ? यदि निराकरण नहीं हुआ है तो कब तक निराकरण हो पाएगा ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री को वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं जनवरी, 2026 तक 59 जन प्रतिनिधियों द्वारा जन शिकायत के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए तथा कलेक्टर, जिला धमतरी को 38 जन प्रतिनिधियों से 72 आवेदन प्राप्त हुए। **(ख)** प्राप्त 131 आवेदनों में से 52 का निराकरण किया गया है तथा 79 आवेदनों का निराकरण शेष है। समय-सीमा बताया जाना संभवन नहीं है।

## जिला-दन्तेवाड़ा में जिला खनिज संस्थान न्यास मद में प्राप्त आबंटन एवं स्वीकृत कार्य

[खनिज साधन]

**23. ( *क्र. 57 ) श्री चैतराम अटामी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-दन्तेवाड़ा में डी.एम.एफ. मद में वित्तीय वर्ष 2023-24 से दिसम्बर, 2025 तक कितनी राशि प्राप्त हुई है? **(ख)** वित्तीय वर्ष 2023-24 से दिसम्बर, 2025 तक प्राप्त राशि से क्या-क्या कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी है ? कार्यवार भौतिक/वित्तीय प्रगति क्या है ? **(ग)** उक्त व्यय में से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं आजीविका जैसे प्राथमिक क्षेत्रों पर कितना प्रतिशत खर्च किया गया है ? **(घ)** डी.एम.एफ. मद अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में ग्राम सभाओं की सहमति कितने मामलों में ली गई है ? (ड.) डी.एम.एफ. मद के उपयोग में अनियमितता अथवा दिशा-निर्देशों के उल्लंघन पाए जाने पर किन अधिकारियों एवं एजेंसियों पर क्या कार्रवाई की गई है?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जिला-दंतेवाड़ा में डी.एम.एफ. मद में वित्तीय वर्ष 2023-24 से दिसम्बर, 2025 तक न्यास निधि में 524 करोड़ 17 लाख 80 हजार रूपये प्राप्त हुआ है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''अ''** अनुसार है। **(ग)** शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं आजीविका जैसे प्राथमिक क्षेत्रों पर खर्च की जानकारी (प्रतिशत में) **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''ब''** अनुसार है। **(घ)** जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत स्वीकृति हेतु ग्राम प्रस्ताव/ग्राम पंचायत कार्यवाही विवरण/जिओ टैग फोटो/कार्य एजेन्सी के मांग पत्र प्रेषित करने एवं शासी परिषद में अनुमोदन उपरांत अनुमोदित किया जाता है। (ड.) डी.एम.एफ. मद के उपयोग में अनियमितता अथवा शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के उल्लंघन संबंधी कोई प्रकरण नहीं पाया गया। अतः कार्यवाही किये जाने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

## वन परिक्षेत्र कोरबा में राज्य से बाहर के लोगों के द्वारा अवैध रूप से वन भूमि में अतिक्रमण

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**24. ( *क्र. 6 ) श्री फूलसिंह राठिया :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत क्या सैकड़ों एकड़ वन भूमि में राज्य से बाहर के लोगों के द्वारा अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा किया गया है ? यदि हॉ तो उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी है ? मसाती गांव के नाम से अतिक्रमण व अवैध कब्जा किस-किस गांव में कितनों के द्वारा कितने क्षेत्रफल व किस-किस बीट में किया गया है? **(ख)** क्या यह सत्य है कि अतिक्रमण व अवैध कब्जाधारकों के द्वारा अहाता निर्माण कर मूल्यवान वृक्षों को काट दिया गया है और कई प्रकार के अस्थाई निर्माण भी कर लिये गये हैं ? यदि हॉ तो दोषियों एवं अवैध कब्जाधारकों के ऊपर क्या-क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं की गयी है तो क्यों ?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** रामपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एक मात्र वनमंडल कोरबा वनमंडल के वनभूमि में राज्य के बाहर के लोगों के द्वारा अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा किये जाने का कोई प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है **।** अतः कार्यवाही का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। मसाती गांव के नाम पर अतिक्रमण व अवैध कब्जा के कुल 04 प्रकरण रकबा 9.566 हेक्ट. मसाती ग्राम दरगा, करूमौहा, आछीमार, मातमार में दर्ज किये गये है जिसमें से 01 प्रकरण रकबा 1.000 हेक्ट. क्षेत्र में बेदखली की कार्यवाही की गयी है। शेष 02 प्रकरण सक्षम न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा में विचाराधीन होने के कारण प्रक्रियाधीन है एवं 01 प्रकरण

में नियमानुसार बेदखली की कार्यवाही की जा रही है। विस्तृत जानकारी **संलग्न प्रपत्र** में दर्शित है । **(ख)** कोरबा वनमंडल के कोरबा परिक्षेत्र ग्राम मातमार, मसाहती ग्राम में आशिष सुल्तानिया वल्द स्व.राम सुल्तानिया साकिन कोरबा द्वारा मसाहती गांव मातमार के वनभूमि कक्ष क्रमांक ओ.ए.1310 में अवैध अतिक्रमण कर आहता निर्माण एवं 02 नग भवन निर्माण किया गया है, जिसमें वन अपराध प्रकरण क्रमांक 16121/04 दिनांक 24/03/2025 दर्ज कर निम्नानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए रोक लगाया गया है । उक्त ग्राम मसाहती होने के कारण प्रकरण न्यायालय तहसीलदार, तहसील भैसमा के द्वारा जांच कर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोरबा के समक्ष जांच रिपोर्ट सौंपा गया । उक्त प्रकरण प्रक्रियाधीन है । उक्त अतिक्रमण में किसी प्रकार के मूल्यवांन प्रजाति के वृक्षों की कटाई नहीं की गई है । इसके अतिरिक्त और किसी भी प्रकार का अस्थाई निर्माण कार्य नहीं किया गया है । वनभूमि में कब्जा किए जाने की सूचना प्राप्त होते ही विभाग के द्वारा दोषियों के विरूद्ध नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर बेदखली की कार्यवाही की जाती है ।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]**

## जल संसाधन संभाग कोरबा की जल उपभोक्ता संस्थाओं को AR/SR मद के तहत प्राप्त राशि

[जल संसाधन]

**25. ( *क्र. 114 ) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या जल संसाधन संभाग कोरबा वर्ष 2022 से 30 जनवरी, 2026 तक 23 जल उपभोक्ता संस्थाओं को संस्थागत कार्यों के रखरखाव, मरम्मत हेतु AR/SR मद के तहत राशि प्राप्त हुई है? AR/SR मद के तहत किन-किन संस्था में किन-किन कार्यों के रखरखाव, मरम्मत के लिए कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई है? जानकारी संस्थागत एवं वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांक "क" की प्राप्त राशि में से पाली तानाखार विधान सभा क्षेत्र की किन-किन संस्थाओं के किन-किन कार्यों में कितनी-कितनी राशि AR/SR मद से स्वीकृत की गयी है? रखरखाव,मरम्मत हेतु स्वीकृत कार्यों का नाम कार्यस्थल, कार्य एजेंसी कार्यों की भौतिक अद्यतन पूर्ण अपूर्ण सहित वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? यदि कार्य स्वीकृत नहीं किया गया है तो कारण बतावें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जी हाँ, जल संसाधन संभाग कोरबा वर्ष 2022 से 30 जनवरी, 2026 तक 23 जल उपभोक्ता संस्थाओं अंतर्गत योजना का रखरखाव मरम्मत हेतु AR/SR मद के तहत् संथावार एवं वर्षवार प्राप्त राशि का **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश "क" की प्राप्त राशि में से पाली तानाखार विधान सभा क्षेत्र की कुल 13 संस्थाओं के अंतर्गत AR/SR मद से किये गये कार्यों, स्वीकृत राशि कार्यवार एवं वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।** रखरखाव, मरम्मत के स्वीकृत कार्य हेतु एजेंसी जल उपभोक्ता संथा ही होती है, पृथक से कोई एजेंसी कार्य नहीं करती है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]**

## भाग-2

# नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

### बिलासपुर जिले में कोयला भण्डारण हेतु प्रदत्त अनुमति

[खनिज साधन]

**1. ( क्र. 3 ) श्री अटल श्रीवास्तव :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलासपुर जिले में जनवरी, 2023 से दिसंबर, 2025 तक कुल कितने और कौन-कौन से स्थानों में कोयला भण्डारण हेतु अनुमति प्रदान की गयी है? कोयला भण्डारणकर्ता का नाम एवं पता क्या है ? **(ख)** उक्त कोयला भंडारण की अनुमति कब-कब प्रदान की गयी है और अनुमति प्रदानकर्ता अधिकारी कौन हैं ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** एवं **(ख)** की जानकारी **संलग्न "प्रपत्र"** अनुसार है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]**

### मुंगेली जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना हेतु प्राप्त आवेदन

[ऊर्जा]

**2. ( क्र. 7 ) श्री पुन्नूलाल मोहले :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला मुंगेली में जनवरी, 2024 से जनवरी, 2026 तक प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत् सोलर प्लांट स्थापित कराने हेतु कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए ? कितने स्थापित किये गये ? निर्धारित लक्ष्य कितना था? कितने प्रकरण लंबित हैं ? श्रेणीवार, वर्षवार, संख्यात्मक जानकारी प्रदान करें ? उक्त अवधि में स्थापित किये गये सोलर प्लांट के कितने हितग्राहियों को सब्सिडी की राशि दी जा चुकी है व कितने शेष हैं ? विकासखण्डवार ग्रामवार बतावें? **(ख)** प्रश्नांक **(क)** अनुसार केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई सब्सिडी की जानकारी पृथक-पृथक ग्रामवार प्रदान करें ? **(ग)** प्रश्नांकित अवधि में कितने कृषकों द्वारा अस्थाई एवं स्थाई विद्युत पंप कनेक्शन हेतु आवेदन किया गया है ? आवेदन के विरुध्द कितने कनेक्शन प्रदान किये गये तथा कितने शेष हैं? शेष आवेदकों को कब तक कनेक्शन प्रदान किया जावेगा ? ग्रामवार समयावधि सहित बतावें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जिला मुंगेली में जनवरी, 2024 से जनवरी, 2026 तक प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत् सोलर प्लांट स्थापित करने हेतु भारत सरकार के पोर्टल में 13,546 आवेदन ऑनलाईन पंजीकृत हुए, जिनमें 153 आवेदकों के यहां सोलर प्लांट स्थापित हुए। 13,393 आवेदन लंबित है, जिसमें श्रेणीवार वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ'** अनुसार है। उक्त अवधि में स्थापित किये गये सोलर प्लांट के 69 हितग्राहियों को केन्द्र शासन की सब्सिडी की राशि दी जा चुकी है एवं 84 हितग्राहियों को प्राप्त होना शेष है। राज्य सरकार द्वारा 65 हितग्राहियों को सब्सिडी की राशि दी जा चुकी है एवं 4 हितग्राहियों को प्राप्त होना शेष है। विकासखंडवार ग्रामवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "ब"** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश "क" अनुसार केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई सब्सिडी की जानकारी ग्रामवार **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "स"** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांकित अवधि में 4682 कृषकों द्वारा 2176 नग अस्थायी कनेक्शन एवं 2506 नग स्थायी पंप कनेक्शन हेतु आवेदन किया गया है, 2176 नग अस्थायी कनेक्शन के आवेदन के विरूद्ध सभी 2176 नग अस्थायी पंप प्रदान कर दिये गये है एवं 2506 नग स्थायी पंप कनेक्शन के आवेदन के विरूद्ध 222 नग स्थायी पंप कनेक्शन प्रदान किया गया है तथा 2284 नग शेष है। शेष में से 578

पंप के विद्युतीकरण का लक्ष्य वर्ष 2025-26 में शामिल है जिनके कार्य शीघ्र पूर्ण किये जाने केे प्रयास हैं एवं शेष 1706 स्थायी पंप आवेदनों का कार्य पूर्ण करने की निश्चित समयावधि दिया जाना संभव नहीं है। जानकारी ग्रामवार, वर्षवार सूची **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "द"** अनुसार है।

## अभियंताओं को नियम विरूद्ध प्रदान किये गये लाभ की शिकायतें एवं कार्यवाही

[जल संसाधन]

**3. ( क्र. 8 ) श्री अनुज शर्मा :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या विगत दो वर्षों में विभाग मे बी.ई.अंशकालीन पाठ्यक्रम एवं इग्नू एवं ए.एम.आई.ई.द्वारा संचालित बी.टेक डिग्री-धारक उप अभियंताओं को नियम विरूद्ध पदोन्नति/वेतनवृद्धि प्रदान किये जाने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई हैं ?यदि हां तो क्या और कब ? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार क्या इन शिकायतों पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही विभाग के द्वारा की गई ? यदि हां तो क्या? **(ग)** प्रश्नांक 'क' अनुसार ऐसे किन-किन डिग्रीधारकों उपअभियंताओं को सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नत किये जाने संबंधी एवं वेतनवृद्धि प्रदान किये जाने संबंधी कार्यवाही विभाग द्वारा जनवरी, 2026 तक की गयी है ? **(घ)** प्रश्नांक 'क' अनुसार गैर मान्यताप्राप्त संस्थान से प्राप्त डिग्रीधारक अभियंताओं को नियम विरूद्ध प्रदान किये गये लाभ की रिकवरी के लिये विभाग द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही की जा रही है? यदि हां तो क्या ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जी नहीं, विगत दो वर्षों में विभाग में बी.ई. अंशकालीन पाठ्यक्रम एवं इग्नू एवं ए.एम.आई.ई. द्वारा संचालित बी.टेक डिग्री धारक उप अभियंताओं को नियम विरुद्ध पदोन्नति/वेतनवृद्धि प्रदान किये जाने संबंधी किसी प्रकार की शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है। **(ख)** उत्तर ''क'' के परिप्रेक्ष्य में जानकारी निरंक समझी जावे। **(ग)** प्रश्नांक ''क'' के उपरोक्त उत्तर के परिप्रेक्ष्य में जानकारी निरंक है। **(घ)** राजस्थान एवं पंजाब राज्यों के संस्थानों से प्राप्त डिग्रियों को ए.आई.सी.टी.ई. के द्वारा अमान्य किया गया था, किन्तु माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के प्रकरण क्रमांक 16 एससी 1995/2019 के द्वारा पारित निर्णय के अनुसार दिनांक 31.05.2013 के द्वारा गैर मान्यता प्राप्त संस्थानों के प्राप्त डिग्रियों को मान्य करते हुये आदेश पारित किया गया है। अतः किसी प्रकार की कार्यवाही का प्रश्न नहीं होता है।

## धरसींवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मांढर एवं ग्राम पंचायत छपोरा अंतर्गत अवैध प्लाटिंग

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**4. ( क्र. 9 ) श्री अनुज शर्मा :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या विगत दो वर्षों में धरसींवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मांढर एवं ग्राम पंचायत छपोरा अंतर्गत भूमि खसरा नंबर 994/2,995,997/2,999/3,999/4, 999/5, 999/6, 999/7, 999/8, 999/9,1000,1001,1005/2 कुल रकबा 3.838 हेक्टेयर भूमि में अवैध प्लाटिंग किये जाने संबंधी किसी प्रकार की शिकायत विभाग को प्राप्त हुई है ? यदि हां तो क्या और इस क्या कार्यवाही की गई? **(ख)**प्रश्नांक 'क' अनुसार शिकायत प्राप्ति दिनांक के बाद से इन खसरा नंबर संबंधी जमीनों अथवा इन पंचायत अंतर्गत भूमियों में किसी प्रकार की पंजीयन/रजिस्ट्री की गई है ? यदि हां तो किनकी और किसके द्वारा ? **(ग)**प्रश्नांक 'क' अनुसार अवैध प्लाटिंग किये जाने एवं रेरा से बिना पंजीयन के किनके द्वारा इस प्रकार से कार्यो का संपादन किया जा रहा है ?विभाग द्वारा ऐसे जमीन दलालों के विरूद्व किस प्रकार की कार्यवाही की जा रही है?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जी हां।ग्राम पंचायत मांढर द्वारा प्राथमिक शाला भवन के सामने हो रहे अवैध प्लॉटिंग की शिकायत तहसीलदार धरसींवा को दिनांक 02.07.2025 को की गई। तहसीलदार धरसींवा द्वारा ग्राम मांढर प0ह0नं0 22 तहसील धरसींवा की भूमि खसरा नंबर 994/2, 995, 997/2, 999/3,

999/4, 999/5, 999/6, 999/7, 999/8, 999/9, 1000, 1005/2 कुल रकबा 3.838 हे. भूमि रघुकुल रियल्टीज द्वारा भागीदार कमलकुमार कलवानी पिता गुरमुखदास कलवानी निवासी न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर के नाम से धारित है। भूमि स्वामी द्वारा मेड़ हटाकर भूमि समतल तथा दीवाल खड़ा कर अवैध प्लांटिग किये जाने के संबंध में नोटिस जारी किया गया है।ग्राम छपोरा प0ह0नं0 13 तहसील धरसींवा के भूमि खसरा नंबर 249/3 रकबा 0.9322 हे. खसरा नंबर 249/2 रकबा 0.144 हे भूमि पर भूमिस्वामी श्री विकास नाहटा पिता श्री कांतिलाल नाहटा पता-भैरव सोसायटी रायपुर द्वारा अवैध प्लांटिग किये जाने के कारण नोटिस जारी कर जवाब प्राप्त किया गया है। उक्त दोनों प्रकरणों में अवैध प्लांटिगकर्ता के विरूद्ध सक्षम प्राधिकारी द्वारा छ0ग0 ग्राम पंचायत (कालोनाईजर के रजिस्ट्रीकरण निर्बधन तथा शर्ते) नियम 1999 की धारा - 61 ''क'' से 61 ''छ'' के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। **(ख)** जी हां। दिनांक 02.07.2025 के बादप्रश्नांश ''क''के उत्तर में दिये खसरों में केवल एक खसरा में पंजीयन/रजिस्ट्री होना पाया गया है। खसरा क्रमांक 997/2 रकबा 0.397 हे0 सिंचित भूमि मौजा मांढ़र प0ह0न0 22 तहसील धरसीवा जिला रायपुर विक्रेता रघुवर रियाल्टी द्वारा भागीदार कमलकुमार कलवानी पिता श्री गुरूमुखदास कलवानी न्यू राजेन्द्र नगर जिला रायपुर आधार नं 544973838758 पैन नंबर AHPPK7509N अभिप्रमाणित मु0आ0 मानिक सिंह यादव पिता श्री ज्ञान सिंह यादव निवासी-प्रेमनगर मोवा विधानसभा रोड रायपुर छ0ग0; क्रेता-श्री रवि बजाज पिता श्री राजेन्द्र बजाज निवासी शंकर नगर रायपुर आधार नंबर 6535645254 पैन नंबर द्वारा पंजीयन आईडी क्रमांक 202500241143 को इस आर 01 ग्रंथ क्र. 781585 पृष्ठ क्रमांक 202 से 222 दस्तावेज क्रमांक सीजी 2025 26106 17291 दिनांक 01.01.2026 को पंजीकृत होना पाया गया है।**(ग)** जानकारी प्रश्नांश (क) के उत्तर में दर्शित है। अवैध प्लॉटिंग की जानकारी प्राप्त होने पर अवैध प्लॉटिंगकर्ता के विरूद्ध सक्षम प्राधिकारी द्वारा छ0ग0 ग्राम पंचायत (कालोनाईजर के रजिस्ट्रीकरण निर्बधन तथा शर्ते) नियम 1999 की धारा - 61 ''क'' से 61 "छ" के तहत कार्यवाही किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ राज्य विघुत पावर डिस्ट्रीब्यूशन /जनरेशन कम्पनी में सहायक अभियंता के रिक्त पद

[ऊर्जा]

**5. ( क्र. 12 ) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ राज्य विघुत पावर डिस्ट्रीब्यूशन /जनरेशन कम्पनी में पूरे प्रदेश में सहायक अभियंता के कितने पद रिक्त हैं ? रिक्तियों की संख्या जिलेवार उपलब्ध करावें तथा रिक्त पदों की पूर्ति कब तक कर ली जावेगी ? **(ख)** क्या कम्पनी में कनिष्ठ अभियंता से सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नति का कोटा 70 % से घटाकर 40 % कर दिया गया है ? यदि हॉ, तो क्या आने वाले समय में पदोन्नति कोटा को पूर्व की भांति 70 % किया जायेगा?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड एवं छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड में सहायक अभियंता के क्रमशः 53 एवं 51 पद रिक्त हैं। सहायक अभियंता के पद पर भर्ती जिलेवार नहीं अपितु प्रदेश स्तर पर की जाती है। रिक्त पदों पर भर्ती कब तक कर ली जावेगी कीसमय सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** जी हॉ। पदोन्नति कोटा को पूर्व की भांति 70% किये जाने का वर्तमान में कोई प्रस्ताव नहीं है।

## दुर्ग जिला अंतर्गत भूमि स्वामियों की ऑनलाईन एक से अधिक खसरा/स्वामित्व प्रविष्टियां

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**6. ( क्र. 17 ) श्री ललित चंद्राकर :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दुर्ग जिला अंतर्गत वर्ष 2023-2024 से जनवरी, 2026 तक एक ही भूमि पर एक से अधिक कितने खसरा/स्वामित्व प्रविष्टियां पाई गई हैं ? क्या इससे हुए राजस्व राशि के नुकसान का आकलन किया गया है ? यदि हॉ तो कितनी राशि का राजस्व नुकसान हुआ है? यदि नहीं तो कब तक आकलन किया जायेगा ? **(ख)** प्रश्नांक (क) अनुसार

राजस्व रिकार्ड में की गयी त्रुटियों के संबंध में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? कितने प्रकरणों का निराकरण किया गया है ? कितने लंबित हैं ? लंबित शिकायतों का निराकरण कब तक कर लिया जायेगा? **(ग)** प्रश्नांक (ख) अनुसार क्या राजस्व रिकॉर्ड में की गयी त्रुटियों की जांच हेतु जांच समिति बनाई गई है ? यदि हॉ तो समिति का गठन कब किया गया ? समिति में कौन-कौन शामिल हैं ? समिति द्वारा क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं तो जांच समिति कब तक गठित की जायेगी ?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** दुर्ग जिला अंतर्गत वर्ष 2023-24 से जनवरी 2026 तक राजस्व अभिलेखों में एक ही भूमि पर एक से अधिक खसरा या स्वामित्व प्रविष्टि के संबंध में जानकारी अथवा शिकायत प्राप्त नहीं है तदनुसार शेष जानकारी निरंक है। **(ख)** कंडिका (क) के परिपेक्ष्य में जानकारी निरंक है। **(ग)** कंडिका 'क' एवं 'ख' के अनुक्रम मे जानकारी निरंक है

## कोरकोमा के प्रभारी समिति प्रबंधक को प्रबंधक पद से पृथक करने की कार्यवाही

[सहकारिता]

**7. ( क्र. 19 ) श्री फूलसिंह राठिया :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कार्यालय उप आयुक्त, सहकारिता एवं उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला कोरबा, (छ.ग.) के पत्र क्रमांक/उ.पं.को./विपणन/2026/943/कोरबा, दिनांक 13.01.2026 के संदर्भ में जांच प्रतिवेदन दिनांक 12.01.2026 को प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं अभिमत के माध्यम से समिति कोरकोमा के प्रभारी समिति प्रबंधक को प्रबंधक पद से पृथक करने की कार्यवाही एवं समिति के अन्य कर्मचारी को प्रबंधक का कार्यभार सौंपा जाना प्रस्तावित है, परंतु जनवरी, 2026 तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी ? यदि हॉ, तो ऐसा क्यों ? यदि कार्यवाही की गयी तो पृथक किये गये प्रबंधक के द्वारा ही धान खरीदी क्यों की गयी ? **(ख)** जांच प्रतिवेदन में सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोरकोमा के अन्तर्गत उपार्जन केन्द्र कुदमुरा में व्याप्त अव्यवस्था के दोषी समिति प्रबंधक के ऊपर क्या कार्यवाही करेंगे ?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** यह कहना सही नहीं है कि जांच प्रतिवेदन दिनांक 12.01.2026 को प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं अभिमत अनुसार जनवरी, 2026 तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है, अपितु वस्तुस्थिति यह है कि दिनांक 13.01.2026 को प्रभारी प्रबंधक प्यारेलाल साहू को प्रबंधक के समस्त पदीय दायित्वों से पृथक कर दिनांक 14.01.2026 को बृजभुवन सिंह तंवर को प्रबंधकीय दायित्व का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पृथक किये गये प्रबंधक के द्वारा धान खरीदी का कार्य नहीं किया गया है, अपितु उप आयुक्त सहकारिता जिला कोरबा के (कलेक्टर द्वारा अनुमोदित) आदेश क्रमांक /उआउपं/धान उपार्जन/ 2025-26/748, दिनांक 29.10.2025 के परिपालन में दुर्गा प्रसाद पाटनवार द्वारा दिनांक 02.12.2025 से ही धान खरीदी प्रभारी के रूप में धान खरीदी का कार्य किया गया है। **(ख)** सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोरकोमा के अन्तर्गत उपार्जन केन्द्र कुदमुरा में व्याप्त अव्यवस्था के दोषी समिति प्रबंधक को समस्त पदीय दायित्वों से पृथक किया गया है, एवं पत्र दिनांक 15.01.2026 द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## गृह निर्माण सहकारी समितियो के बायलॉज में संशोधन

[सहकारिता]

**8. ( क्र. 41 ) श्री राजेश मूणत :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या गृह निर्माण सहकारी समितियों के बायलॉज में संशोधन हेतु जब पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, छत्तीसगढ़ द्वारा गठित अधिकारियों की कमेटी द्वारा गृह निर्माण सहकारी सोसायटी की संशोधित आदर्श उपविधि (बायलॉज) का प्रारूप प्रस्तुत कर दिया गया है? यदि हां तो इसकी शेष प्रक्रिया को पूर्ण क्यों नहीं किया जा रहा है तथा कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा? **(ख)** क्या प्रश्नांश ''क'' में उल्लेखित संशोधन लागू न होने के कारण सोसायटी में

रहने वाले हितग्राहियों से सोसायटियों द्वारा मेंटेनेंस चार्ज, उस पर फाइन तथा डेव्हल्पमेंट चार्ज की मांग की जा रही है तथा नहीं देने पर प्लाट या मकान बेचने के लिए एन.ओ.सी. नहीं दी जा रही है जिससे प्रत्येक सोसायटी के हितग्राही प्रभावित होते हैं? यदि हां तो राज्य शासन को उक्त संशोधन लागू करने के लिए एक वैधानिक सीमा तय करने में क्या कठिनाई है?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** जी हां, कमेटी द्वारा प्रारूप प्रस्तुत कर दिया गया है। कार्यशील गृह निर्माण सहकारी समितियों में संशोधित आदर्श उपविधियां अंगीकृत हो चुकी हैं, ऐसी गृह निर्माण सहकारी समितियां जो अकार्यशील, परिसमापनाधीन है तथा जिनके प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हैं, को छोड़कर। **(ख)** ऐसी गृह निर्माण सहकारी समितियां जो अकार्यशील, परिसमापनाधीन है तथा जिनके प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हैं, को छोडकर शेष समितियों में संशोधित उपविधियां अंगीकृत की जा चुकी है, अतएव शेष प्रश्नाश उपस्थित नहीं होता।

## रायपुर जिला स्थित नंदनवन का पुनर्निर्माण

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**9. ( क्र. 42 ) श्री राजेश मूणत :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि ग्राम हथबंद, जिला रायपुर स्थित नंदन वन सफारी के लायसेंस को अटल नगर, नया रायपुर जंगल सफारी में उपयोग कर नंदन वन के सारे वन्य प्राणियों की शिफ्टिंग नया रायपुर में कर दी गई है तथा नंदन वन रायपुर को वन्य प्राणीविहीन कर दिया गया है? यदि हां तो क्यों? **(ख)** क्या यह सही है कि माननीय मंत्री जी द्वारा वन तथा जलवायु परिवर्तन विभाग के शीर्षस्थ अधिकारीगण के साथ नंदन वन भ्रमण के दौरान नंदनवन को सुंदर तथा आर्कषक करने हेतु अनेक निर्देश दिये थे? यदि हां तो उन निर्देशों के आलोक में अब तक क्या कार्यवाही की गई है? विस्तार पूर्वक बतावें?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** यह सत्य है कि ग्राम हथबंद, जिला रायपुर स्थित नंदन वन जू से वन्यप्राणियों की शिफ्टिंग जंगल सफारी, नवा रायपुर की गई है । भारत सरकार, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा भारतीय वन्यजीव अधिनियम की धारा 38-(एच) के अंतर्गत चिडियाघरों की मान्यता का नवीनीकरण किया जाता है । वर्ष 2014 में केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा नंदन वन जू, हथबंध की मान्यता को जब नवीनीकरण प्रदान करते हुए दिनांक 30.04.2015 तक बढ़ाया गया तब प्राधिकरण द्वारा यह निर्देश दिए गए थे कि नए स्थल का मास्टर प्लान अनुमोदित कराया जाकर हथबंद में विधमान जू को नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी में स्थानांतरित किया जावे । इसलिए उपरोक्त निर्देश के अनुसार मास्टर प्लान अनुमोदन उपरांत नंदन वन, हथबंद से जंगल सफारी, नवा रायपुर वन्यप्राणियों की शिफ्टिंग की गई है । नंदन वन, हथबंद में विदेशी पक्षी हैं जिनका प्रावधानों के अंतर्गत भारत सरकार के परिवेश पोर्टल में पंजीयन किया गया है ।**(ख)** हॉ, माननीय वनमंत्री जी एवं अधिकारीगण द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में नंदनवन में क्षतिग्रस्त विद्युत व्यवस्था की मरम्मत एवं लाईटिंग कार्य, नौका विहार में रखे फाईबर नौका की मरम्मत एवं रंग रोगन, पगोड़ा की मरम्मत व पेन्टिंग कार्य, गार्डन लॉन की साफ सफाई कार्य तथा बंद पड़े नौका विहार की मोटर पम्प की मरम्मत कराकर पुनः चालू किया गया है। नंदनवन में रखे विदेशी पक्षियों का परिवेश में पंजीयन किया गया है।

## ग्राम पंचायत धनगवां को आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत विकसित करने का प्रस्ताव

[ऊर्जा]

**10. ( क्र. 72 ) श्री दिलीप लहरिया :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि क्रेडा विभाग बिलासपुर द्वारा ग्राम पंचायत धनगवां को आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत विकसित

करने चयनित किया गया है तथा वहाँ सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया गया है? **(ख)** यदि हाँ, तो उक्त प्रस्ताव की प्रशासकीय स्वीकृति अब तक लंबित रहने के कारण क्या हैं? **(ग)** सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना हेतु कुल प्रस्तावित लागत कितनी हैं? प्रस्ताव वर्तमान में किस स्तर पर लंबित है? **(घ)** वित्तीय वर्ष 2023-24 से जनवरी, 2026 तक उक्त योजना के अंतर्गत राज्य में अन्य किन-किन ग्राम पंचायतों/स्थानों में किन-किन मदों से राशि स्वीकृत कर क्या-क्या कार्य कराए गए हैं? उनका जिला-वार एवं कार्य-वार विवरण, स्वीकृत राशि सहित, विवरण देवें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** वर्तमान में केन्द्र शासन द्वारा लागू की गई प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत् घटक मॉडल सोलर विलेज के तहत प्रदेश के सभी जिलों में एक-एक ग्राम का चयन मॉडल सोलर विलेज के रूप में जिला स्तरीय समिति के द्वारा किया जाना है ना कि क्रेडा के द्वारा। जिसमें उक्त समिति के द्वारा योजना के दिशा-निर्देशों के तहत जिला में पात्र ग्रामों का चयन कर उनके मध्य प्रतिस्पर्धा कर सोलर मॉडल विलेज का चयन किया जाना है। उक्त प्रक्रिया का पालन कर बिलासपुर जिले हेतु गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा विधानसभा मस्तुरी के ग्राम जयरामनगर का चयन मॉडल सोलर विलेज के रूप में किया गया है। **(ख)** उत्तरांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में यह प्रश्न उद्भूत नही होता है। **(ग)** उत्तरांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में यह प्रश्न उद्भूत नही होता है। **(घ)** जिला बिलासपुर के अतिरिक्त प्रदेश के शेष अन्य 32 जिलों में जिलास्तरीय समिति के द्वारा सोलर मॉडल विलेज का चयन कर डीपीआर तैयार किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अतः जिला-वार एवं कार्य-वार विवरण, स्वीकृत राशि की जानकारी उपलब्ध नहीं है।

## ट्रांसफार्मर एवं अतिरिक्त विद्युत पोल स्थापना हेतु प्राप्त आवेदन

[ऊर्जा]

**11. ( क्र. 78 ) श्री दिलीप लहरिया :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र मस्तूरी अंतर्गत विभिन्न ग्रामों/वार्डों में विद्युत भार वृद्धि, अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर एवं अतिरिक्त विद्युत पोल स्थापित किए जाने हेतु जनप्रतिनिधियों द्वारा विगत दो वर्षों में आवेदन प्राप्त हुए हैं? **(ख)** उक्त प्राप्त पत्रों/आवेदनों के संदर्भ में किस ग्राम/क्षेत्र में क्या-क्या प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्रवाई की गई है? **(ग)** कितने कार्य पूर्ण/लंबित है? लंबित प्रकरणों की संख्या एवं ग्राम-वार विवरण स्पष्ट करें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** विधानसभा क्षेत्र मस्तूरी अंतर्गत विभिन्न ग्रामों/वार्डो में विगत दो वर्षो में अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर एवं विद्युत पोल स्थापित किये जाने हेतु कुल 42 नग आवेदन जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त हुए है। **(ख)** प्राप्त आवेदनों में से 40 आवेदनों की तकनीकी स्वीकृति दी जा चुकी है एवं 2 कार्यों की आवश्यकता नहीं है। ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांश "ख" के संदर्भ में 7 कार्य पूर्ण, 10 कार्य प्रगति पर, 23 कार्य प्रारंभ होने की प्रक्रिया में है एवं 2 कार्य की आवश्यकता नहीं है। ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]**

## अनुमति के बिना कोलडिपो संचालन के लिए अनुज्ञप्ति जारी करने की शिकायत पर कार्यवाही

[खनिज साधन]

**12. ( क्र. 93 ) श्री बालेश्वर साहू :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या सरपंच ग्राम पंचायत उदयबंद ने अपने पत्र क्रमांक 03, दिनांक 14.01.2025 और सरपंच ग्राम पंचायत लक्षनपुर ने अपने पत्र क्रमांक 01, दिनांक 15.01.2025 में कोलडिपो संचालन के लिए अस्थाई भण्डारण अनुज्ञप्ति स्वीकृति के लिए पंचायत द्वारा किसी प्रकार से अनुमति नहीं देने और इस संबंध में कोई प्रस्ताव पारित नहीं किए जाने

की जानकारी से कलेक्टर (खनिज शाखा), जांजगीर चाम्पा को अवगत कराया है? कृपया ,जानकारी दें? **(ख)** क्या यह भी सच है कि शिवसेना जिला अध्यक्ष जांजगीर- चांपा ने अपने पत्र क्रमांक 2507, दिनांक 24.12.2024 द्वारा कलेक्टर, जांजगीर चाम्पा (खनिज शाखा ) को प्रश्नांक "क" के अनुसार बिना पंचायत की स्वीकृति के अनुज्ञप्ति जारी करने की शिकायत कर जांच की मांग किया था? कृपया जानकारी दें? **(ग)** प्रश्नांक "क" एवं "ख" के अनुसार जानकारी को विगत विधानसभा के परिवर्तित अता. प्रश्न संख्या 19, दिनांक 05.03.2025 के उत्तर में क्यों छिपाया गया था? कृपया जानकारी दें? **(घ)** प्रश्नांक "क", "ख" के आधार पर अभी तक क्या कार्यवाही की गई है? विधानसभा में गलत जानकारी देने के दोषी अधिकारी/कर्मचारी पर क्या कार्यवाही की जाएगी? कृपया जानकारी दें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जी हॉ। प्रश्नांश 'क' अनुसार सूचना प्राप्त हुई थी। **(ख)** जी हॉ। प्रश्नांश ''ख'' अनुसार शिकायत प्राप्त हुआ है। **(ग)** विगत विधानसभा के परिवर्तित तारांकित प्रश्न संख्या-19 दिनांक 05.03.2025 (प्रश्न क्रमांक-832) के प्रश्नांश (ख) में दिये गये उत्तर में कोई तथ्य नही छुपाया गया है। अपितु वर्तमान प्रश्नांश के ''क'' अनुसार केवल सूचना प्राप्त हुई थी जिसके आधार पर प्रश्न क्रमांक 832 का उत्तर दिया गया था। वर्तमान प्रश्नांश के ''ख'' अनुसार शिकायत जनवरी 2025 के पूर्व का होने के फलस्वरुप प्रश्न क्रमांक-832 के उत्तर में शामिल नही किया गया था। **(घ)** प्रश्नाश 'क' एवं 'ख' के आधार पर थाना कोतवाली, जिला जांजगीर-चांपा में मेसर्स श्रीराम कोल डिपो प्रोपराईटर श्री मोहन कुमार अग्रवाल उर्फ मोहन मित्तल पिता स्व. मदन लाल अग्रवाल निवासी बिरगहनी चौक चांपा, जिला जांजगीर-चांपा के विरूद्ध सिटी कोटवाली जांजगीर में अपराध क्रमांक 133/2026 भा.द.वि. की धारा 420, 467, 468 एवं 471 के तहत् दिनांक 14.02.2026 को एफआईआर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मेसर्स श्री श्याम कोलडिपो प्रोपराईटर मयंक मित्तल निवासी बिरगहनी चौक चांपा, जिला जांजगीर-चांपा के विरूद्ध फर्जी अनापत्ति प्रस्ताव पत्र प्रस्तुत करने के संबंध में नगर पुलिस अधीक्षक जांजगीर द्वारा प्रकरण में अनुसंधान की कार्यवाही प्रचलित है। इसके अतिरिक्त खनिज विभाग द्वारा उक्त दोनों खनिज कोयला भण्डारण अनुज्ञप्तिधारियों पर छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन तथा भण्डारण) नियम, 2009 के शर्तोंउल्लघंन पर 2 लाख 24 हजार रूपये जुर्माना अधिरोपित किया गया है। जिस पर वसूली की कार्यवाही प्रचलित है। विगत विधानसभा के परिवर्तित तारांकित प्रश्न संख्या 19 (प्रश्न क्रमांक 832), दिनांक 05.03.2025 में दी गयी जानकारी सही है। अतः किसी अधिकारी/कर्मचारी पर कार्यवाही करने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

## <u>खूंटाघाट जलाशय से जल प्रदाय</u>

[जल संसाधन]

**13. ( क्र. 108 ) श्री अटल श्रीवास्तव :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** खूंटाघाट जलाशय, बिलासपुर में प्रतिवर्ष जल भराव की क्षमता कितनी है और कितनी मात्रा में जल का भराव होता है? **(ख)** खूंटाघाट जलाशय से नागरिकों को पेयजल प्रदान करने हेतु कौन सी योजनाओं को कितनी-कितनी मात्रा में जल प्रदान किया जा रहा है और कितना प्रदान किया जाना प्रस्तावित है? **(ग)** खूंटाघाट जलाशय से सिंचाई हेतु कुल कितनी मात्रा में जल प्रदान किया जाता है? विकासखंडवार जानकारी क्या है? **(घ)** क्या खूंटाघाट जलाशय से औद्यौगिक स्थलों अथवा उद्योगों को जल प्रदान किया जाता है? कितनी मात्रा में प्रदान किया जा रहा है? क्या औद्यौगिक संस्थानों एवं उद्योगों को जल प्रदान किया जाना प्रस्तावित है? कितनी मात्रा में जल प्रदान किया जाना प्रस्तावित है? उक्त औद्यौगिक संस्थानों एवं उद्योगों का नाम क्या है?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** खूंटाघाट जलाशय, बिलासपुर की उपयोगी जल भराव क्षमता 192.32 मि.घ.मी. है, सामान्यतः प्रतिवर्ष 100% यानि 192.32 मि.घ.मी. जल भराव होता है। **(ख)** खूंटाघाट जलाशय से

नागरिकों को पेयजल प्रदान करने हेतु अमृत मिशन 2.0 अंतर्गत रतनपुर आवर्धन जल प्रदाय योजना अंतर्गत 3.4675 मि.घ.मी. वार्षिक जल आबंटन किया गया है एवं बिलासपुर शहर को पेयजल आपूर्ति हेतु 31.00 मि.घ.मी. वार्षिक जल आबंटन किया गया है और कोई योजना पेयजल प्रदान किये जाने हेतु प्रस्तावित नहीं है। **(ग)** खूंटाघाट जलाशय से सिंचाई हेतु कुल 281.425 मि.घ.मी. जल की मात्रा की आवश्यकता होती है। विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कोटा विकासखण्ड | - | 1.12 मि.घ.मी. |
| 2 | बिल्हा विकासखण्ड | - | 71.065 मि.घ.मी. |
| 3 | मस्तुरी विकासखण्ड | - | 209.24 मि.घ.मी. |
| | कुल योग | - | 281.425 मि.घ.मी. |

वर्षा ऋतु में निरंतर वर्षा होने के कारण जलाशय में जल का आवक बना रहता है। **(घ)** खूंटाघाट जलाशय से औद्योगिक स्थलों अथवा उद्योगों को जल प्रदान नहीं किया जा रहा है और न ही औद्योगिक संस्थानों एवं उद्योगों जल प्रदाय किया जाना प्रस्तावित है।

## प्रदेश में संरक्षित वन, आरक्षित वन एवं नांरगी वन का रकबा

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**14. ( क्र. 115 ) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छ0ग0 में कुल कितना सरंक्षित वन, आरक्षित वन एवं नारंगी वन स्थित है? जानकारी वनमंडलवार उपलब्ध करावें? **(ख)** वर्ष 2022 से जनवरी, 2026 तक वनमंडलवार क्रय की गई सीमेंट पोल एवं फेंसिंग जाली/तार में व्यय की जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** छ0ग0 में वर्ष 2022 से वर्ष 2025 तक लेन्टाना उन्मूलन कार्य में व्यय की जानकारी वनमंडलवार उपलब्ध करावें?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** छत्तीसगढ़ में कुल 2609839.24 हेक्टेयर संरक्षित वन, 2536069.30 हेक्टेयर आरक्षित वन एवं 375928.22 हेक्टेयर नारंगी वन स्थित है।वनमण्डलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'अ' में दर्शित है ।(ख)** वर्ष 2022 से जनवरी, 2026 तक वमण्डलवार क्रय की गई सीमेंट पोल एवं फैंसिंग जाली/तार में व्यय की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'ब' में दर्शित है ।(ग)** छ.ग. में वर्ष 2022 से वर्ष 2025 तक लेन्टाना उन्मूलन कार्य में व्यय की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'स' में दर्शित है ।**
**[ संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]**

## चारामा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जैसाकर्रा स्थित नेचर पार्क निर्माण

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**15. ( क्र. 144 ) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जैसाकर्रा नेचर पार्क निर्माण हेतु शासन के द्वारा कितनी धन राशि स्वीकृत की गयी थी ? तकनीकी स्वीकृति के अनुसार नेचर पार्क में कौन-कौन से कार्य कितनी-कितनी लागत से किये गये ? विस्तृत विवरण देवें? **(ख)** नेचर पार्क निर्माण हेतु कार्य एजेंसी किसको बनाया गया था तथा कौन से फर्म / एजेंसी के माध्यम से कार्य को पूर्ण किया गया है ? **(ग)** स्वीकृत कार्यों में से पूर्ण / अपूर्ण की जानकारी उपलब्ध करावें तथा अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)**जैसाकर्रा नेचर पार्क निर्माण हेतु मुख्य वन संरक्षक, कांकेर के द्वारा राशि रूपये 49.55 लाख स्वीकृत की गई थी। तकनीकी स्वीकृति के अनुसार नेचर पार्क में किए गए कार्यों का लागतवार विवरण **संलग्न "प्रपत्र" में दर्शित है ।(ख)** नेचर पार्क निर्माण कार्य में किसी फर्म को कार्य एजेंसी

नहीं बनाया गया है अपितु विभाग द्वारा कार्य किया गया है।**(ग)** समस्त कार्य पूर्ण हो चुका है, इसलिए अपूर्णता तथा अपूर्ण कार्य को पूर्ण करने की संभावित समयावधि का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]**

## गौण खनिज की रायल्टी क्लियरेन्स के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**16. ( क्र. 148 ) श्री ओंकार साहू :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विगत दो वर्षों में कांकेर, महासमुंद एवं धमतरी जिलों में गौण खनिज की रॉयल्टी क्लीयरेंस के संबंध में कुल कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं तथा जिन वित्तीय वर्षों की शिकायतें हैं, उस अवधि में संबंधित वन मंडलों में कितनी रॉयल्टी देय थी एवं कितनी राशि वसूल की गई है? **(ख)** क्या संबंधित अवधि में बिना रॉयल्टी क्लीयरेंस प्राप्त किए ठेकेदारों को विभाग द्वारा पूर्ण भुगतान किया गया है? यदि हाँ, तो किस आधार पर भुगतान किया गया? इससे शासन को कितनी वित्तीय क्षति हुई? **(ग)** क्या इन शिकायतों के विरुद्ध अब तक जांच एवं कार्यवाही की गई है तथा शेष रॉयल्टी की वसूली कब तक कर ली जाएगी?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** कांकेर जिला अंतर्गत वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में कांकेर वनमण्डल, महासमुंद जिला के अंतर्गत महासमुंद वनमंडल तथा धमतरी जिला के अंतर्गत धमतरी वनमंडल में गौण खनिज रॉयल्टी क्लीयरेंस के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है। कांकेर जिले के पूर्व भानुप्रतापपुर एवं पश्चिम भानुप्रतापपुर वन मंडलों में वर्ष 2023-24 में 01 शिकायत एवं 2024-25 में 02 शिकायतें प्राप्त हुई है। वर्ष 2023-24 में प्राप्त शिकायत को मुख्य वन संरक्षक (सतर्कता/शिकायत) के पत्र क्रमांक 1334 दिनांक 21/03/2025 द्वारा नस्तीबद्ध किया गया है तथा प्रक्रियाधीन 02 शिकायतें जिन वित्तीय वर्षों की है, उस अवधि में सबंधित वनमंडल में देय रॉयल्टी एवं वसूल की गई रॉयल्टी निम्नानुसार है:-

| क्र. | वर्ष | वन मण्डल का नाम | देय रॉयल्टी की राशि (लाख में) | वसूल की गई रॉयल्टी की राशि (लाख में) | रॉयल्टी वसूली की शेष राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2019-20 | पूर्व भानुप्रतापपुर | 11.93 | 0 | 11.93 |
| 2 | 2020-21 | पूर्व भानुप्रतापपुर | 22.67 | 0 | 22.67 |
| 3 | 2021-22 | पूर्व भानुप्रतापपुर | 5.10 | 0 | 5.10 |
| 4 | 2022-23 | पूर्व भानुप्रतापपुर | 15.07 | 0 | 15.07 |
| | | पश्चिम भानुप्रतापपुर | 23.78 | 0 | 23.78 |
| | | **वर्ष 2022-23 का योग:-** | **38.85** | **0** | **38.85** |
| 5 | 2023-24 | पूर्व भानुप्रतापपुर | 14.63 | 0 | 14.63 |
| | | पश्चिम भानुप्रतापपुर | 15.92 | 2.55 | 13.37 |
| | | **वर्ष 2023-24 का योग:-** | **30.55** | **2.55** | **28.00** |
| 6 | 2024-25 | पूर्व भानुप्रतापपुर | 3.06 | 3.06 | 0 |
| **कुल योग:-** | | | **112.16** | **5.61** | **106.55** |

**(ख)** हां। मुख्य वन संरक्षक, कांकेर के द्वारा वनमंडलों के लिए स्वीकृत रेट कांट्रेक्ट एवं वनमंडल द्वारा किए गए टेण्डर के आधार पर भुगतान किया गया है। ठेकेदारों को रॉयल्टी क्लीयरेंस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु वनमंडलाधिकारियों के द्वारा पत्राचार किया जा रहा है। शासन को देय शेष रॉयल्टी राशि 106.55 लाख रूपये है, जिसकी वसूली की कारवाई की जा रही है ।**(ग)** इन शिकायतों के विरूद्व अब तक की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न 'प्रपत्र'में दर्शित है ।** ठेकेदारों को रॉयल्टी क्लीयरेंस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु वनमंडलाधिकारियों के द्वारा पत्राचार किया जा रहा है। शेष रॉयल्टी राशि की वसूली की कारवाई प्रगति में है । **[ संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]**

## ट्रांसफार्मर /सब स्टेशन की क्षमता व किसानों को प्रदत्त पम्प कनेक्शन

[ऊर्जा]

**17. ( क्र. 155 ) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जिला राजनान्दगाँव व केसीजी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कितने नए सब स्टेशन लगाए गए व उनकी क्षमता क्या है? कितनी जगहों पर नए ट्रांसफार्मर व नए पोल'तार दुरुस्त कर विस्तार किया गया या कितने ट्रांसफार्मर खराब थे जिसे बदलकर नए ट्रांसफार्मर लगाए गए? पूर्ण जानकारी देवें? इसमें कितनी राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई या नहीं हुई है? निविदा की प्रक्रिया क्या थी? आज पर्यन्त इसमें कितने कार्य पूर्ण या अपूर्ण व निरस्त हुए हैं? जिलेवार, विकासखण्डवार व वर्षवार पूर्ण जानकारी देवें ? **(ख)** दोनों जिलों मे किसानों को पम्प कनेक्शन प्रदाय करने के कितने मामले लंबितहैं? पूर्ण जानकारी देवें व कितने पम्प कनेक्शन के लिए कितने अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की मांग की पूर्ति की गई और कितने ट्रांसफार्मर की मांग लंबित है? **(ग)** छत्तीसगढ़ मे किसानों'को कितने पम्प कनेक्शन प्रदाय करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था और कितने पम्प कनेक्शन की लक्ष्य की पूर्ति कर पाए ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जिला राजनांदगांव एवं केसीजी के अंतर्गत प्रश्नाधीन अवधि में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा 04 नग 3.15 एम.व्ही.ए. क्षमता के 33/11 के.व्ही. नवीन सबस्टेशन, पूर्व स्थापित 03 सबस्टेशन में 3.15 एमव्हीए क्षमता के अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना, पूर्व स्थापित 03 नग सबस्टेशन में 3.15 एम.व्ही.ए. से 5 एमव्हीए क्षमता वृद्धि के पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना एवं 2155 नग नवीन वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित किये गये हैं। 105 स्थानों पर तार दुरूस्तीकरण एवं 31,898 नवीन पोल लगा कर लाईन विस्तार किया गया है। सभी खराब 797 नग ट्रांसफार्मरों को बदल कर नये ट्रांसफार्मर लगाए गये। उक्त समस्त कार्यों हेतु 323.85 करोड़ की राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई है। निविदा की प्रक्रिया आर.डी.एस.एस. योजनांतर्गत कार्यों हेतु खुली निविदा एवं अन्य योजनाओं के कार्यों हेतु सीमित निविदा (सी.एस.पी.डी.सी.एल. में पंजीकृत ठेकेदारों) के तहत की गयी है। जिलेवार एवं विकासखंडवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के द्वारा उक्त जिलों के 132/33 के.व्ही. अतिउच्चदाब सबस्टेशन डोंगरगढ़ में 60 एम.व्ही.ए. से 80 एम.व्ही.ए., इंदामारा में 40 एम.व्ही.ए. से 103 एम.व्ही.ए. एवं राजनांदगांव में 80 एम.व्ही.ए. से 103 एम.व्ही.ए. क्षमता वृद्धि हेतु पॉवर ट्रांसफार्मर की स्थापना की गयी है। **(ख)** वर्तमान में राजनांदगॉव जिले में पंप कनेक्शन के 735 एवं केसीजी जिले में 296 आवेदन लंबित हैं। वर्ष 2025-26 में 107 ट्रांसफार्मर प्रदाय किये गये एवं शेष कनेक्शनों के लिये 147 ट्रांसफार्मर वांछित हैं। **(ग)** छत्तीसगढ़ में किसानों को विद्युत पंप कनेक्शन प्रदाय करने हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2025-26 में कुल 94,356 का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिनमें लक्ष्य के विरूद्ध 80,002 किसानों को विद्युत कनेक्शन प्रदाय किये गये हैं।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]**

## बीजापुर जिले में आदिवासियों की भूमि का गैर आदिवासियों को विक्रय

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**18. ( क्र. 161 ) श्री विक्रम मंडावी :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बीजापुर जिले के ग्राम बड़े पल्ली, छोटे पल्ली, बैल, धरमा एवं संकनपल्ली (उसूर) में आदिवासियों की भूमि को गैर आदिवासियों के द्वारा कूटरचित एवं धोखाधड़ी कर क्रय करने के संबंध में तहसीलदार, जिला कलेक्टर एवं शासन को कब-कब कितनी शिकायतें प्राप्त हुई,? प्राप्त शिकायतों के अनुसार क्या-क्या कार्यवाही की गई? सम्पूर्ण विवरण देवें? **(ख)** यदि जमीन की खरीदी बिक्री हुई है तो उसकी अनुमति किस सक्षम प्राधिकारी द्वारा कब दी गई,? विवरण देवें? जमीन का उपयोग क्या हो रहा था? प्रयोजन क्या था? **(ग)** यदि जमीन क्रय विक्रय की अनुमति नहीं दी गई है या ली गई है तो रजिस्ट्री नामान्तरण किस आधार पर किया गया? विधि विरूद्ध कार्य करने करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किए जाने की कार्यवाही कब तक करेंगे?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** बीजापुर जिले के तहसील भैरमगढ़ अंतर्गत ग्राम बड़ेपल्ली, बैल, धरमा एवं मरकापाल मे माननीय विक्रम मण्डावी, विधायक, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89, बीजापुर के द्वारा दिनांक 30.10.2025 के माध्यम से जिसमें आवेदकगण 1) श्रीमती गडरी, पति रामसाय, निवासी ग्राम बड़ेपल्ली 2) श्री पीलाराम, पिता बलराम, जाति रावत निवासी ग्राम बैल, 3) श्री घस्सूराम यादव, पिता लच्छिन्धर, जाति रावत निवासी ग्राम बैल, 4) श्री सुबरनाथ नाग, पिता स्वर्गीय चेतन, जाति तेलगा निवासी ग्राम बैल 5) श्री बीरबल यादव, पिता बेदे जाति यादव निवासी मरकापाल का आवेदन अग्रेषित किया गया था, जिसमें उनकी पैतृक जमींन को धोखाधड़ी कर क्रय करने के संबंध में शिकायत प्राप्त हुआ था। शिकायत पर जिला स्तरीय टीम का गठन अपर कलेक्टर जिला बीजापुर, की अध्यक्षता में किया गया। जांच में पाया गया कि सभी आवेदकगण गैर-आदिवासी है तथा आदिवासी से गैर-आदिवासी द्वारा धोखाधड़ी कर जमीन की रजिस्ट्री कराकर उनकी जमीन हडपने की शिकायत गलत पाया गया। 2/ ग्राम-संकनपल्ली तहसील उसूर जिला बीजापुर के ग्रामीणों एवं माननीय श्री विक्रम मण्डावी, विधायक विधानसभा 89 बीजापुर के द्वारा ग्राम संकनपल्ली के आदिवासी ग्रामीण की पैतृक जमीन गैर आदिवासी कमलदेव झा पिता सदानंद झा निवासी दंतेश्वरी वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर छ0ग0 के नाम से फर्जी पट्टा होने के संबंध में शिकायत की गयी थी। शिकायत में ग्राम संकनपल्ली के ग्रामीणों 1. श्रीमती बतक्का यालम, पति रोशैया, 2. श्री यालम लक्ष्मीनारायण पिता बायन्ना, कामेश यालम, पिता रामैया, 3. धरमैया यालम पिता नरसैया, पवन पिता धरमैया, राजैया पिता बीचमैया, गौरैया पिता शंकर 4. बसवैया जव्वा पिता आसरैया, 5. शांता जव्वा पिता लक्ष्मैया, मोहन पिता नारायण, 6. दशरथ जव्वा पिता एंकैया, कामेश पिता एंकैया, 7. नागैया पिता संतरैया, 8. बीचमैया, टिंगे, चमैया, शिवैया पिता राजैया, 9. हनुमंत यालम पिता बकैया, शंकर, समैया, पिता बकैया इन सभी की पैतृक जमीन कमदेव झा पिता सदानंद झा निवासी जगदलपुर के नाम से फर्जी पट्टा होने की शिकायत किया गया था। शिकायत के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (रा) उसूर से जांच कराया गया। जांच में पाया गया कि उपरोक्त किसानों की कुल खसरा नंबर 11, योग रकबा 47.907 हे0 का विक्रेता रामसिंह पिता बुधराम आयु 32 वर्ष जाति राऊत निवासी ग्राम संकनपल्ली, द्वारा क्रेतागण 1. कमलदेव झा पिता सदानंद झा, 2. प्रभाती झा पति कमलदेव झा, 3. साकेत झा पिता कमलदेव झा, सभी निवासी- दंतेश्वरी वार्ड जिला बस्तर के पक्ष में विक्रय विलेख दिनांक 20.07.2011 उप-पंजीयक जगदलपुर जिला बस्तर में निष्पादित कराया गया है। उक्त विक्रय विलेख के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही नहीं किया गया तथा सभी प्रभावित भूमि मूल खातेधारों के नाम पर दर्ज है एवं सभी भूमिस्वामी अपनी भूमि पर पूर्ववत काबिज है। विक्रय विलेख के निष्पादन के लिये कूटरचित दस्तावेज तत्कालीन हल्का पटवारी रामूराम कश्यप ने तैयार किया था वर्तमान में वह जिला बस्तर में पदस्थ है तथा विक्रय विलेख का पंजीयन तत्कालीन उप-पंजीयक जगदलपुर द्वारा किया गया है। दोनों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। कूटरचना में शामिल व्यक्तियों के नाम से थाना मोदकपाल जिला बीजापुर में दिनांक 03.02.2026 को धारा 420, 467, 468, 471, 120 (बी.) भा.द.वि. या धारा

173 बी. एन. एस. एस. के तहत अपराध दर्ज किया गया है। **(ख)** तहसील भैरमगढ़ अंतर्गत ग्राम बड़ेपल्ली, बैल, धरमा एवं मरकापाल स्थित भूमियों के विक्रय के संबंध में किसी भी सक्षम प्राधिकारी के द्वारा विक्रय की अनुमति प्रदान नहीं किया गया है। समस्त भूमियां गैर-आदिवासी कृषकों के स्वामित्व में रही है, उक्त भूमियों का उपयोग कृषि कार्य में किया जा रहा था। ग्राम संकनपल्ली तहसील उसूर जिला बीजापुर स्थित प्रभावित भूमियों के विक्रय के संबंध में किसी भी सक्षम प्राधिकारी द्वारा विक्रय अनुमति प्रदान नहीं किया गया है। प्रभावित भूमियों का उपयोग कृषि प्रयोजनार्थ किया जा रहा है। **(ग)** प्रश्नांश (क) के उत्तर में दर्शित ग्राम बड़ेपल्लीमरकापाल, बैल, धरमा तहसील भैरमगढ़ की प्रश्नाधीन भूमि का यद्यपि गैर आदिवासी से गैर आदिवासी को अंतरण हुआ है, परन्तु भूमि खरीदी-बिक्री में धोखाधड़ी प्रथम दृष्टया पाये जाने के कारण तत्कालीन हल्का पटवारी बीरा रामनारायण एवं श्री शंकर लाल कतलाम के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित किया गया है। ग्राम पंचायत सचिव श्री विरेन्द्र गंगबेर पूर्व पंचायत सचिव ईतामपार को निलंबित कर दिया गया है। ग्राम संकनपल्ली तहसील उसूर स्थित प्रश्नाधीन भूमियों का नामांतरण नहीं किया गया है। सभी भूमियां मूल भूमिस्वामी के नाम पर दर्ज है। विक्रय के लिए कूटरचित दस्तावेज तत्कालीन हल्का पटवारी रामूराम कश्यप द्वारा तैयार किया गया था। जो वर्तमान में जिला बस्तर में पदस्थ है, तथा विक्रय विलेख का पंजीयन तत्कालीन उप-पंजीयक जगदलपुर द्वारा किया गया है। दोनों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। कूटरचना में शामिल व्यक्तियों के नाम से थाना मोदकपाल जिला बीजापुर में दिनांक 03.02.2026 को धारा 420, 467, 468, 471, 120 (बी.) भा.द.वि. या धारा 173 बी.एन.एस.एस. के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## मुंगेली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल संसाधन विभाग से स्वीकृत निर्माण/विकास कार्य

[जल संसाधन]

**19. ( क्र. 166 ) श्री पुन्नूलाल मोहले :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र मुंगेली अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में जल संसाधन विभाग द्वारा कौन-कौन से एनीकेट/चेकडेम/स्टॉपडेम/लाइनिंग/डायवर्सन के कार्य बजट एवं अन्य मद से स्वीकृत किये गये हैं? वर्षवार, कार्यवार आदेशवार जानकारी देवें? कितने स्वीकृत कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है? कितने कार्यो के कार्यादेश जारी किये जा चुके हैं? कितने कार्य प्रगति पर हैं तथा कितने कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृत शासन स्तर पर लंबित है? लंबित कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृत कब तक दी जावेगी? समय अवधि बतावें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार प्रशासकीय स्वीकृति के पश्चात् कार्य प्रारंभ होने के बाद कितने कार्य बीच में ही बंद कर दिये गए हैं जिसके कारण क्या हैं? शेष अधूरे कार्यो को कब तक पूर्ण किया जावेगा? समय अवधि बतावें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** विधानसभा क्षेत्र मुंगेली के अन्तर्गत जल संसाधन विभाग के वित्तीय वर्ष 2023-24 में 08 एनीकट कार्य, 02 लाईनिंग कार्य कुल 10 कार्य, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 06 एनीकट कार्य तथा वर्ष 2023-24 के 07 कालातीत कार्य, वित्तीय वर्ष 2025-26 में 02 एनीकट कार्य, 04 लाईनिंग कार्य कुल 06 कार्य इस प्रकार कुल 22 कार्यों को बजट में शामिल किया गया था। वर्षवार, कार्यवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** प्रश्नाधीन वित्तीय वर्षों के बजट में स्वीकृत कुल 22 कार्यों में से 07 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी हुई है, जिसमें 06 कार्यों के कार्यादेश जारी किए गए है, 01 कार्य की निविदा दर स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। कार्यादेश जारी में से 05 कार्य प्रगति पर है एवं 01 कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 04 कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति शासन स्तर पर प्रक्रियाधीन है। समयावधि बताया जाना संभव नहीं है। शेष 11 कार्यों के प्राक्कलन तैयार किये जा रहें हैं। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के उत्तर अनुसार प्रशासकीय स्वीकृति के पश्चात् कार्य प्रारंभ होने के बाद किसी भी कार्य को बीच में बंद नहीं किया गया है। प्रगतिरत 05 कार्यो को माह 11/2026 तक पूर्ण किया जाना संभावित है।**[ संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]**

## प्रदेश में पदस्थ आई.ए.एस., आई.पी.एस. एवं आई.एफ.एस. अधिकारियों के विरूद्ध जांच

[सामान्य प्रशासन]

**20. ( क्र. 171 ) डॉ. चरण दास महंत :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ सरकार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17A के तहत 13 दिसम्बर, 2023 से 31 दिसम्बर, 2025 तक कितने पूर्व अनुमोदन अनुरोध प्राप्त हुए हैं? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार कितने स्वीकृत हुए कितने अस्वीकृत हुए और कितने लंबित हैं? माहवार जानकारी बतावें? **(ग)** प्रत्येक प्रस्ताव में आई.ए.एस. आई.पी.एस. और आई.एफ.एस. अधिकारी का नाम, अनुमोदन चाहने वाली एजेन्सी का नाम, पूर्व अनुमोदन का विषय, प्राप्ति की तिथि, स्वीकृत/प्राप्त/लंबित प्रकरण और तिथि सहित सम्पूर्ण विवरण बतावें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** छत्तीसगढ़ सरकार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17A के तहत 13 दिसम्बर, 2023 से 31 दिसम्बर, 2025 तक कुल 50 (आई.ए.एस. आई.पी.एस. और आई.एफ.एस. अधिकारी) पूर्व अनुमोदन हेतु अनुरोध प्राप्त हुए हैं। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र अ, ब एवं स** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र अ, ब एवं स** अनुसार है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]**

## विधानसभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत वनों की अवैध कटाई और परिवहन

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**21. ( क्र. 177 ) श्री रामकुमार टोप्पो :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा सीतापुर क्षेत्र अंतर्गत वन परिक्षेत्र सीतापुर, मैनपाट अंतर्गत वर्ष 2022-2025 तक कितने अवैध लकड़ी कटाई व परिवहन के मामले दर्ज हुए हैं? वन परिक्षेत्रानुसार जानकारी वर्षवार,मात्रा के अनुसार प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार वनों की अवैध कटाई की रोकथाम हेतु विभाग द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** विधानसभा सीतापुर क्षेत्र अंतर्गत वन परिक्षेत्र सीतापुर, मैनपाट अंतर्गत वर्ष 2022-25 (01 जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2025 तक कैलेण्डर वर्ष में) की अवधि में अवैध लकड़ी कटाई के 1194 व अवैध परिवहन के 16 मामले दर्ज हुए हैं । वन परिक्षेत्रानुसार, वर्षवार, मात्रा के अनुसार जानकारी निम्नानुसार है:-

| क्र. | वर्ष | परिक्षेत्र | अवैध कटाई के दर्ज प्रकरणों एवं जप्त वनोंपज की जानकारी | | | | अवैध परिवहन के दर्ज प्रकरण एवं जप्त वनोपज की जानकारी | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दर्ज प्रकरण संख्या | काष्ठ (घ.मी.) | जलाऊ (चट्टा) | बल्ली (नग में) | दर्ज प्रकरण संख्या | काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली (नग में) | जलाऊ (चट्टा) | जप्त वाहनों की संख्या |
| 1 | 2022 | सीतापुर | 140 | 3.046 | 7.500 | 824 | 2 | 20.246 | 0 | 0 | 2 |
| | 2022 | मैनपाट | 121 | 16.214 | 38.00 | 713 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **योग:-** | | | **261** | **19.260** | **45.500** | **1537** | **2** | **20.246** | **0** | **0** | **2** |
| 2 | 2023 | सीतापुर | 188 | 11.765 | 25.858 | 750 | 5 | 67.962 | 0 | 2.500 | 5 |
| | 2023 | मैनपाट | 113 | 14.667 | 8.000 | 526 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **योग:-** | | | **301** | **26.432** | **33.858** | **1276** | **5** | **67.962** | **0** | **2.500** | **5** |
| 3 | 2024 | सीतापुर | 183 | 1.949 | 7.999 | 562 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | 2024 | मैनपाट | 137 | 11.756 | 14.00 | 543 | 1 | 0.105 | 0 | 0 | 1 |
| **योग:-** | | | **320** | **13.705** | **21.999** | **1105** | **1** | **0.105** | **0** | **0** | **1** |
| 4 | 2025 | सीतापुर | 190 | 3.372 | 15.475 | 625 | 7 | 30.518 | 0 | 0 | 7 |
| | 2025 | मैनपाट | 122 | 7.981 | 3.500 | 394 | 1 | 3.085 | 0 | 0 | 1 |
| **योग:-** | | | **312** | **11.353** | **18.975** | **1019** | **8** | **33.603** | **0** | **0** | **8** |
| **महायोग:-** | | | **1194** | **70.750** | **120.332** | **4937** | **16** | **121.916** | **0** | **2.500** | **16** |

**(ख)** वनों की अवैध कटाई की रोकथाम हेतु विभाग द्वारा निम्नानुसार प्रयास किये जा रहे है:-1. वनों के अवैध कटाई के रोकथाम हेतु वन कर्मचारियों द्वारा वनों का सतत भ्रमण किया जाता है।2. संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के सदस्यों, ग्राम सरपंच, उप सरपंच, ग्रामीणों एवं मुखबिर से वन विभाग द्वारा अवैध कटाई के रोकथाम हेतु आवश्यक सहयोग लिया जाता है।3. वन प्रबंधन समितियों की बैठक द्वारा ग्रामीणों को वनों को न काटने हेतु जागरूक किया जाता है।4.वनों की अवैध कटाई के रोकथाम हेतु वनमण्डल स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है, जिससे समय-समय पर वनों का निरीक्षण कराया जाता है।5. ग्रामीणों को निस्तार पूर्ति हेतु लकड़ी का उपयोग ना कर, एल.पी.जी. गैस का उपयोग करने हेतु जागरूक किया जाता है।6. भारतीय वन अधिनियम, 1927 की सुसंगत धाराओं में अवैध कटाई एवं परिवहन का संज्ञान लिया जाकर कानूनी कारवाई की जाती है ।

## जशपुर जिले में बांध/ जलाशय / नहर निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि का मुआवजा

[जल संसाधन]

**22. ( क्र. 180 ) श्रीमती गोमती साय :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या जशपुर जिले में विगत पाँच वर्षों में बांध, जलाशय एवं नहर निर्माण हेतु किसानों, आदिवासियों एवं अन्य भू-स्वामियों की भूमि का अधिग्रहण किया गया है? यदि हाँ, तो विकासखंडवार एवं परियोजनावार अधिग्रहित भूमि का कुल रकबा कितना है? **(ख)** उक्त अधिग्रहण के अंतर्गत प्रभावित परिवारों को भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार मुआवजा राशि निर्धारित की गई है अथवा नहीं? यदि हाँ, तो कुल कितनी मुआवजा राशि स्वीकृत की गई तथा उसमें से अब तक कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है? **(ग)** क्या जशपुर जिले की कुछ परियोजनाओं में प्रभावित हितग्राहियों को अब तक पूर्ण मुआवजा, पुनर्वास लाभ अथवा वैकल्पिक आजीविका की सुविधा नहीं मिल पाई है? यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं? **(घ)** क्या शासन द्वारा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, पारदर्शी मूल्यांकन, समयबद्ध भुगतान एवं शिकायत निवारण हेतु कोई विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है? यदि हाँ, तो उसका विवरण देवें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जी नहीं, जशपुर जिले में विगत पाँच वर्षों में बांध, जलाशय एवं नहर निर्माण हेतु 18 परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण प्रक्रियाधीन है। जिसमें कुल रकबा 143.857 हेक्टेयर है। मुआवजा भुगतान करने हेतु अंतिम एवार्ड अपेक्षित है। विकासखण्डवार एवं परियोजनावार अधिग्रहित भूमि का **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश "क" के उत्तर अनुसार अधिग्रहित भूमि के अंतर्गत प्रभावित परिवारों को भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार मुआवजा राशि निर्धारित की गई है। मुआवजा हेतु कुल राशि रू. 364560261 (रू. छत्तीस करोड़, पैंतालीस लाख, साठ हजार, दो सौ इक्सठ मात्र) प्रस्तावित की गई है। भू-अर्जन प्रक्रियाधीन है। अंतिम अवार्ड पारित होने के उपरांत मुआवजा राशि का भुगतान किया जायेगा। अब तक किसी भी प्रकरण में भुगतान नहीं हुआ है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ग)** जशपुर जिले के 18 परियोजनाओं में प्रभावित हितग्राहियों को अब तक मुआवजा का भुगतान नहीं हो पाया है। 04 परियोजनाओं के 09 प्रकरण में अवार्ड पारित हो चुका है, मुआवज़ाभुगतान हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। शेष परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है अवार्ड पारित होने के उपरांत भुगतान किया जावेगा। **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (घ)** भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, पारदर्शी, मूल्यांकन, समयबद्ध भुगतान एवं शिकायत निवारण हेतु विभाग द्वारा कोई विशेष कार्य योजना तैयार नहीं की जाती है। विभाग द्वारा भू-अर्जन अधिकारी से निरंतर संपर्क स्थापित कर भू-अर्जन की प्रक्रिया को पूर्ण करने हेतु अनुरोध किया जाता है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]**

## ग्राम मोछ हाई स्कूल मैदान में ट्रांसफार्मर एवं विद्युत लाईन को हटाने की कार्यवाही

[ऊर्जा]

**23. ( क्र. 188 ) श्री धर्मजीत सिंह :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोछ हाई स्कूल मैदान में विद्युत ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जिसके कारण विद्युत तार मैदान से होकर गुजरा हुआ है? **(ख)** क्या यह भी सत्य है कंडिका "क" के स्कूल मैदान में छात्र-छात्राएं खेलने के साथ-साथ आवागमन करते रहते हैं, जिसके कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है? क्या किसी भी प्रकार की दुर्घटना की जिम्मेदारी विभाग की होगी? **(ग)** कंडिका "क" के स्कूल में ट्रांसफार्मर अथवा विद्युत लाईन के कारण दुर्घटना की आशंका को देखते हुए क्या ट्रांसफार्मर एवं विद्युत लाईन को हटाने की कार्यवाही की जाएगी ? यदि हां, तो कब तक नहीं तो कारण सहित अवगत करायें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जी हाँ, तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोछ हाई स्कूल मैदान में विद्युत ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जिसके कारण विद्युत तार मैदान से होकर गुजरा है। **(ख)** जी हाँ, यह सत्य है कि कंडिका "क" के स्कूल मैदान में छात्र-छात्राएं खेलने के साथ-साथ आवागमन करते रहते है। स्कूल मैदान में स्थित ट्रांसफार्मर एवं मैदान से गुजरी विद्युत लाईन निर्धारित सुरक्षा मापदंडों के अनुरूप स्थापित है। **(ग)** कंडिका "क" के स्कूल मे ट्रांसफार्मर अथवा विद्युत लाईन के कारण दुर्घटना की आशंका को ध्यान में रखते हुये सरपंच ग्राम पंचायत मोछ के आवेदन पर जमा योजना के तहत् सुपरविजन चार्ज जमा कर ट्रांसफार्मर एवं विद्युत लाईन को स्कूल मैदान से हटाने बाबत् प्राक्कलन स्वीकृत किया गया एवं सरपंच ग्राम पंचायत मोछ द्वारा सुपरविजन चार्ज भुगतान कर दिया गया है। शिफ्टिंग कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के प्रयास है।

## तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कोपरा जलाशय को रामसर साइट के रूप में शामिल किया जाना

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**24. ( क्र. 189 ) श्री धर्मजीत सिंह :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कोपरा जलाशय को रामसर योजनांतर्गत शामिल किया गया है? **(ख)** कंडिका "क" के अंतर्गत सुरक्षा, संरक्षण एवं विस्तार हेतु कौन-कौन से कार्य प्रस्तावित हैं? **(ग)** कंडिका "ख" के प्रस्तावित कार्यों को कब तक स्वीकृत कर लिया जायेगा?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** जी हां। तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कोपरा जलाशय को रामसर स्थल घोषित किया गया है।**(ख)** एवं **(ग)** रामसर साइट घोषित होने के बाद कोपरा जलाशय के लिए इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट प्लान का निर्माण प्रस्तावित हैं, जिसमें विभिन्न गतिविधियॉं शामिल हैं, जैसे - कोपरा जलाशय का ब्रीफ डाक्यूमेंट एवं हेल्थ कार्ड निर्माण, जन सहभागिता के लिए वेटलैंड मित्रों की सहभागिता को सुनिश्चित करना इत्यादि, जिस पर सतत रूप से कार्य किया जावेगा ।

## विद्युत कनेक्शन विच्छेद हेतु बिजली बिल बकाया का निर्धारित मापदण्ड

[ऊर्जा]

**25. ( क्र. 196 ) श्री उमेश पटेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- विद्युत विभाग द्वारा कितना बिल बकाया रहने पर कनेक्शन काटा जाता है? क्या कनेक्शन काटने की कार्यवाही आम उपभोक्ता और शासकीय विभाग एवं उद्योगों के लिए एक समान है?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) :** मासिक बिजली बिल की नियत तिथि तक भुगतान प्राप्त नहीं होने पर नियत तिथि के बाद 15 दिनों के नोटिस उपरांत कनेक्शन काटने की कार्यवाही किए जाने का प्रावधान सप्लाई कोड

में निहित है। जो कि आम उपभोक्ताओं और शासकीय विभाग एवं औद्योगिक कनेक्शनों पर समान रूप से लागू है।

## प्रदेश में लंबित राजस्व प्रकरण

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**26. ( क्र. 197 ) श्री उमेश पटेल :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- प्रदेश में राजस्व प्रकरणों के कितने मामले लंबित हैं? जिलेवार एवं तहसीलवार जानकारी देवें? लंबित मामलों में केवल नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के कितने मामले लंबित हैं? क्या प्रदेश में लोक सेवा गारंटी नियम से राजस्व के कार्य हो रहे हैं?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) :** प्रदेश मेंकुल93768 राजस्व प्रकरण लंबित हैं। जिलेवार एवं तहसीलवार जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। लंबित प्रकरणों में नामांतरण के 24143, बटवारा के 7534 एवं सीमांकन के 5372 मामले लंबित हैं। जी हॉं,प्रदेश में लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं के अनुसार कार्य हो रहे हैं।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]**

## नियम विरूद्व निविदा/ईओआई आमंत्रित किये जाने की शिकायतों पर कार्यवाही

[सहकारिता]

**27. ( क्र. 201 ) श्री धरमलाल कौशिक :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सही है कि अप्रैल, 2025 से जनवरी, 2026 तक रायपुर, बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग में स्थित सहकारिता विभाग व विभाग के अधीनस्थ निगम/मण्डल/आयोग के राज्य व जिला कार्यालय द्वारा सामग्री क्रय करने व सेवा प्राप्त करने हेतु निविदा आमंत्रित की गई है? यदि हॉ तो कौन-कौन सी निविदा जेम पोर्टल (GeM) के अतिरिक्त अन्य किस माध्यम/प्रकार से जारी की गई तथा कब-कब, किसको व किस दर पर स्वीकृत की गई है? जेम के अतिरिक्त अन्य माध्यम/प्रकार से निविदा आमंत्रित करने स्वीकृति किस अधिकारी द्वारा कब व किन नियमों के आधार दी गई है? पदवार व नामवार तथा निविदावार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अवधि में उक्त संस्थाओं द्वारा कब-कब ईओआई (EoI) किन-किन कार्यो के लिए छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम के अंतर्गत उल्लेखित किन-किन नियमों के आधार पर आमंत्रित व स्वीकृत की गई है? यदि ईओआई (EoI) का प्रावधान भण्डार क्रय नियम में नहीं है तो किस आधार पर आमंत्रित की गई है? ईओआई वार जानकारी देवें? **(ग)** इन उपरोक्त निविदाओं पर कब, किसके द्वारा, किस संबंध में एवं किसको शिकायत की गई तथा इन पर क्या कार्यवाही की गई? दोषी कौन पाया गया? शिकायतवार जानकारी देवें?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग में प्रश्नाधीन अवधि में निविदा आमंत्रित नहीं की गई है, अतएव शेष प्रश्नांश उपस्थित ही नहीं होता है। **(ख)** उत्तर 'क' के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** उत्तर 'क' के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

## जिला बिलासपुर में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतों पर कार्यवाही

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**28. ( क्र. 205 ) श्री सुशांत शुक्ला :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बिलासपुर अंतर्गत वर्ष 2023-24 से जनवरी, 2026 तक कितनी एवं कहाँ-कहाँ की शासकीय भूमि में अतिक्रमण/ बेजा कब्जा की कितनी-कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं? वर्षवार, विकासखण्डवार, स्थानवार जानकारी

उपलब्ध करावें ? **(ख)** क्या प्रश्नांश "क" की प्राप्त शिकायतों में से कालोनाईजर्स के विरुद्ध भी शासकीय भूमि में अतिक्रमण किए जाने की शिकायतें प्राप्त हुईं अथवा विभाग के संज्ञान में आयी? यदि हां तो उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई? कितनी भूमि अतिक्रमण से मुक्त करा ली गई है? कितनी किन कारणों से लंबित हैं? भूमि कब तक मुक्त करा ली जाएगी? कालोनाईजरों के नाम पता सहित वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जिला बिलासपुर अंतर्गत वर्ष 2023-2024 से जनवरी 2026 तक शासकीय भूमि में अतिक्रमण/बेजा कब्जा के संबंध में कुल 708 प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग अंतर्गत प्राप्त शिकायतों की संख्या 695 है एवं नगरीय प्रशासन विभाग के समक्ष प्राप्त शिकायत/आवेदन की संख्या 13 है। प्राप्त शिकायतों का विकासखण्डवार एवं वर्षवार संख्यात्मक जानकारी निम्नानुसार है:-

| विकासखण्ड | कुल प्राप्त शिकायत प्रकरण वर्ष 2023-2024 | | कुल प्राप्त शिकायत प्रकरण वर्ष 2024-2025 | | कुल प्राप्त शिकायत प्रकरण वर्ष 2025-2026 | | महायोग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | राजस्व विभाग | आयुक्त नगर निगम | राजस्व विभाग | आयुक्त नगर निगम | राजस्व विभाग | आयुक्त नगर निगम | |
| बिल्हा | 126 | 02 | 135 | 04 | 19 | 06 | 292 |
| मस्तूरी | 37 | 0 | 73 | 0 | 22 | 0 | 132 |
| तखतपुर | 03 | 0 | 17 | 0 | 33 | 1 | 54 |
| कोटा | 54 | 0 | 113 | 0 | 63 | 0 | 230 |
| योग:- | 220 | 02 | 338 | 4 | 137 | 07 | **708** |

विकासखण्डवार, स्थानवार जानकारी **पुस्तकालय में रखें प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जी हां, प्रश्नांश ''क'' की प्राप्त शिकायतों में से कालोनाईजर्स के विरूद्ध भी शासकीय भूमि में अतिक्रमण किए जाने की कुल 06 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें राजस्व विभाग अंतर्गत 04 एवं नगरीय प्रशासन विभाग अंतर्गत प्राप्त शिकायतों की संख्या 02 हैं। की गई कार्यवाही की जानकारी **पुस्तकालय में रखें संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।

## जिला जांजगीर-चांपा में गौण खनिज खनन से प्राप्त राजस्व

[खनिज साधन]

**29. ( क्र. 212 ) श्री ब्यास कश्यप :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चांपा जिले में वर्तमान में कितने गौण खनिज खदान/पट्टे स्वीकृत हैं? इनमें से कितने सक्रिय तथा कितने निष्क्रिय हैं? **(ख)** विगत तीन वित्तीय वर्षो में जांजगीर-चांपा जिले से गौण खनिज के खनन से राज्य शासन को कितने राजस्व की प्राप्ति हुई है? क्या यह लक्ष्य के अनुरूप है? **(ग)** क्या यह सत्य है कि जिले में अवैध रेत/मुरूम/गिट्टी उत्खनन एवं परिवहन की शिकायतें लगातार मिल रही हैं? यदि हां, तो वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में कितने प्रकरण दर्ज किए गए तथा कितने वाहनों को जब्त किया गया?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जांजगीर-चांपा जिले में वर्तमान में कुल 158 गौण खनिज उत्खनन पट्टा स्वीकृत है, जिसमें से 141 कार्यशील तथा 17 शिथिल है। **(ख)** विगत तीन वित्तीय वर्षो 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में जांजगीर-चांपा जिले से गौण खनिज के खनन से राज्य शासन को 125 करोड़ 22 लाख 60 हजार रूपये प्राप्त हुए है। गौण खनिज से प्राप्त राजस्व के लिए पृथक से कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया जाता है। **(ग)** जी हाँ। वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में खनिज रेत/मुरूम/गिट्टी के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के कुल 1106 प्रकरण दर्ज कर 1105 वाहन जप्त किया गया ।

## विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर के अंतर्गत निर्मित बैराजों से प्रभावित किसानों की भूमि का मुआवज़ा

[जल संसाधन]

**30. ( क्र. 216 ) श्री रामकुमार यादव :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के अंतर्गत महानदी में बैराजा का निर्माण किया गया है? यदि हां तो नामवार विवरण देवें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार बैराज निर्माण हेतु प्रभावित किसानों की भूमि को क्या शासन द्वारा अधिग्रहित किया गया था? यदि हां तो विस्तृत विवरण देवें? **(ग)** क्या प्रश्नांक ''क'' के अनुसार बैराज से प्रभावित किसानों के छूटे हुए भूमि का सर्वे एवं भू- अधिग्रहण, मुआवजा राशि जनवरी,2026 तक छूटा हुआ है? यदि हाॅ तो किसानों के नाम व ग्रामवार रकबा, खसरा सहित विवरण देवें? यदि नहीं तो प्रश्नांक ''क'' ''ख'' ''ग'' 'के अनुसार बैराज से प्रभावित किसानों को भूमि की लंबित मुआवजा राशि कब तक प्रदान कर दी जावेगी ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जी हाँ, विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के अंतर्गत महानदी पर 02 बैराजों यथा कलमा बैराज एवं साराडीह बैराज का निर्माण किया गया है। **(ख)** जी हाँ, प्रश्नांक ''क'' के अनुसार बैराज निर्माण हेतु प्रभावित किसानों की भूमि को शासन द्वारा अधिग्रहित किया गया था। विस्तृत **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है। (ग)** जी हाँ, प्रश्नांक ''क'' के अनुसार बैराज से प्रभावित किसानों के छूटे हुए भूमि का सर्वे एवं भू- अधिग्रहण, मुआवजा राशि जनवरी, 2026 तक छूटा हुआ है। किसानों के नाम व ग्रामवार रकबा, खसरा सहित **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार है।** कलमा एवं साराडीह बैराज से प्रभावित किसानो को भूमि की लंबित मुआवजा भुगतान हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। समय बताया जाना संभव नही है।

## बैराजों से प्रभावित भूमि के कटाव को रोकने हेतु तटबंध निर्माण

[जल संसाधन]

**31. ( क्र. 217 ) श्री रामकुमार यादव :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के अंतर्गत महानदी में बैराजों का निर्माण किया गया है ? यदि हां तो नामवार विवरण देवें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार क्या निर्मित बैराजों से प्रभावित क्षेत्र महानदी के तट में हो रहे भूमि के कटाव को रोकने हेतु शासन द्वारा तटबंध निर्माण की योजना बनाई गई है? यदि हां तो विस्तृत विवरण देवें? यदि नहीं तो क्यों तथा प्रभावित क्षेत्रों में तटबंध का निर्माण कब तक करा दिया जावेगा?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** हाँ विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के अंतर्गत 02 बैराजों यथा कलमा बैराज एवं साराडीह बैराज का निर्माण किया गया है। **(ख)** कलमा बैराज के डूब क्षेत्र में महानदी के तट पर हो रहे भूमि के कटाव को रोकने हेतु वर्ष 2024-25 के बजट में "कलमा बैराज के डाउनस्ट्रीम दांयी तट पर रिटेनिंग वाल निर्माण कार्य ग्राम-बरगांव, लंबाई 250 मीटर" का कार्य जिसकी लागत राशि रू. 430.80 लाख है, प्रशासकीय स्वीकृति हेतु विभाग में प्रक्रियाधीन है। साराडीह बैराज से महानदी नदी के तट में भूमि के कटाव को रोकने हेतु वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में साराडीह बैराज के अपस्ट्रीम के बांयी तट पर तटबंध निर्माण कार्य जिसकी लागत राशि रू. 828.00 लाख है, प्रशासकीय स्वीकृति हेतु विभाग में प्रक्रियाधीन है। समय बताया जाना संभव नही है।

## मिनीमाता बांगो संभाग में स्वीकृत कार्य

[जल संसाधन]

**32. ( क्र. 224 ) श्रीमती शेषराज हरवंश :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मिनीमाता बांगो संभाग अंतर्गत सभी डिवीजन में वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में अनुरक्षण मद, वार्षिक

संधारण हेतु कितनी राशि प्रावधानित की गई थी? कितनी प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई? वृहद योजना/माध्यम योजना/ लघु योजना अंतर्गत कार्य का नाम सहित पृथक-पृथक जानकारी देवें? **(ख)** उक्त स्वीकृत कार्यो हेतु कितनी राशि की तकनीकी स्वीकृति किस अधिकारी द्वारा कब प्रदान की गई? कार्य का विवरण सहित सूची उपलब्ध करावें? **(ग)** उपरोक्त स्वीकृत कार्यो हेतु कौन सी पद्धति अपनाई गई? निविदा कब आमंत्रित हुई? प्राप्त निविदा दरों में पूर्व से प्रचलित दर एवं वर्तमान प्राप्त दरों में अन्तर क्या है? विवरण बतावें? **(घ)** प्रश्नांश 'ख' अनुसार किए गए कार्यो का किस-किस वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी द्वारा कब-कब निरीक्षण किया गया? वृहद परियोजना अंतर्गत किए गए कार्यो की व्यय राशि एवं फोटोग्राफ भी उपलब्ध करावें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** मिनीमाता (हसदेव) बांगो परियोजना अंतर्गत सभी डिवीजन में वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में अनुरक्षण मद, वार्षिक संधारण हेतु प्रावधानित की गई राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** प्रावधानित राशि के विरूद्ध कोई भी प्रशासकीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है। **(ख)** प्रश्नांश "क" के अनुसार जानकारी निरंक है। **(ग)** प्रश्नांश "क" के अनुसार जानकारी निरंक है। **(घ)** प्रश्नांश "ख" के अनुसार जानकारी निरंक है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]**

## मुख्यमंत्री जनदर्शन के दौरान प्राप्त शिकायतें/निराकरण

[जन शिकायत निवारण]

**33. ( क्र. 225 ) श्रीमती शेषराज हरवंश :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनवरी, 2024 से जनवरी, 2026 तक मुख्यमंत्री निवास में जनदर्शन कब-कब आयोजित किए गए? जन समस्या निराकरण के लिए कुल कितने आवेदन पंजीकृत हुए? कितने हितग्राहियों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराई? तिथिवार, शिकायतों के विवरण सहित विभागवार जानकारी बतावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार प्राप्त शिकायतों/समस्याओं में से निराकृत/लंबित/निराकरण हेतु प्रचलन में विभागवार, तिथिवार प्राप्त शिकायतों का सम्पूर्ण विवरण दीजिए? **(ग)** जनवरी, 2026 की स्थिति में जिला कार्यालयों में लंबित शिकायतों/समस्याओं की जानकारी लंबित होने के कारणों सहित प्राप्त शिकायतों के स्त्रोत के विवरण सहित विभागवार सम्पूर्ण जानकारी बतावें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जनवरी 2024 से जनवरी 2026 तक मुख्यमंत्री निवास में जनदर्शन दिनांक 27-06-2024, 04-07-2024, 08-08-2024, 19-09-2024, 13-11-2025 एवं 08-01-2026 को आयोजित किया गया है। जन समस्या निराकरण के लिए कुल 9415 आवेदन पंजीकृत हुए हैं। सभी हितग्राहियों ने अपनी समस्यायें दर्ज कराई। तिथिवार शिकायतों के विवरण सहित विभागवार जानकारी प्रपत्र अनुसार है। **(ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है। (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है।**
**[ संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]**

## बिलाईगढ़ विधानसभा के तटीय ग्रामों में महानदी से पाइपलाइन आधारित सिंचाई एवं पेयजल आपूर्ति

[जल संसाधन]

**34. ( क्र. 228 ) श्रीमती कविता प्राण लहरे :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या बिलाईगढ़ विधानसभा के महानदी तट पर स्थित ग्राम जैतपुर, कोसमकुंडा, पंडरीपाली एवं आसपास के क्षेत्रों में भू-जल स्तर अत्यधिक नीचे चले जाने के कारण पेयजल एवं कृषि हेतु जल का भारी संकट उत्पन्न हो गया है? **(ख)** क्या विभाग ने इन गांवों में महानदी के पानी को पाइपलाइन के माध्यम से लिफ्ट कर खेतों तक पहुँचाने और ओवरहेड टैंक के जरिए पेयजल आपूर्ति करने हेतु कोई कार्ययोजना या व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की

है? **(ग)** यदि हाँ, तो उक्त योजना की अनुमानित लागत क्या है और इसे कब तक प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाएगी? **(घ)** यदि कोई योजना वर्तमान में लंबित नहीं है, तो क्या शासन जनहित को देखते हुए महानदी के किनारे 'इंटेक वेल' बनाकर इन तटीय गांवों में जल संकट दूर करने के लिए तत्काल तकनीकी सर्वेक्षण कराने के निर्देश जारी करेगा? (ड़) क्या सरकार आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में जैतपुर सिंचाई परियोजना के लिए विशेष राशि का प्रावधान करेगी? यदि हाँ, तो कब तक कार्य प्रारंभ होने की संभावना है?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** बिलाईगढ़ विधानसभा के महानदी तट पर स्थित ग्राम जैतपुर, कोसमकुंडा, पंडरीपाली एवं आसपास के क्षेत्रों में पेयजल संकट उत्पन्न नहीं हुआ है। **(ख)** इन गांवों में महानदी के पानी को पाईप लाईन के माध्यम से लिफ्ट कर खेतों तक पानी पहुंचाने एवं ओवरहेड टैंक के जरिए पेयजल आपूर्ति करने हेतु कोई कार्ययोजना या व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार नहीं की गई है। **(ग)** प्रश्नांश 'ख' के उत्तर के संदर्भ में जानकारी निरंक है। **(घ)** जनहित को देखते हुए महानदी के किनारे 'इंटेक वेल' बनाकर इन तटीय गांवों में उद्वहन सिंचाई योजना के लिए तत्काल तकनीकी सर्वेक्षण कराने के निर्देश जारी किये गये हैं। (ड़) इस वर्ष 2025-26 के बजट में जैतपुर मेगा लिफ्ट उद्वहन सिंचाई परियोजना शामिल है, तकनीकी सर्वेक्षण के आधार पर प्रशासकीय स्वीकृति के उपरांत ही कार्य प्रारंभ किया जा सकेगा। अत: समयावधि बताया जाना संभव नहीं है।

## जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के प्रशासनिक ढांचे के विस्तार और रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में

[सामान्य प्रशासन]

**35. ( क्र. 231 ) श्रीमती कविता प्राण लहरे :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नवगठित जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में जिला स्तर के कितने विभागों के कार्यालय वर्तमान में पूर्णतः संचालित हैं और कितने विभाग अब भी रायगढ़ या अन्य जिलों से संबद्ध होकर कार्य कर रहे हैं? **(ख)** क्या सरकार बिलाईगढ़ क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए सरसीवां को 'अनुविभाग' का पूर्ण दर्जा देते हुए वहां स्थायी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की पदस्थापना करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** एवं **(ख)** की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]**

## महासमुंद जिले में एनीकट एवं अन्य सिंचाई परियोजनाओं हेतु प्रावधानित राशि

[जल संसाधन]

**36. ( क्र. 233 ) श्रीमती चातुरी नन्द :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बजट वर्ष 2024- 25 एवं 2025-26 में महासमुंद जिले में किन किन एनीकट, जलाशय एवं अन्य सिंचाई परियोजनाओं के लिए बजट में कितनी-कितनी राशि का प्रावधान किया गया है ? परियोजना के नाम, बजट में प्रावधानित राशि सहित जानकारी वर्षवार बताएं ? **(ख)** प्रश्न क में उल्लेखित समयावधि के दौरान बजट में प्रावधान किए गए परियोजनाओं में से कितनी परियोजनाओं के लिए प्रशासकीय स्वीकृति कब-कब प्रदान की गई है ? कितनी की स्वीकृति किन कारणों से कब से लंबित है ? लंबित होने के कारण सहित जानकारी विकासखंडवार दें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** बजट वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में महासमुंद जिले में एनीकट, जलाशय एवं अन्य सिंचाई परियोजनाओं के लिए राशि रू. 2910.00 लाख का प्रावधान किया गया है। परियोजना के नाम, बजट में प्रावधानित राशि सहित वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश 'क' में उल्लेखित समयावधि के दौरान वर्ष 2024-25 के बजट में प्रावधानित 43 कार्यों में से 02 कार्यों की तथा वर्ष

2025-26 के बजट में प्रावधानित 26 कार्यों में से 04 कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्ष 2024-25 के बजट में प्रावधानित शेष 41 कार्यों तथा वर्ष 2025-26 के बजट में प्रावधानित शेष 22 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति लंबित होने के संबंध में विकासखंडवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।**
**[ संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]**

## जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं रायपुर में रेत एवं अन्य खनिजों का अवैध उत्खनन

[खनिज साधन]

**37. ( क्र. 236 ) श्री संदीप साहू :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं रायपुर में रेत एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन के विगत तीन वर्षों में कितने प्रकरण दर्ज किए गए हैं एवं कितनों पर कार्रवाई की गई है? **(ख)** अवैध रेत खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए शासन द्वारा क्या ठोस कदम उठाए गए हैं? इन उपायों का क्या परिणाम रहा है? **(ग)** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं रायपुर में अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रश्नांकित अवधि में कब-कब एफआईआर दर्ज की गई हैं तथा कितनों के वाहन जब्त किए गए हैं? **(घ)** क्या शासन द्वारा रेत उत्खनन की निगरानी हेतु ड्रोन सर्वेक्षण, सीसीटीवी कैमरे एवं जीपीएस ट्रैकिंग प्रणाली लागू की गई है? यदि हाँ, तो उसका विवरण दें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं रायपुर में रेत एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन के विगत् तीन वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 (31 जनवरी, 2026 तक) में कुल 585 प्रकरण दर्ज किए गए है। समस्त 585 दर्ज प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। **(ख)** अवैध रेत खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा-21 से 23**(ख)** के प्रावधानों के अंतर्गत दण्डित किये जाने के प्रावधान हैं। केन्द्रीय तथा जिला खनिज टास्क फोर्स द्वारा सतत् संयुक्त कार्यवाही से रेत अवैध उत्खनन पर अंकुश लगा है। **(ग)** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं रायपुर अंतर्गत अवैध खनन में संलिप्त 13 व्यक्तियों के विरूद्ध दिनांक 17.01.2025, 21.05.2025, 01.07.2025 तथा 13.11.2025 को एफआईआर पंजीबद्ध कर 04 वाहन एवं 01 नाव सहित सक्शन मशीन जप्त किया गया है। **(घ)** जी नहीं। शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता।

## जिला रायपुर एवं बलौदाबाजार अंतर्गत बड़े विद्युत बिल के बकायादार

[ऊर्जा]

**38. ( क्र. 237 ) श्री संदीप साहू :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला रायपुर एवं बलौदाबाजार अंतर्गत ऐसे कितने बड़े विद्युत बिल के बकायादार हैं, जिन पर ₹ 1 लाख से अधिक की राशि बकाया है? इन बकायादारों के विरूद्ध अब तक क्या-क्या कार्यवाही हुई है? कृपया उनके नाम, पते तथा बकाया राशि का विवरण जिले व विकासखण्डवार दें ? **(ख)** किन-किन बड़े औद्योगिक, वाणिज्यिक एवं संस्थागत उपभोक्ताओं से समय पर विद्युत बकाया वसूली नहीं की जा रही है? यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं? इन बकायादारों के विरूद्ध अब तक क्या-क्या कार्यवाही हुई है? कृपया उनके नाम, पते तथा बकाया राशि का विवरण जिले व विकासखण्डवार दें ? **(ग)** किन-किन बड़े विद्युत बकायादारों से वसूली हेतु कब-कब क्या कार्यवाही हुई है ? अब तक कितने कनेक्शन विच्छेद किए गए हैं एवं कितने मामलों में कानूनी कार्रवाई की गई है? उनके नाम पते तथा बकाया राशि का विवरण जिले व विकासखण्डवार दें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जिला रायपुर एवं बलौदाबाजार में दिनांक 31.01.2026 की स्थिति में राशि रूपये 1 लाख से अधिक की राशि बकाया वाले कुल 5354 उपभोक्ता हैं, जिसमें 5006 शासकीय एवं

348 गैर शासकीय कनेक्शन हैं। शासकीय कनेक्शन जनसुविधाओं हेतु स्थापित हैं, अतः इनके बकाया की वसूली हेतु विभाग द्वारा नोटिस जारी किया जाता है तथा शासन स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं एवं शासन द्वारा लगातार राशि दी जा रही है। शासकीय कनेक्शनों एवं गैर शासकीय बकायादारों के विरूद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी नाम, पते तथा बकाया राशि सहित जिले व विकासखण्डवार **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** उक्त दोनों जिलो के समस्त औद्योगिक, वाणिज्यिक उपभोक्ताओं से विद्युत बकाया राशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जा रही है। उक्त उपभोक्ताओं से बकाया राशि की वसूली हेतु की गई कार्यवाही की जानकारी, अन्य विवरण सहित **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ग)** गैर शासकीय विद्युत बकायादारों से वसूली हेतु कार्यवाही का विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''ब''** में दर्शित है। गैर शासकीय 348 कनेक्शनों में से क्रियाशील 225 विद्युत कनेक्शनों में से 85 का भुगतान प्राप्त, 10 में बिल सुधार करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन, 15 में भुगतान हेतु नोटिस जारी, 15 प्रकरण न्यायालय में लंबित एवं शेष 100 विद्युत कनेक्शनों पर विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही की गई है तथा स्थायी रूप से विच्छेदित 123 गैर शासकीय उपभोक्ताओं के विरूद्ध ड्यूज रिकव्हरी एक्ट के तहत् कार्यवाही की गई है। जिसकी जानकारी जिले व विकासखण्डवार **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ''** अनुसार है।

## भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल संसाधन विभाग के निर्माण कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति

[जल संसाधन]

**39. ( क्र. 240 ) श्री इंद्र साव :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के बजट में मेरे प्रस्ताव पर भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल संसाधन विभाग के बजट में कितने कार्यो को सम्मिलित किया गया था तथा कितने कार्यों को जल संसाधन के मुख्य बजट में सम्मिलित किया गया है ? **(ख)** वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के बजट में सम्मिलित कितने कार्यो को प्राथमिकता क्रम में सम्मिलित कर विभाग द्वारा डी.पी.आर. तैयार कर इनकी प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई तथा निविदा जारी की गई है ? विस्तृत जानकारी दें ? **(ग)** क्या यह सही है कि विगत वित्तीय वर्ष बजट 2024-25 एवं 2025-26 में जल संसाधन विभाग के द्वारा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के किसी भी कार्य को विभाग के मुख्य बजट में शामिल नहीं कर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान नहीं की गई हैं ? यदि हां तो शामिल नहीं करने के क्या कारण हैं? विस्तृत जानकारी दें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 03 एवं वर्ष 2025-26 में 07 कार्य विभागीय बजट में सम्मिलित है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** वित्तीय वर्ष 2024-25 में 01 एवं वर्ष 2025-26 में 05 कार्यों का विभाग द्वारा डी.पी.आर. तैयार किया गया था। इनमें से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 01 एवं वर्ष 2025-26 में 01 कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति होने के उपरांत निविदा जारी की गई है। वर्ष 2024-25 के 02 एवं वर्ष 2025-26 के 06 कार्यों के डी.पी.आर. तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति की कार्यवाही विभाग में प्रक्रियाधीन है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ग)** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 03 एवं वर्ष 2025-26 में 07 कार्य विभागीय बजट में सम्मिलित है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]**

## छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों के अंतर्गत अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरण

[सामान्य प्रशासन]

**40. ( क्र. 242 ) श्री इंद्र साव :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रितों को कितने दिनों के भीतर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किए जाने का प्रावधान है ? कितने प्रतिशत रिक्त पदों पर तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर अनुकम्पा नियुक्ति दिए जाने

हेतु शैक्षणिक अर्हता क्या है ? **(ख)** क्या दिवंगत शासकीय सेवक जिस विभाग में कार्यरत था, उस विभाग में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पद यदि रिक्त ना हों, तो दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रितों को अन्य विभाग में अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किए जाने का प्रावधान है ? इसकी नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है ? इसकी विस्तृत जानकारी दें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** वर्तमान में प्रचलित अनुकम्पा नियुक्ति निर्देश-2013 के अनुसार सामान्य परिस्थियों में अनुकम्पा नियुक्ति के लिए अधिकतम अवधि 03 वर्ष तथा विशेष परिस्थितियों में सामान्य प्रशासन विभाग की अनुमति से 05 वर्ष समय-सीमा निर्धारित है। सीधी भर्ती के तृतीय श्रेणी संवर्ग के पदों में स्वीकृत कुल पदों के 10 प्रतिशत रिक्त पदों पर तथा चतुर्थ श्रेणी के पदों पर अनुकम्पा नियुक्ति हेतु कोई सीमा बंधन नहीं है। तृतीय श्रेणी के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति हेतु हायर सेकेण्डरी (10+2)/12वीं उत्तीर्ण व विभागीय भर्ती नियम में निर्धारित अन्य तकनीकी अर्हता/कौशल परीक्षा निर्धारित है। चतुर्थ श्रेणी के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति हेतु शैक्षणिक अर्हताएं विभागीय भर्ती नियम अनुसार (पांचवी/आठवीं उत्तीर्ण) है।**(ख)** जी हां। अनुकम्पा नियुक्ति निर्देश-2013 की कंडिका 15(10) में प्रावधानित है कि दिवंगत शासकीय सेवक के विभाग में रिक्त पद उपलब्ध न होने की दशा में, विभागाध्यक्ष तदाशय के प्रमाण-पत्र के साथ अनुकम्पा नियुक्ति का आवेदन-पत्र संबंधित जिला कलेक्टर को अनुकम्पा नियुक्ति देने की आगामी कार्रवाई हेतु अग्रेषित किया जायेगा। संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा उसके जिले में, उसके अधीनस्थ विभागों में अनुकम्पा नियुक्ति हेतु रिक्त पद उपलब्ध होने पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने की कार्रवाई की जाती है। निर्देश की कंडिका 15(11) अनुसार संबंधित जिले में भी किसी कार्यालय में अनुकम्पा नियुक्ति हेतु रिक्त पद उपलब्ध न होने पर जिला कलेक्टर तदाशय के प्रमाण-पत्र के साथ आवेदक का अनुकम्पा नियुक्ति का आवेदन पत्र, अपने संभागीय आयुक्त कार्यालय को प्रेषित करेंगे एवं आवेदक को उसकी सूचना दी जाएगी। संभागीय आयुक्त अपने अधीनस्थ अन्य जिले, जहां पद रिक्त हों, अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने की आगामी कार्रवाई हेतु संबंधित जिला कलेक्टरको प्रकरण अग्रेषित करेंगे तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण कलेक्टर/संभागायुक्तों द्वारा किया जाता है।

## काठाडीह एनीकट के अपस्ट्रीम से खारून नदी से ओवर बरडन निकालने हेतु प्रशासकीय स्वीकृति

[जल संसाधन]

**41. ( क्र. 247 ) श्री मोतीलाल साहू :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** काठाडीह एनीकट के अपस्ट्रीम से खारून नदी से ओवर बरडन निकालने हेतु कब व कितनी राशि की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई थी ? उक्त संबंध में कब निविदा आमंत्रित की गई तथा कितने निविदाकारों ने भाग लिया तथा किस निविदाकार को कार्यादेश प्रदाय किया गया ? राशि सहित जानकारी प्रदान करें ? **(ख)** प्रश्नांक क में क्या उक्त कार्य में मिट्टी एवं सिल्ट निकालने के स्थान पर रेत उत्खनन कार्य का रॉयल्टी शासन को जमा किया गया है, तो क्या संबंधित खनिज विभाग से विधि सम्मत अनुमति ली गई थी ? यदि हां तो उक्त रेत को किस प्रयोजनार्थ उपयोग किया गया ? **(ग)** क्या उत्खनित रेत का विक्रय किये जाने का कोई प्रावधान है ? यदि नहीं तो किस आधार पर विक्रय किया गया ? **(घ)** क्या उक्त रेत उत्खनन के विरूद्ध कोई शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां तो विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की गई ? शिकायतवार जानकारी प्रदान करें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** काठाडीह के अपस्ट्रीम से खारून नदी से ओवर बर्डन निकालने हेतु छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा दिनांक 23.08.2024 के तहत् 252.50 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई थी। प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने के बाद दिनांक 20.12.2024 को निविदा आमंत्रित की गई तथा कुल 8 निविदाकारों ने भाग लिया। दिनांक 19.04.2025 को कार्यादेश निविदाकार टी.बी.एस. बंछोर,

''अ'' वर्ग ठेकेदार, दुर्ग को राशि रूपये 1,93,66,622/-का प्रदान किया गया। **(ख)** उक्त कार्य में कुल 5000 क्यूबिक मीटर रेत की मात्रा उत्खनन में प्राप्त हुआ है, जिस हेतु कार्य में नियोजित ठेकेदार से रॉयल्टी मद में राशि रू. 2,50,000/- की कटौती व्हाऊचर क्र. 24, दिनांक 12.09.2025 के माध्यम से की जा कर शासन को जमा की गई है। रेत खनन हेतु खनिज विभाग से अनुमति नहीं ली गई है। वर्तमान में खुदाई से प्राप्त रेत कार्य स्थल के समीप ही एकत्रित करके रखा हुआ है। **(ग)** जी नहीं, उत्खनित रेत का विक्रय नहीं किया गया है। **(घ)** उक्त रेत उत्खनन के विरूद्ध कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

## पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत पंजीयन एवं लाभान्वितों की संख्या

[ऊर्जा]

**42. ( क्र. 248 ) श्री अजय चंद्राकर :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत 31 जनवरी, 2026 की स्थिति में कितने आवेदन पंजीकृत किये गये हैं? उनमें से कितने आवेदकों द्वारा वेंडर चयनित किये गये व कौन-कौन से बैंकों के माध्यम से बैंक फाइनेंस हेतु प्रकरण भेजे गये हैं ? उनमें से कितने आवेदन स्वीकृत हुये हैं और कितने लंबित हैं? **(ख)** उक्त अनुसार कितने आवेदकों का सोलर पैनल स्थापित किया जा चुका है और कितने सिंक्रोनाईज प्रदाय कर दी गयी है? **(ग)** उक्त आवेदनों में राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा कितनी-कितनी राशि का सब्सिडी दिया जाना है और कितने को सब्सिडी प्रदाय की जा चुकी है तथा कितने शेष हैं? अलग अलग बतायें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत 31 जनवरी 2026 की स्थिति में 1,34,821 आवेदन पंजीकृत किए गये हैं। इनमें से 82,892 आवेदकों द्वारा वेंडर का चयन किया जा चुका है। बैंक फाइनेंस हेतु कुल 50,589 आवेदकों द्वारा 20 बैंकों को आवेदन दिये गये हैं, जिसमें से 26,273 आवेदनों पर बैंकों द्वारा स्वीकृती प्रदान की जा चुकी हैं, 11,055 प्रकरण लंबित हैं तथा 13,261 प्रकरण विभिन्न कारणों से बैंकों के द्वारा निरस्त किया गया हैं। बैंकों की सूची **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत 28,742 आवेदकों के छत पर सोलर पैनल स्थापित किये जा चुके हैं। जिसमें से 26,296 आवेदकों के सोलर प्लांट को सिंक्रोनाईजेशन किया जा चुका हैं। **(ग)** पी.एम. सूर्यघर योजना अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा 1 किलोवॉट क्षमता के सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना हेतु राशि रूपये 15,000/- तथा 2 किलोवॉट या इससे अधिक क्षमता के सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना पर अधिकतम राशि रूपये 30,000/- की वित्तीय सहायता दी जा रही है तथा इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार के द्वारा 1 किलोवॉट के लिये 30 हजार, 2 किलोवॉट के लिये 60 हजार एवं 3 किलोवॉट एवं अधिक क्षमता के लिये 78 हजार की वित्तीय सहायता दिये जाने का प्रावधान है। केन्द्र अनुदान में से 18304 आवेदकों को रूपये 141.97 करोड की सब्सिडी दी जा चुकी है एवं 4618 प्रकरण लंबित है। इसी प्रकार राज्य अनुदानों में से 16,577 आवेदकों को रूपये 49.74 करोड़ रूपये की सब्सिडी दी जा चुकी है एवं 144 प्रकरण लंबित है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]**

## सुशासन विभाग अंतर्गत कार्ययोजना, वित्तीय एवं भौतिक स्थिति

[सुशासन एवं अभिसरण]

**43. ( क्र. 249 ) श्री अजय चंद्राकर :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अतारांकित प्रश्न संख्या 8.(क्र.54), दिनांक 15 दिसंबर, 2025 के तारतम्य में सुशासन एवं अभिसरण विभाग का पद संरचना क्या है? क्या जिला स्तरीय कार्यालय स्थापित किया गया है ? यदि हां, तो किन-किन जिलों में स्थापित किया गया है और पदों का सेटअप क्या है? यदि नहीं तो इसकी क्रियान्वयन प्रणाली क्या है? मॉनिटरिंग किस स्तर के अधिकारी/कर्मचारी द्वारा किया जा रहा है? **(ख)** प्रश्नांक (क) प्रश्नावधि में प्रशासनिक सुधार के अंतर्गत कार्य

क्षमता व दक्षता बढ़ाने हेतु कौन-कौन सी सुनियोजित योजनायें प्रारंभ की गयी हैं और उनका परिणाम क्या रहा? **(ग)** मुख्यमंत्री अटल मॉनिटरिंग डैशबोर्ड अंतर्गत प्रश्नावधि तक कितने विभागों को इमपैनल किया गया है और इसके तहत् विभागवार कार्यो की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति क्या है? कितने कार्य निर्धारित समयावधि से धीमा/तेजी/निर्धारित समय के अनुसार चल रही हैं? **(घ)** सुशासन एवं अभिसरण विभाग के लागू दिनांक से प्रश्नावधि दिनांक तक कितनी राशि का बजट प्रावधान किया गया है और किन-किन कार्यो में व्यय किया गया है तथा आईएसटीएम व आई.आई.आई.टी. अंतर्गत दिए गए प्रशिक्षण के दौरान कितनी राशि किन-किन मदों से व्यय की गयी है?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** स्वीकृत पद संरचना की जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। जिला स्तर पर कोई पद स्वीकृत नहीं है। सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा कराये गये कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग विभागों के अभिसरण के माध्यम से किया जा रहा है।**(ख)** प्रश्नांक (क) प्रश्नावधि में प्रशासनिक सुधार के अंतर्गत मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना का क्रियान्वयन तथा प्रतिष्ठित संस्थानों के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इन पहलों से कार्य निष्पादन, नीति निर्धारण एवं तकनीकि उन्नयन फलस्वरूप प्रभावी रूप से दायित्वों का निर्वहन किया जा रहा है।**(ग)** मुख्यमंत्री अटल मॉनिटरिंग डैशबोर्ड अंर्तगत कुल 35 विभागों को ऑनबोर्ड किया गया है। 35 विभागों की कुल 721 KPIs की मॉनिटरिंग की जा रही है। अटल मॉनिटरिंग डैशबोर्ड अंतर्गत मुख्य प्रदर्शन संकेतक (KPI) के माध्यम से योजनाओं के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रदर्शन की मॉनिटरिंग की जाती है। जिसमें वित्तीय एवं भौतिक स्थिति शामिल करना अनिवार्य नहीं है। KPI परिवर्तनशील है, जिसकी समीक्षा का आधार वित्तीय एवं भौतिक प्रगति न होकर गुणात्मक क्रियान्वयन के बिन्दुओं पर है। शेषांश प्रश्न उद्भुत नहीं होता।**(घ)** विभाग अंतर्गत राशि रूपये 74.37 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। लेखन सामाग्री एवं फर्मो की छपाई, सहायता अनुदान, व्यावसायिक सेवाओ हेतु अदायगी, प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति, एवं सम्मलेन कार्यों में व्यय किया गया है। आईएसटीएम व आई.आई.आई.टी. अंतर्गत दिये गये प्रशिक्षण में राशि रूपये 22,67,400/- का व्यय 77-2052-090-#5 प्रशिक्षण मद से की गई है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]**

## विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही अंतर्गत मोबाईल टॉवर की स्थापना

[इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी]

**44. ( क्र. 252 ) श्री कुंवर सिंह निषाद :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या विभाग द्वारा मोबाईल टॉवर स्थापना हेतु कोई योजना बनाई गई है ? गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के कितने गांवों में मोबाईल नेटवर्क की समस्या है एवं उक्त समस्या से निजात पाने हेतु किन-किन गाँवों में टॉवर स्थापना किये जाने की योजना है ? जानकारी देवें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) :** जी हॉ, राज्य में मोबाईल टावर योजना लागू की गयी है। विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही के अंतर्गत कुल 230 ग्राम है एवं दूरसंचार विभाग, भारत सरकार से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही के अंतर्गत सभी 230 ग्रामों में मोबाईल कनेक्टिविटी उपलब्ध है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है। (**सूची संलग्न प्रपत्र अनुसार)**
**[ संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]**

## विकासखण्ड डौंडीलोहारा के ग्राम सुरेगाँव में लो वोल्टेज की गंभीर समस्या का निराकरण

[ऊर्जा]

**45. ( क्र. 253 ) श्री कुंवर सिंह निषाद :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या जिला बालोद अंतर्गत विकासखण्ड डौंडीलोहारा के ग्राम सुरेगाँव विद्युत सब स्टेशन में लो वोल्टेज की गंभीर समस्या है ? क्या उक्त समस्या से परेशान क्षेत्रवासियों द्वारा विभाग को शिकायत की गई है ? यदि हाँ तो समस्या के निराकरण हेतु विभाग द्वारा क्या योजना बनाई गई है ? जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार विकासखण्ड डौंडीलोहारा के ग्राम सुरेगाँव सब स्टेशन को 33/11 के.व्ही. विद्युत सब स्टेशन सांकरा (जगन्नाथपुर) से इंटरकनेक्ट करने हेतु विभाग को प्रस्ताव प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ तो कब तक स्वीकृति प्रदान की जावेगी ? जानकारी देवें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** सामान्यतः जिला बालोद अंतर्गत विकासखंड डौंडीलोहारा के ग्राम सुरेगांव सब-स्टेशन में लो-वोल्टेज की समस्या नहीं है, तथापि धान फसल के दौरान लगातार अवर्षा की स्थिति होने पर संपूर्ण क्षेत्र के कृषि सिंचाई पंपों के एक साथ उपयोग होने के कारण अवर्षा अवधि में सिस्टम ग्रिड वोल्टेज कम होने की स्थिति निर्मित होती है। क्षेत्रवासियों की शिकायतों के परिप्रेक्ष्य में समस्या के निराकरण हेतु सुरेगांव सब-स्टेशन को 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सांकरा जगन्नाथपुर से इंटरकनेक्ट करने हेतु विभागीय स्तर पर ही प्रस्ताव बनाया गया है। **(ख)** विकासखंड डौंडीलोहारा के ग्राम सुरेगांव सब-स्टेशन को 33/11 के.व्ही. विद्युत सब-स्टेशन सांकरा (जगन्नाथपुर) उपकेन्द्र से इंटरकनेक्ट करने हेतु विभागीय प्रस्ताव की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 11.02.2026 को की जा चुकी है।

## कैमिकल फैक्ट्रियों की स्वीकृति में नियमों के उल्लघंन की शिकायतों पर कार्यवाही

[सामान्य प्रशासन]

**46. ( क्र. 256 ) श्री देवेन्द्र यादव :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ई.ओ.डब्लू) को दुर्ग जिले के अंतर्गत एक ही पते पर अलग-अलग कैमिकल फैक्ट्रियां खोले जाने की शिकायत प्राप्त हुई है ? **(ख)** क्या कैमिकल फैक्ट्रियों की स्वीकृति में शासन के नियमों के उल्लघंन की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हां, तो विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ? **(ग)** प्रश्न " ख " में शिकायत अनुसार कौन-कौन सी फैक्ट्रियों की शिकायत प्राप्त हुई है ? नाम, पता एवं फैक्ट्रियों का स्वामित्व किनका है। जानकारी देवें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जी हां, शिकायत प्राप्त हुई है। **(ख)** जी हां, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड द्वारा पक्षपातपूर्ण कार्यवाही एवं पर्यावरण नियमों का उल्लंघन के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है। ईओडब्ल्यू में शिकायत क्रमांक02/2025 पंजीबद्ध किया गया है तथा विभाग से तथ्यात्मक जानकारी मांगी गई है। **(ग)** प्रश्न ख में शिकायत अनुसार निम्नलिखित फैक्ट्रियों की शिकायत प्राप्त हुई है, जिसका नाम, पता एवं फैक्ट्रियों का स्वामित्व की जानकारी निम्नानुसार है- (1) दीपा इंडस्ट्रीज, पता प्लॉट नंबर 147/बी. लाईट इंडस्ट्रीज एरिया भिलाई, प्रोपराईटर श्रीमती मीरा अहिरवाल जो वर्ष 2019 से मेसर्स भिलाई कार्बन प्राइवेट लिमिटेड, स्माल मैनूफेक्चरिंग इंटरप्राइजेस उद्यम आकांक्षा-प्रोपराईटर श्री गोविंद मण्डल। (2) मेसर्स - एम.पी. तार प्रोडक्ट, प्रोपराईटर पंकज कोठारी, पता-प्लॉट नंबर 69-70, लाईट इंडस्ट्रीज एरिया भिलाई। (3) मेसर्स- श्री श्याम केमिकल, प्रोपराईटर- कमल कुमार सक्सेना, पता-प्लॉट नंबर 12-1, 13-डी, हैवी इंडस्ट्रीयल एरिया हथखोज भिलाई। (4) मेसर्स - एस.एस. उद्योग, प्रोपराईटर श्री पवन मंत्री, संजय मंत्री, हरीश मंत्री पता प्लॉट नंबर 17-एन, हैवी इंडस्ट्रीयल एरिया हथखोज भिलाई। जिसका बाद में नाम बदलकर मेसर्स टेथीस कैम प्रा०लि० किया गया

जिसके डायरेक्टर श्री गोविन्द मंडल है। (5) टेथीस हाईड्रो कार्बन प्रा०लि०, डायरेक्टर श्री गोविन्द मंडल, पता- प्लाट नं 37, इंजिनियरिंग पार्क हथखोज भिलाई।

## सुशासन एवं अभिसरण विभाग में निजी सलाहकारों (PMU) की भूमिका

[सुशासन एवं अभिसरण]

**47. ( क्र. 261 ) श्री भूपेश बघेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या सुशासन एवं अभिसरण विभाग में कार्यरत निजी सलाहकारों को विभागीय गोपनीय फाइलों तक पहुँचा दिया गया है ? यदि हां तो इसका संवैधानिक आधार क्या है? क्या ये सलाहकार नियमित आईएएस अधिकारियों के कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं? क्या शासन के महत्वपूर्ण नीतिगत मसौदे (Draft Policies) विभागीय सचिवों के बजाय निजी सलाहकार कंपनियों द्वारा तैयार किए जा रहे हैं? क्या यह 'कैबिनेट गोपनीयता' का उल्लंघन नहीं है? **(ख)** नवाचार के नाम पर विभाग के अधिकारियों द्वारा 2025 में की गई विदेश यात्राओं पर कितनी सरकारी राशि व्यय हुई है? इन दौरों से प्राप्त ऐसी कौन सी 'बेस्ट प्रैक्टिस' है जिसे छत्तीसगढ़ के गांवों में लागू किया गया है? **(ग)** अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से नागरिकों की 'निजता' की सुरक्षा हेतु क्या उपाय किए गए हैं? क्या इस पोर्टल का डेटा किसी 'थर्ड पार्टी' एजेंसी के सर्वर पर होस्ट किया जा रहा है? **(घ)** सुशासन विभाग और संबंधित विभागों (GAD/IT) के मध्य 'एक ही कार्य' के लिए दो बार बजट आहरण किए जाने की कितनी शिकायतें शासन को प्राप्त हुई हैं? पिछले एक वर्ष में 'सुशासन सम्मेलनों' और विज्ञापनों पर कितनी राशि व्यय की गई?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** नहीं, शेषांश प्रश्न उद्भुत नहीं होता है।**(ख)** नहीं, शेषांश प्रश्न उद्भुत नहीं होता है।**(ग)** अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में नागरिकों की कोई निजी जानकारी संधारित नहीं किया जाता है। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल का डाटा स्टेट डाटा सेंटर के सर्वर पर होस्टेड है।**(घ)** सुशासन विभाग और संबंधित विभागों (GAD/IT) के मध्य 'एक ही कार्य' के लिये दो बार बजट आहरण किये जाने के सम्बन्ध में शिकायत की जानकारी निरंक है। पिछले एक वर्ष में 'सुशासन सम्मेलनों और विज्ञापनों पर कुल राशि रुपये 8,81,241 व्यय की गई।

## एस0आर0 वी0 सोलर कम्पनी द्वारा सोलर पावर प्लांट की स्थापना

[ऊर्जा]

**48. ( क्र. 269 ) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** प्रदेशभर में एस0आर0 वी0 सोलर द्वारा कहाँ-कहाँ विद्युत उत्पादन हेतु सोलर पावर प्लांट की स्थापना की गयी है ? जिलेवार सोलर पावर प्लांट का स्थापित रकबा हेक्टेयर सहित जानकारी देवें ? **(ख)** क्या एस0आर0 वी0 सोलर कंपनी सी0एस0आर0 (कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) अंतर्गत आता है? यदि हाँ तो एस0आर0 वी0 सोलर कंपनी द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व प्रतिबद्धता अंतर्गत कहाँ-कहाँ, कौन-कौन से कितने कार्य किये या कराये गए हैं ? समस्त गतिविधियों व खर्च की गई राशि की जानकारी प्रदान करें ? **(ग)** प्रदेश में एस0 आर0 वी0 द्वारा स्थापित सोलर पावर प्लांट लगाने हेतु क्या उपयोग में लाई गई कृषिभूमि का व्यावसायिक उपयोग हेतु डायवर्सन कराया गया है? यदि नहीं तो क्या कार्यवाही की गयी ? जानकारी प्रदान करें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** प्रदेश में एस.आर.वी. सोलर द्वारा विद्युत उत्पादन हेतु सोलर पावर प्लांट की स्थापना नहीं की गई है, अतः शेष प्रश्न उद्भूत नही होता है। **(ख)** एस.आर.वी. सोलर कंपनी सी.एस.आर. (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) अंतर्गत नहीं आता है। अतः शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।

**(ग)** प्रश्नांश (क) के परिप्रेक्ष्य मे चूंकि एस.आर.वी.सोलर द्वारा प्रदेश मे सोलर पावर प्लांट की स्थापना नही की गई है, अतः शेष प्रश्न उद्‌भूत नही होता है।

## समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन नीति वर्ष 2025-26 में वर्णित प्रावधानों के तहत त्रिपक्षीय अनुबंध

[सहकारिता]

**49. ( क्र. 273 ) श्री दलेश्वर साहू :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या राज्य में धान खरीदी वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन नीति वर्ष 2025-26 में वर्णित प्रावधानों के तहत धान उपार्जन कार्य में नियोजित सहकारी समितियों, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं विपणन संघ के मध्य त्रिपक्षीय अनुबंध निष्पादित किया जाना प्रावधानित है ? यदि हॉ तो जिलो में उक्त प्रावधान के तहत त्रिपक्षीय अनुबंध कब निष्पादित किया गया है? सोसायटी में धान क्रय करने हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रासंगिक व्यय प्रति क्विंटल कितने रूपये किन-किन निर्धारित कार्यो हेतु कितनी- कितनी राशि तय कियी गयी है?क्या धान खरीदी वर्ष 2025-26 में इस संबंध में राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा कोई निर्देश जारी किया गया हैं जानकारी देवें?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) :** राज्य में धान खरीदी वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन नीति वर्ष 2025-26 में वर्णित प्रावधानों के तहत धान उपार्जन कार्य में नियोजित सहकारी समितियों, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं विपणन संघ के मध्य त्रिपक्षीय अनुबंध निष्पादित किया जाना प्रावधानित है, त्रिपक्षीय अनुबंध निष्पादन की जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे जाने हेतु **प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। सोसाइटी में धान क्रय करने हेतु राज्य सरकार द्वारा तय की गई राशि रू. 22.05 प्रति क्विंटल, प्रासंगिक व्यय की कार्यवार जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य | दर प्रति क्विंटल (राशि रू.में) |
|---|---|---|
| 1 | बोराभराई | 5.00 |
| 2 | तौल | 5.75 |
| 3 | सिलाई | 1.40 |
| 4 | लेबलिंग | 3.15 |
| 5 | लोडिंग | 6.75 |
| **कुल** | | **22.05** |

धान खरीदी वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देश **पुस्तकालय** में रखे जाने वाले **प्रपत्र-'ब'** एवं केन्द्र सरकार द्वारा जारी निर्देश, **पुस्तकालय** में रखे जाने वाले **प्रपत्र-'स'** अनुसार है।

## विभिन्न आपदाओं से जनहानि होने पर परिजनों को क्षतिपूर्ति

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**50. ( क्र. 277 ) श्री भोलाराम साहू :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले में वर्ष 2024-25 से 31 जनवरी, 2026 तक सड़क दुर्घटना से मृत, तालाब, बांध व स्टापडेम में डूबने से मृत, सर्पदंश, आगजनी से मृत/जख्मी, आकाशीय बिजली गिरने एवं अन्य अपदाओं के तहत जनहानि होने पर कितने व्यक्तियों के परिजनों को कितनी क्षतिपूर्ति सहायता राशि दी गई ? वर्षवार, तहसीलवार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका ''क'' के अनुसार कितने पीड़ित परिवार के व्यक्तियों को किन-किन आपदाओं के तहत क्षतिपूर्ति राशि देना शेष है ? वर्षवार तहसीलवार जानकारी देवें ?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** प्रश्नाधीन अवधि में राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले में सड़क दुर्घटना एवं प्राकृतिक आपदा से जनहानि होने पर परिजनों को दी गई सहायता राशि की वर्षवार एवं

तहसीलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है**। **(ख)** प्रश्नांश **(क)** के परिप्रेक्ष्य में पीड़ित परिवारों को सहायता राशि देना शेष नहीं है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]**

## जिला खनिज एवं न्यास मद से स्वीकृत कार्य एवं राशि

[खनिज साधन]

**51. ( क्र. 281 ) श्री इन्द्रशाह मंडावी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी अन्तर्गत जिला खनिज एवं न्यास मद से अप्रैल, 2023 से जनवरी, 2026 तक कुल कितनी राशि प्रदाय की गई है? प्राप्त राशि से कौन-कौन से कार्य कितनी-कितनी लागत राशि से कराये गये हैं? राशि सहित कार्यवार,वर्षवार, ग्रामवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश अवधि तक कौन-कौन से कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं एवं कौन-कौन से कार्य अपूर्ण हैं? यदि अपूर्ण हैं तो क्यों? कारण सहित जानकारी देवें? **(ग)** क्या डी.एम.एफ. की राशि का नियम के तहत उपयोग एवं कार्य नहीं होने की शिकायते प्राप्त हुई हैं? यदि हां तो प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई? जानकारी देवें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) :** जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी अन्तर्गत जिला खनिज एवं न्यास मद से अप्रैल, 2023 से जनवरी, 2026 तक कुल 36 करोड़ 46 लाख 64 हजार 2 सौ 66 रूपये की राशि न्यास निधि से प्राप्त हुआ है। प्राप्त राशि में से उक्त अवधि में स्वीकृत कार्यों की जानकारी **पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र"**अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र"** अनुसार हैं **(ग)** डी.एम.एफ. की राशि का, नियम के तहत उपयोग एवं कार्य नहीं होने के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुआ है। अतः शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता।

## जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी अन्तर्गत जलाशयों की स्वीकृति

[जल संसाधन]

**52. ( क्र. 282 ) श्री इन्द्रशाह मंडावी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी अन्तर्गत अप्रैल, 2023 से जनवरी, 2026 तक कुल कितने जलाशयों की स्वीकृति प्रदान की गई है? जलाशयों के लिये कौन-कौन से कार्य कितनी-कितनी राशि के प्राप्त हुए हैं? **(ख)** जनवरी, 2026 तक कौन-कौन से जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं कौन-कौन से जलाशय का कार्य अपूर्ण है? यदि अपूर्ण है तो क्यों? कारण सहित जानकारी देवें? **(ग)** वर्तमान में मरकाटोला जलाशय की क्या प्रगति है? जानकारी देवें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी अन्तर्गत अप्रैल, 2023 से जनवरी, 2026 तक 01 जलाशय मरकाटोला जलाशय के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यवार स्वीकृत राशि की विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश 'क' में प्राप्त स्वीकृत कार्य मरकाटोला जलाशय का निर्माण कार्य अपूर्ण है। योजना के बांध/नहर में प्रभावित कुल 48.83 हेक्टेयर वन भूमि प्रत्यावर्तन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, प्रथम चरण स्वीकृति प्राप्त हो गई है। **(ग)** वर्तमान में मरकाटोला जलाशय का शीर्ष कार्य 50% एवं नहर कार्य 75% पूर्ण कर लिया गया है। योजना में अब तक राशि रू. 2178.42 लाख व्यय किया गया है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]**

## कोंडागांव जिले में जल संसाधन विभाग अंतर्गत जल संवर्धन एवं संरक्षण हेतु परियोजनाएं

[जल संसाधन]

**53. ( क्र. 285 ) सुश्री लता उसेंडी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोंडागांव जिले में जल संसाधन विभाग द्वारा जल संवर्धन एवं संरक्षण हेतु कौन-कौन सी प्रमुख परियोजनाएं और निर्माण कार्य किए गए हैं एवं उनकी वर्तमान स्तिथि क्या है? **(ख)** विभाग अंतर्गत जिले में विगत 5 वर्षों में कितने नए जल स्रोतों का निर्माण, पुराने जल स्रोतों की मरम्मत, सफाई, और पुनरुद्धार किया गया है? जिले में जल संसाधन विभाग वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 25-26 में कुल कितने कार्य स्वीकृत हैं? कितनों की प्रशासकीय स्वीकृत प्राप्त हुई हैं? कितने कार्य की स्वीकृति शेष है एवं कब तक प्रदान की जायेगी ? **(ग)** क्या भविष्य की जल आपूर्ति एवं सिंचाई की मांग को देखते हुए कोंडागांव जिले में कोई व्यवस्थित योजना (बांध निर्माण सिंचाई हेतु नहर निर्माण कार्य) प्रस्तावित है? इस हेतु क्या कोई सर्वेक्षण कार्य किया गया है या भविष्य में कराया जाएगा? यदि हाँ, तो सर्वेक्षण की स्थिति और परिणाम क्या हैं? **(घ)** जल संरक्षण के लिए जनभागीदारी को बढ़ावा देने हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं? **(ड.)** कोंडागांव जिले में जल संसाधन विभाग द्वारा किए गए कार्यों से स्थानीय लोगों को कितना लाभ (सिंचित/ असिंचित क्षेत्र की जानकरी) मिली है?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** कोण्डागांव जिले में जल संसाधन विभाग द्वारा जल संवर्धन एवं संरक्षण हेतु लघु सिंचाई योजनान्तर्गत कुल 36 जलाशय, 04 उद्वहन सिंचाई योजना, 08 व्यपवर्तन योजना एवं 19 एनीकट एवं 17 स्टापडेम का निर्माण कार्य किए गए है एवं वर्तमान स्थिति की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** विभाग अंतर्गत जिले में विगत 05 वर्षो में 03 नए जल स्त्रोतों का निर्माण एवं 03 पुराने जल स्त्रोतों की मरम्मत, सफाई और पुनरूद्धार किया गया हैं। जिले में जल संसाधन विभाग में वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल 30 कार्यों में से 08 कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल 17 कार्यो में से 05 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के 22 कार्यों तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 के 12 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। समय बताया जाना संभव नही है। **(ग)** जल संसाधन संभाग कोण्डागांव में सिंचाई के लिये जल आपूर्ति के मांग को देखते हुए वर्ष 2025-26 में नवीन मद में 03 जलाशय का निर्माण कार्य बजट में शामिल है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में शामिल 03 जलाशयों के सर्वेक्षण कार्य नहीं किया गया है, अपितु उक्त कार्यों के सर्वेक्षण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। **(घ)** जल संरक्षण के लिए जनभागीदारी को बढ़ावा देने हेतु जिला कोण्डागांव के समस्त 383 ग्राम पंचायतों में नारी शक्ति से जल शक्ति थीम के तहत जागरूकता हेतु ग्राम सभा के माध्यम से शपथ दिलाया गया, साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग, जिला महिला बाल विकास अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र के कर्मचारियों के समन्वय से स्थानीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को जल संचयन एवं संरक्षण हेतु प्रोत्साहित किया गया। रजत जयंती कार्यक्रम के माध्यम से भी वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण जागरूकता हेतु रैली का आयोजन किया गया है। **(ड.)** कोण्डागांव जिले में जल संसाधन विभाग द्वारा किए गए कार्यो से स्थानीय लोगों को वर्ष 2025-26 में 1949 हेक्टयर खरीफ क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का लाभ पहुचाया गया है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**

**[ संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]**

## कोंडागांव जिले में स्थित डोंगरी पहाड़ का रखरखाव और संरक्षण

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**54. ( क्र. 286 ) सुश्री लता उसेंडी :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोंडागांव जिले अंतर्गत डोंगरी पहाड़ में वर्तमान में आम जनता हेतु कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध हैं? **(ख)** डोंगरी पहाड़ के रखरखाव एवं संरक्षण एवं संवर्धन हेतु संबंधित वन विभाग द्वारा क्या-क्या प्रावधान किए गए हैं? तथा

क्या शासन से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है? जानकारी दें? यदि हाँ, तो उक्त प्रस्ताव पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? (ड़) डोंगरी पहाड़ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु शासन की क्या योजना है? (ड.) कोंडागांव जिले में डोंगरी पहाड़ के संवर्धन एवं निर्माण का काम कब प्रारंभ हुआ था? प्रारंभ से अब तक उस पर क्या-क्या विकास कार्य हुए हैं? वर्षवार जानकारी देवें?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)**कोंडागांव जिला के कोंडागांव वनमंडल के दहीकोंगा परिक्षेत्र में स्थापित पर्यावरण वाटिका डोंगरीगुड़ा में आम जनता के भ्रमण हेतु नेचर ट्रेल, बटरफ्लाई पार्क, बस्तर कलाकृति, विभिन्न प्रजातियों के बांस, विशिष्ट प्रजातियों के पौधों का रोपण, ऑक्सी-वन, केक्टस पार्क, बैठक हेतु पैगोड़ा एवं डोगरी पहाड़ी से शहर दृश्य हेतु पहाड़ी में वॉच टावर का निर्माण किया गया है । साथ ही शौचालय का निर्माण किया गया है। बच्चो के मनोरजंन हेतु चिल्ड्रन गार्डन का निर्माण किया गया है। वाहनों के पार्किग एवं पेय जल की सुविधा उपलब्ध है।**(ख)** वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया हैं तथा शासन से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।(ड़) वर्तमान में कोई योजना नहीं है।(ङ) कोण्डागांव वनमंडल अंतर्गत पर्यावरण वाटिका डोंगरीगुड़ा के संवर्धन एवं निर्माण का कार्य वर्ष 2011-12 से प्रारंभ किया गया है। प्रारंभ से अब तक किये गये विकास कार्यो का वर्षवार **विवरण संलग्न "प्रपत्र" में दर्शित है।**
**[ संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]**

## बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में संचालित महाविद्यालयों के लिए स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पद

[उच्च शिक्षा]

**55. ( क्र. 289 ) श्री बघेल लखेश्वर :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में संचालित महाविद्यालय एवं महाविद्यालय में संचालित संकायों , संकाय में दर्ज संख्या तथा भवनों की स्थिति बतावें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के अंतर्गत ही महाविद्यालय के लिए स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की स्थिति बतावें ? **(ग)** रिक्त पदों की प्रतिपूर्ति किये जाने हेतु की जा रही विभागीय कार्यवाही के संबंध में कृपया बतावें ?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है। **(ग)** रिक्त पदों की प्रतिपूर्ति के संबंध में जानकारी इस प्रकार है:-
1. प्राचार्य का पद विभागीय पदोन्नति का पद है, पदोन्नति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।
2. सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं क्रीडा अधिकारी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।
3. प्रयोगशाला तकनीशियन के नियुक्ति आदेश जारी किये जा चुके है। चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]**

## जिला सूरजपुर में संचालित रेत खदान

[खनिज साधन]

**56. ( क्र. 293 ) श्री भूलन सिंह मराबी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जिला सूरजपुर में कितनी रेत खदानें हैं, उनकी निविदा की तिथि और उनकी रायल्टी का क्या मापदंड है? अभी तक कितना राजस्व/आय प्राप्त हुआ है? अवैध रेत खदानों पर प्रतिबंध लगाने हेतु भविष्य में क्या पहल की जा रही है?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) :** जिला सूरजपुर अंतर्गत वर्तमान में कोई रेत खदान संचालित नहीं है। अतः

शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। अवैध रेत खदानों पर प्रतिबंध लगाने हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं खनि अमला द्वारा औचक निरीक्षण किया जाकर कार्यवाही की जाती है।

## क्षतिग्रस्त उतरदा जलाशय की पूर्णता

[जल संसाधन]

**57. ( क्र. 298 ) श्री प्रेमचंद पटेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या ग्राम पंचायत उतरदा, जनपद पंचायत पाली, जिला कोरबा में उतरदा जलाशय, विगत 5-6 वर्ष से क्षतिग्रस्त है? यह जलाशय कब तक पूर्ण होगा?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) :** जी हाँ ग्राम पंचायत उतरदा, जनपद पंचायत पाली, जिला कोरबा में उतरदा जलाशय योजना वर्ष 2019 से क्षतिग्रस्त है। उक्त जलाशय के कार्य पूर्ण करने हेतु पुनः पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति राशि रू. 841.74 लाख प्राप्त हो गई है। निविदा उपरांत 18 माह में उक्त कार्य को पूर्ण किया जाना संभावित है।

## उतरदा बंध मुड़ा जलाशय के प्रभावित किसानों को मुआवजा का प्रदाय

[जल संसाधन]

**58. ( क्र. 299 ) श्री प्रेमचंद पटेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या ग्राम पंचायत जनपद -पाली जिला - कोरबा के उतरदा बंध मुड़ा, के लोटना पारा के प्रभावित किसानों को आज तक मुआवजा नहीं मिला है? प्रभावित किसानों को कब तक मुआवजा प्रदान किया जाएगा?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) :** ग्राम पंचायत जनपद-पाली, जिला-कोरबा के उतरदा बंध मुड़ा में लोटनापारा के किसान प्रभावित नहीं होते हैं। अतः जानकारी निरंक है।

## लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की वेतन विसंगति हेतु गठित समिति का प्रतिवेदन

[सामान्य प्रशासन]

**59. ( क्र. 304 ) श्रीमती अनिला भेंडिया :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश के लिपिक वर्ग की वेतन विसंगति के संबंध में गठित समिति की रिपोर्ट अब तक शासन को क्यों सौंपी नहीं गई है? इस संबंध में अभी तक कठोर कदम क्यों नहीं उठाये गये? **(ख)** क्या समिति द्वारा रिपोर्ट तैयार कर ली गई है? यदि नहीं तो क्यों ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** भारत सरकार में सहायक ग्रेड-3 का वेतनमान 3050-4590 है, जिसका तत्स्थानी छठवां वेतनमान 5200-20200+ग्रेड वेतन 1900 में है, इसके अतिरिक्त राज्य शासन द्वारा इस वर्ग के कर्मचारियों को समयमान-वेतनमान का लाभ दिया जा रहा है। अन्य संवर्गों से तुलना कर मांग की गई है, जिसका औचित्य नहीं है, क्योंकि अन्य संवर्गों के कार्य क्षेत्र एवं कार्य की प्रकृति भिन्न-भिन्न है। समय-समय पर विभिन्न आयोग एवं समितियों द्वारा विचारोपरांत इन पदों के वेतनमानों में पुनरीक्षण किया गया है। जहां तक इस पद की तुलना सहायक शिक्षक के पद से करने का प्रश्न है, सहायक शिक्षक का पद ड्राईंग कैडर का पद घोषित किया गया है, तथा इस पद हेतु बी.टी.आई. अनिवार्य योग्यता थी, जो सहायक ग्रेड-03 की निर्धारित योग्यता से अधिक है। सहायक ग्रेड-03 के वेतनमान में समिति को कोई विसंगति परिलक्षित नहीं हुई है। अतः सचिव समिति, डॉ. डी.एन.तिवारी की अनुशंसा से सहमत नहीं होने के कारण समिति द्वारा रिपार्ट

प्रस्तुत नहीं की गई । प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के उत्तर के प्रकाश में प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

## जिला सूरजपुर में पंजीकृत वाहन

[परिवहन]

**60. ( क्र. 310 ) श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला सूरजपुर क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान में कितने शासकीय, निजी यात्री वाहन (बस, ऑटो आदि) एवं भारी वाहन पंजीकृत हैं तथा इनमें से कितने वाहन फिटनेस प्रमाण-पत्र के बिना संचालित पाए गए हैं ? **(ख)** विगत तीन वर्षों में ओवरलोडिंग, बिना परमिट एवं बिना फिटनेस के वाहनों के कारण कितनी सड़क दुर्घटनाएँ हुई हैं तथा दोषी वाहन संचालकों के विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई है? **(ग)** ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा अनियमित वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु परिवहन विभाग द्वारा क्या ठोस एवं समयबद्ध कदम उठाए जा रहे हैं?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** जिलासूरजपुर में पंजीकृत वाहन

| शासकीय वाहन | बस | ऑटो | भारी वाहन | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 0 | 70 | 97 | 1424 | 61056 |

जिला सूरजपूर में पंजीकृत 01 वर्ष (जनवरी 2025 दिसम्बर 2025) में बिना फिटनेश प्रमाण-पत्र के संचालित कुल 08 (परिवहन विभाग द्वारा 01 एवं पुलिस द्वारा 07)वाहनों में कार्यावाही की गई है।**(ख)जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।(ग)जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।**
**[ संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]**

## लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र में मोबाईल टॉवर एवं नेटवर्क विस्तार

[इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी]

**61. ( क्र. 313 ) श्री प्रबोध मिंज :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत किन-किन ग्रामों में मोबाइल टॉवर की उपलब्धता नहीं है? जानकारी ग्रामवार देवें? **(ख)** टॉवर रहित ग्रामों में मोबाइल टॉवर लगाने की क्या-क्या योजनाएं हैं? कब तक लगाए जाएंगे ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा अंतर्गत कुल 234 ग्राम है । दूरसंचार विभाग, भारत सरकार द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा अंतर्गत कुल 109 टावर के माध्यम से सभी 234 ग्रामों में मोबाईलकनेक्टिविटी उपलब्ध है। **ग्रामवार सूची संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]**

## छत्तीसगढ़ राज्य में फर्जी प्रमाण पत्र के माध्यम से कार्यरत शासकीय अधिकारी/कर्मचारी

[सामान्य प्रशासन]

**62. ( क्र. 424 ) श्री पुरन्दर मिश्रा :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ राज्य के फर्जी प्रमाण पत्र के माध्यम से शासकीय सेवा में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों के कुल कितने मामलों पर कार्यवाही/जांच संस्थित है ? **(ख)** क्या यह सत्य है कि फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारण कर छग में नौकरी कर रहे अधिकारी/कर्मचारियों ने शासन की कार्यवाही/जाँच के विरूद्ध कोर्ट/हाई कोर्ट से स्थगन प्राप्त किया है ? यदि हॉ तो किन-किनके द्वारा और कब-कब से ? विवरण देवें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति के समक्ष फर्जी प्रमाण पत्र के माध्यम से शासकीय सेवा में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों के कुल 85 प्रकरणों पर कार्यवाही/जांच संस्थित है। **(ख)** जी हाँ। उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति द्वारा पारित आदेश के विरूद्ध कोर्ट/हाई कोर्ट से स्थगन प्राप्त किया गया है, जिसका विवरण **संलग्न 'प्रपत्र'** अनुसार है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]**

## मुआवजा मामले के जांच प्रतिवेदन में शासकीय कर्मचारी के साथ निजी व्यक्तियों की संलिप्तता

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**63. ( क्र. 425 ) श्री पुरन्दर मिश्रा :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या जिला रायगढ़ के ग्राम - बजरमुड़ा मुआवजा मामले में जाँँच प्रतिवेदन के आधार पर शासकीय कर्मचारियों के साथ निजी व्यक्तियों की भी अनियिमतता में संलिप्तता परिलक्षित होने पर राज्य शासन द्वारा एसीबी/ई.ओ.डब्लु. को जांच हेतु 20/06/2025 को लिखा गया था ? यदि हां, तो किस अनियमितता प्रकरण में ? उक्त मामले में अब तक क्या कार्यवाही हुई है ? **(ख)** क्या एसीबी/ई.ओ.डब्लु. द्वारा भ्रष्टाचार के उक्त प्रकरण पर अब तक किसी को नोटिस/समंस जारी की है ? जानकारी दें ? **(ग)** प्रश्नांश **(ख)** अनुसार क्या अब तक ग्राम - बजरमुड़ा मुआवजा घोटाले के मामले में एफ.आई.आर भी नहीं किया गया है ? क्यों और किन कारणों से ?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जी हॉ। प्रकरण जिला रायगढ़ के ग्राम-बजरमुड़ा ढोलनारा एवं करवाही अंतर्गत गारे-पेलमा, सेक्टर-03 कोल ब्लॉक प्रोजेक्ट के लिए भूमि अधिग्रहण के मुआवजा से संबंधित है। उक्त प्रकरण में जॉच रिपोर्ट के आधार पर ई.ओ.डब्ल्यूमें प्रारंभिक जॉच क्रमांक-06/2025 पंजीबद्ध कर जॉच में लिया गया है। **(ख)** उक्त प्रकरण में नोटिस/समंस जारी नहीं किया गया है। (ग) जी हॉ, बजरमुड़ा के प्रकरण में प्रथम सूचना पत्र पंजीबद्ध नहीं किया गया है, प्राथमिकी की जॉच में गोपनीय सत्यापन किया जा रहा है।

## जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम कन्हाईबंद में संचालित शारदा कोल वाशरी को प्रदत्त संचालन स्वीकृति

[खनिज साधन]

**64. ( क्र. 516 ) श्री ब्यास कश्यप :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम कन्हाईबंद में संचालित शारदा कोल वाशरी को कब स्वीकृति प्रदान की गई? वाशरी की स्वीकृत क्षमता (टन प्रतिवर्ष) कितनी है तथा वर्तमान में वास्तविक उत्पादन कितना है? क्या उक्त वाशरी स्वयं की भूमि पर संचालित है या भूमि लीज पर ली गई है? यदि लीज पर है तो लीज की भूमि पर कोल वाशरी संचालित करने के क्या नियम हैं? क्या उक्त संस्थान के द्वारा सभी वांछित नियमों का पालन किया जा रहा है? यदि नहीं तो उन पर क्या कार्यवाही की गई है? **(ख)** क्या शारदा कोल वाशरी को पर्यावरणीय स्वीकृति एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति प्राप्त है? यदि हां तो पर्यावरणीय स्वीकृति आदेश की प्रति प्रदान करें? स्वीकृति आदेश में निर्धारित प्रमुख शर्ते क्या हैं? यदि नहीं तो बिना पर्यावरणीय स्वीकृति के संस्थान कैसे संचालित है? **(ग)** विगत 3 वर्षो में विभाग के द्वारा शारदा कोल वाशरी का कितनी बार निरीक्षण किया गया? क्या वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण मानकों का उल्लंघन पाया गया है? यदि हां तो कब और क्या कार्यवाही की गई?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)**, **(ख)** एवं **(ग)** - जॉजगीर चॉपा जिले के ग्राम कन्हाईबंद में शारदा कोल वाशरी के नाम से कोई कोल वाशरी संचालित नही है। अतः शेष प्रश्न उद्भूत नही होता।

## जिला खनिज न्यास (DMF) मद हेतु आबंटित राशि

[खनिज साधन]

**65. ( क्र. 887 ) श्रीमती भावना बोहरा :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राज्य के जिला खनिज न्यास (DMF) मद में वर्तमान में कुल कितनी राशि उपलब्ध है? जिलावार एवं विधानसभावार जानकारी देवें। **(ख)** जिला कबीरधाम में वित्तीय वर्ष 2024-25 में DMF मद से कुल कितनी राशि व्यय की गई है? विधानसभावार जानकारी देवें। **(ग)** किन-किन जिलों में DMF मद में व्यय अपेक्षाकृत कम रहा है तथा इसके प्रशासनिक, तकनीकी अथवा योजना-अनुमोदन संबंधी कारण क्या हैं? जिलावार जानकारी देवे ।

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** राज्य में समस्त जिलों के जिला खनिज संस्थान न्यास (DMF) मद में वर्तमान में कुल 2681 करोड़ 85 लाख 35 हजार रूपये राशि उपलब्ध है। डीएमएफ न्यास मद में उपलब्ध राशि की जिलावार**जानकारी संलग्न प्रपत्र- "अ" अनुसार**है। डीएमएफ की राशि विधानसभावार संकलित नहीं की जाती है। **(ख)** जिला कबीरधाम में वित्तीय वर्ष 2024-25 में डीएमएफ मद से व्यय की विधानसभावार जानकारी निम्नानुसार है:-

| क्रमांक | विधानसभा का नाम | व्यय राशि (लाख रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | कवर्धा | 233.17 |
| 2 | पण्डरिया | 19.00 |
| 3 | कवर्धा एवं पण्डरिया (संयुक्त) | 208.21 |
| | | **460.38** |

**(ग) जानकारी संलग्न प्रपत्र- "ब"**अनुसार है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]**

## धान का उत्पादन तथा औसत उत्पादकता

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**66. ( क्र. 914 ) डॉ. चरण दास महंत :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अप्रैल 2022 से जनवरी 2026 की अवधि में प्रत्येक खरीफ तथा प्रत्येक रबी में धान का उत्पादन तथा औसत उत्पादकता जिलेवार क्या-क्या रही है?**(ख)** उपरोक्त अवधि में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को छोड़कर बीज उपार्जन योजना में तथा कृषि उपज मंडियों में कितना-कितना धान आया जिलेवार तथा सीजनवार विवरण दें?**(ग)** उपरोक्त अवधि में धान का आच्छादित रकबा कितना-कितना रहा, जिलेवार तथा सीजनवार विवरण दें?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत आयोजित फसल कटाई प्रयोग के आधार पर वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 एवं 2025-2026 के धान खरीफ का उत्पादन तथा औसत उत्पादकता की जानकारी प्रपत्र-अ अनुसार है। ग्रीष्मकालीन धान में फसल कटाई प्रयोगों का आयोजन नहीं होने से उत्पादन ज्ञात नहीं किया जाता है।**(ख)** अप्रैैल 2022 से जनवरी 2026 की अवधि में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को छोड़कर प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों में धान की आवक का वर्षवार जिलेवार विवरण प्रपत्र-ब अनुसार एवं बीज उत्पादन अंतर्गत जिलेवार उपार्जित धान कच्चा बीजों का विवरण प्रपत्र-स अनुसार है। **(ग)** वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक धान खरीफ के रकबा के क्षेत्राच्छादन भुईयों के आधार पर तथा वर्ष 2025-26 के धान खरीफ का रकबा भुईयां एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे के आधार पर जानकारी प्रपत्र-द अनुसार है। विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन धान के क्षेत्राच्छादन के रकबा वर्ष 2022-23 से 2024-2025 कृषि सांख्यिकी सारणी के आधार पर तैयार की गई है। वर्ष 2025-26 के आंकड़े माह 30 जून 2026 की स्थिति में संग्रहित किये जायेंगे। **[ संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]**

# भाग-3

# अतारांकित प्रश्नोत्तर

## बिलासपुर जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य का भुगतान

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**1. ( क्र. 5 ) श्री अटल श्रीवास्तव :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बिलासपुर जिले में खरीफ वर्ष 2025 का डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य किसके द्वारा किया गया है ? सर्वेयर को किस दर पर राशि का भुगतान किया गया है? जिले में कुल कितनी राशि का भुगतान डिजिटल क्रॉप सर्वे करने वालों को किया गया है? तहसीलवार जानकारी क्या है? **(ख)** डिजिटल क्रॉप सर्वे करने वालों के लिये योग्यता एवं अहर्ता क्या थी? डिजिटल क्रॉप सर्वे करने वालों को कब-कब और किसके द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था ? **(ग)** क्या डिजिटल क्रॉप सर्वे करने वालों के द्वारा त्रुटिपूर्ण सर्वे का कार्य किया गया था और उन्हीं सर्वेयरों से पुनः डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य करवाया जा रहा है?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जिला बिलासपुर अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्व का कार्य संबंधित ग्राम हेतु नियुक्त सर्वेयरों द्वारा किया गया है। सर्वेक्षणकर्ता को प्रत्येक खसरा नंबर के सर्वेक्षण के लिए एप्प के माध्यम से सर्वेक्षण अपलोड करने तथा स्वीकृत हो जाने की दशा में 10 रूपये प्रति खसरा नंबर मानदेय प्रदान किया गया है। जिला बिलासपुर अंतर्गत डिजिटल क्राप सर्वे हेतु सर्वेयरों को कुल राशि 4449570/-(रूपये चौवालिस लाख उन्चास हजार पांच सौ सत्तर मात्र) का भुगतान किया गया है। तहसीलवार जानकारी संलग्न **प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** डिजिटल फसल सर्वेक्षण किये जानें हेतु सर्वेक्षणकर्ताओं की योग्यता- 01. प्रत्येक सर्वेक्षणकर्ता (महिला/पुरुष) को न्यूनतम 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्राथमिकता का क्रम क्रमशः कृषि स्नातक, विज्ञान स्नातक, विज्ञान से बारहवीं पास, बारहवीं पास, 10 वीं पास होगा। 02. उसके पास स्वयं का एंड्रायड मोबाईल वर्जन 9+ हो जिसमें इंटरनेट होना आवश्यक है। 03. सर्वेक्षणकर्ता का बैंकखाता एवं आधार नंबर होना आवश्यक है। 04. सर्वेक्षणकर्ता सर्वेक्षण के दौरान ग्राम में आवश्यक रूप से उपलब्ध हो। 05. सर्वेक्षणकर्ता ग्राम का निवासी हो, ग्राम के निवासी समुचित संख्या में उपलब्ध नहीं होने पर तहसीलदार द्वारा निकटवर्ती ग्राम के निवासी को अथवा कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि महाविद्यालय या उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थी को चयनित किया जा सकेगा। 06. सर्वेक्षणकर्ता की आयु 18 वर्ष की आयु से अधिक हो। जिला बिलासपुर में सर्वेक्षणकर्ताओं का प्रशिक्षण 20 जुलाई, 2025 से 30 जुलाई, 2025 के मध्य दिया गया। जिले से नियुक्त मास्टर ट्रेनरों के द्वारा तहसील स्तर पर प्रशिक्षण दिया गया था। **(ग)** डिजिटल क्रॉप सर्वे के दौरान तकनीकी कारणों से कुछ खसरों में त्रुटि हुआ था, जिसे सुपरवाईजर/हल्का पटवारी द्वारा भौतिक सत्यापन के माध्यम से सुधार कर लिया गया। खरीफ वर्ष 2025 में जिन सर्वेयरों द्वारा सर्वे किया गया था उनसे एवं कुछ नवीन सर्वेयरों द्वारा रबी फसल 2026 का सर्वे कराया जा रहा है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस" ]**

## शासकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के कर्मचारियों के नियोजन की प्रक्रिया

[उच्च शिक्षा]

**2. ( क्र. 16 ) श्री ललित चंद्राकर :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश के शासकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अनियमित कर्मचारी, दैनिक वेतनभोगी तथा प्लेसमेंट कर्मचारी

के नियोजन प्रक्रिया क्या है ? विस्तृत जानकारी दें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार प्रदेश के शासकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कितने अनियमित कर्मचारी, दैनिक वेतनभोगी तथा प्लेसमेंट कर्मचारी नियोजित हैं ? संस्थावार जानकारी प्रदान करें?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस" ]**

## दुर्ग जिले में जनदर्शन एवं अन्य माध्यमों से की गयी शिकायतों का निराकरण

[जन शिकायत निवारण]

**3. ( क्र. 18 ) श्री ललित चंद्राकर :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** दुर्ग जिले में वर्ष 2023-24 से जनवरी, 2026 तक में जनदर्शन एवं अन्य माध्यमों से कितनी शिकायतें/प्रकरण दर्ज किये गये हैं ? प्रस्तुत की गई लोक अर्जियों का विभागवार, वर्षवार, और निराकरण की विस्तृत जानकारी दें? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार प्रस्तुत की गई लोक अर्जियों की मॉनिटरिंग कैसे की जाती है ? विस्तृत विवरण दें ? लंबित प्रकरणों की वर्षवार जानकारी दें ? **(ग)** प्रश्नांक 'ख' अनुसार दुर्ग जिले के विभागों द्वारा नियुक्त जन शिकायत नोडल अधिकारी की सूची व संपर्क का विवरण प्रदान करें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** दुर्ग जिले में वर्ष 2023-24 से जनवरी, 2026 तक जनदर्शन एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त कुल 142160 शिकायतें दर्ज है। प्रस्तुत की गई लाेक अर्जियों का विभागवार, वर्षवार एवं निराकरण की विस्तृत जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। **(ख)** विभिन्न माध्यमों से प्राप्त लोक अर्जियों की मॉनिटरिंग अधिकारी द्वारा पोर्टल के माध्यम से की जाती है एवं लंबित पत्रों को निराकरण करने हेतु सूचना दी जाती है। लंबित प्रकरणों की जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। **(ग)** श्री हितेश पिस्दा, मोबाईल नम्बर 9981015696.
**[ संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस" ]**

## खारून नदी के किनारे पौधारोपण

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**4. ( क्र. 43 ) श्री राजेश मूणत :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सत्य है कि वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा खारून नदी के किनारे 22.012 हेक्टेयर रकबा में 23,913 नग पौधारोपण किया गया है? यदि हां तो यह पौधारोपण कहां से कहां तक किया गया? 23,913 रोपित पौधों में जनवरी, 2026 की स्थिति में कितने प्रतिशत पौधे जीवित हैं? शेष पौधे मरने का क्या कारण है? **(ख)** क्या यह भी सत्य है कि वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा खारून नदी एवं उसके सहायक नालों में भू-जल संरक्षण की दृष्टि से 7332 संरचनाओं का निर्माण किया गया है? जनवरी, 2026 की स्थिति में इनमें से कितनी संरचना विद्यमान हैं तथा कितनी नष्ट हो गई? जानकारी विस्तार पूर्वक देवें?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** हां यह सत्य है कि विभाग अंतर्गत रायपुर वनमंडल के द्वारा खारून नदी के किनारे 22.012 हेक्टेयर क्षेत्र में 23,913 नग पौधा रोपण किया गया है। उक्त पौधा रोपण ग्राम गुमा भाग 1 एवं 2, चंदनीडीह एवं दतरेंगा में किया गया है। 23913 रोपित पौधों में जनवरी 2026 की स्थिति में 39.50 प्रतिशत पौधे जीवित हैं। उल्लेखनीय है कि रोपण क्षेत्रों का हस्तांतरण ग्राम पंचायत को कर दिए जाने के उपरांत पौधों के रख रखाव की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होती है । ग्राम पंचायत गुमा को दिनांक 24.08.2022 को

14 हेक्टेयर का रोपण क्षेत्र वन विभाग द्वारा हस्तांतरित किया गया था, जिसमें रोपित पौधे 15,400 नग के विरूद्ध उस समय 13,244 (86 प्रतिशत) पौधे जीवित थे । इसी प्रकार ग्राम पंचायत दतरेंगा को दिनांक 12.08.2024 को 3 हेक्टेयर का रोपण क्षेत्र वन विभाग द्वारा हस्तांतरित किया गया था, जिसमें रोपित पौधे 3000 नग के विरूद्ध उस समय 2730 (91 प्रतिशत) पौधे जीवित थे । चंदनीडीह में 5.012 हेक्टेयर में 5513 पौधे रोपित किये गये थे, जो शासकीय सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए पाईप लाईन की स्थापना किए जाने के कारण नष्ट हो गए है ।**(ख)** हां, यह भी सत्य है कि विभाग द्वारा खारून नदी एवं उसके सहायक नालों में भू-जल संरक्षण की दृष्टि से 7332 संरचनाओं का निर्माण किया गया है। जनवरी, 2026 की स्थिति में 5153 संरचनाएं विद्यमान हैं तथा 2179 संरचनाएं नष्ट हो गये है। **विस्तृत विवरण संलग्न "प्रपत्र" में दर्शित है।**

**[ संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस" ]**

## रायपुर जिले में एच.एस.आर.पी. नंबर प्लेट युक्त वाहनों की संख्या

[परिवहन]

**5. ( क्र. 44 ) श्री राजेश मूणत :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायपुर जिले में कुल कितने दो पहिया एवं चार पहिया वाहन हैं जिनमें एच.एस.आर.पी. नंबर प्लेट लग चुके हैं? कितने वाहन शेष हैं और क्यों? शेष वाहनों पर कब तक एच.एस.आर.पी. नंबर प्लेट लगाने का लक्ष्य है? **(ख)** रायपुर जिले में विभिन्न मालवाहक वाहनों में ओवरलोड की जांच के लिए कितनी जांच चौकियों की स्थापना की गई एवं कितने उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है? ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से गुजरने वाली ओवरलोड गाड़ियों को रोकने के लिए उड़नदस्ता दल के द्वारा इन गाड़ियों को पकड़े जाने पर चालान कर राशि वसूली की जाती है? यदि हां तो विगत 3 वर्षो में कितनी राशि वसूल की गई? वर्षवार जानकारी देवें? **(ग)** मालवाहक वाहन के ओवरलोड के लिए पकड़े जाने पर अर्थदंड वसूली के क्या नियम हैं एवं विभाग को विगत 3 वर्षों में ओवरलोड के कितने प्रकरणों से कितनी राशि चालान पर वसूली से प्राप्त हुई है? पूर्ण जानकारी देवें?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** रायपुर जिला अंतर्गत कुल पंजीकृत वाहनों में से 9,37,340 दो पहिया एवं 2,69,013 चार पहिया वाहनों में एच.एस.आर.पी. नंबर प्लेट लगाये जा चुके है। वाहन स्वामी द्वारा आवेदन नही किये जाने के कारण 4,79,236 दो पहिया एवं 21,287 चार पहिया वाहनों पर एच.एस.आर.पी. नंबर प्लेट लगाया जाना शेष है। शेष वाहनों पर नंबर प्लेट लगाने हेतु 05 वर्षो का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। **(ख)** रायपुर जिले में विभाग द्वारा जांच चौकी स्थापित नही किया गया है। जिला अंतर्गत 01 परिवहन उडनदस्ता दल गठित किया गया है। जी हाँ। राशि वसूली की वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अ अनुसार है। (ग)** अर्थदंड की वसूली मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों के तहत् किया जाता है। विगत 03 वर्षो की **जानकारी संलग्न प्रपत्र ब अनुसार है।**

**[ संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास" ]**

## जिला दन्तेवाड़ा में विद्युत आपूर्ति में बाधा की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

[ऊर्जा]

**6. ( क्र. 60 ) श्री चैतराम अटामी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला दंतेवाड़ा के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन औसतन कितने घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है ? **(ख)** बार-बार बिजली गुल होने के प्रमुख कारण क्या हैं ? **(ग)** दंतेवाड़ा जिले में कितने ट्रांसफार्मर, पोल एवं विद्युत लाइनें जर्जर अवस्था में हैं ? **(घ)** इनके सुधार एवं प्रतिस्थापन हेतु कब तक कार्यवाही की जाएगी ? (ड.) दंतेवाड़ा जिले में विगत एक वर्ष में बिजली बिल से संबंधित कितनी शिकायतें दर्ज की गई हैं ? इन शिकायतों के निराकरण हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित है ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जिला दंतेवाड़ा के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य तौर पर विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं रहती है तथापि जिला दंतेवाड़ा के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति हेतु 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों से निर्गमित 11 के.व्ही. फीडरों में 01.01.2025 से 01.01.2026 तक की स्थिति में विभिन्न कारणों से औसतन प्रतिदिन 18 मिनट विद्युत आपूर्ति बाधित रही है। **(ख)** सामान्य दिनों में बार-बार बिजली गुल नहीं होने की स्थिति नहीं है। भारी आंधी तूफान एवं बारिश के दौरान विद्युत लाईनों में फ्लैक्स उड़कर आने, पेड़ों के टहनियों के टूटकर गिरने, लाईटनिंग के कारण, इंसूलेटर खराब होने के कारण बिजली गुल होने की स्थिति निर्मित होती है। **(ग)** वर्तमान में दंतेवाड़ा जिले में ट्रांसफार्मर, पोल एवं विद्युत लाईन जर्जर स्थिति में नही है। **(घ)** ट्रांसफार्मर के खराब होने तथा पोल एवं विद्युत लाईनों के टूटने की स्थिति में मैदानी दौरे या जानकारी प्राप्त होने पर यथाशीघ्र प्राथमिकता के आधार पर त्वरित रूप से निराकरण कर दिया जाता है। **(ड.)** दंतेवाड़ा जिले में विगत एक वर्ष में बिजली बिल से संबंधित 122 शिकायतें प्राप्त हुई जो सभी निराकृत की जा चुकी है। उपभोक्ता द्वारा बिल संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु बिल की अप्राप्ति की शिकायत के लिए 3 दिवस, बिल भुगतान हेतु पर्याप्त समय नहीं मिलने पर अंतिम तारिख से 2 दिवस की समय वृद्धि एवं बिलिंग संबंधी शिकायत के निराकरण हेतु समय-सीमा नगरीय क्षेत्रों में 7 दिवस एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिवस निर्धारित है।

## जिला दन्तेवाड़ा में विभिन्न परियोजनाओं के कारण विस्थापित परिवार

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**7. ( क्र. 63 ) श्री चैतराम अटामी :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला दंतेवाड़ा में विभिन्न परियोजनाओं के कारण कितने परिवार विस्थापित हुए हैं ? **(ख)** इन विस्थापित परिवारों को पुनर्वास नीति के अंतर्गत अब तक क्या-क्या सुविधाएँ प्रदान की गई हैं?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जिला दन्तेवाड़ा में पूर्व में किसी भी परियोजना में कोई भी परिवार विस्थापित नहीं हुआ है। वर्तमान में एन.एम.डी.सी.- सी.एम.डी.सी. डिपॉजिट-4 के लिए भू-अर्जन प्रकरणों में ग्राम भांसी एवं पोरोकमेली के निजी भूमि कुल रकबा 15.665 हेक्टेयर का दिनांक 16-01-2026 को भू-अर्जन हेतु अवार्ड पारित किया गया है। उक्त परियोजना में प्रभावित 20 परिवार विस्थापन की श्रेणी में हैं। **(ख)** उक्त परियोजना में प्रभावित 20 परिवारों के विस्थापन एवं पुनर्वास की कार्यवाही, भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 एवं पुनर्वास नीति के अंतर्गत प्रक्रियाधीन है।

## जिला खनिज न्यास बिलासपुर को प्राप्त अंशदान

[खनिज साधन]

**8. ( क्र. 71 ) श्री दिलीप लहरिया :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला खनिज न्यास, बिलासपुर अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 से जनवरी, 2026 तक विभिन्न खनन कंपनियों/खनन पट्टाधारियों से प्राप्त कुल अंशदान राशि में से संबंधित खनन कंपनियों से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित ग्रामों में कौन-कौन से विकास कार्य कितनी-कितनी लागत से स्वीकृत, प्रगतिरत तथा पूर्ण कराए गए हैं? प्राप्त अंशदान राशि में से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों में की गई व्यय राशि का कंपनी-वार, खनन क्षेत्र/खदान-वार तथा प्रभावित ग्राम-वार विस्तृत विवरण देवें? **(ख)** क्या यह सत्य है कि जिला खनिज न्यास (DMF) की कुछ राशि प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित ग्रामों के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों/नगर/गैर-प्रभावित क्षेत्रों में भी व्यय की गई है? यदि हाँ, तो— ऐसे क्षेत्रों/कार्यों का विवरण, व्यय की गई राशि तथा नियमों के अंतर्गत दी गई स्वीकृति/अनुमति का आधार का क्षेत्रवार एवं कार्यवार विवरण देवें? **(ग)** वित्तीय वर्ष 2024-25 से जनवरी, 2026 तक DMF मद में कुल प्राप्त

अंशदान राशि, कुल व्यय की गई राशि तथा वर्तमान में शेष/अव्ययित राशि का कंपनी-वार, खनन क्षेत्र/खदान-वार, वर्षवार विवरण उपलब्ध करावें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जिला खनिज संस्थान न्यास, जिला-बिलासपुर अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 से जनवरी, 2026 तक विभिन्न खनन कंपनियों/खनन पट्टाधारियों से प्राप्त कुल अंशदान राशि में से खनन कंपनियों से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित ग्रामों में न्यास निधि से स्वीकृत, प्रगतिरत तथा पूर्ण कार्यों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र- ''अ''** अनुसार है। प्राप्त अंशदान राशि में से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों में कंपनीवार, खनन क्षेत्र/खदान-वार व्यय का प्रावधान नहीं होने से जानकारी निरंक है। **(ख)** जी नहीं। शेष प्रश्न उद्‌भूत नही होता है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र- ''ब''** अनुसार है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - पचास " ]**

## खोंदरा (बोइरपड़ाव) नेचर कैंप की समग्र मरम्मत, सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण कार्य

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**9. ( क्र. 73 ) श्री दिलीप लहरिया :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सही है कि बिलासपुर वनमंडल अंतर्गत खोंदरा (बोइरपड़ाव) में स्थित नेचर कैंप/रिजॉर्ट वर्तमान में जर्जर एवं अनुपयोगी स्थिति में है? **(ख)** यदि हाँ, तो इस नेचर कैंप की समग्र मरम्मत, सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण कार्य हेतु विभाग द्वारा अब तक क्या कदम उठाए गए हैं? यदि हाँ, तो कार्य प्रारंभ करने की संभावित तिथि एवं समयसीमा क्या निर्धारित की गई है? **(ग)** विगत दो वर्षों में उक्त नेचर कैंप की समग्र मरम्मत, सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण कार्य हेतु कितने माननीय जनप्रतिनिधियों के पत्र प्राप्त हुए है? उक्त पत्रों पर क्या कार्यवाही की गयी है?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** हॉ। बिलासपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत नेचर कैम्प खोंदरा (बोईरपड़ाव) का निर्माण 01 जुलाई 2014 को किया गया है, जो धूप एवं वर्षा की वजह से वर्तमान में जर्जर एवं अनुपयोगी स्थिति में है।**(ख)** वर्तमान में खोंदरा (बोईरपड़ाव) में स्थित नेचर कैंप के संचालन वन प्रबंधन समिति खोंदरा एवं कनई के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। नेचर कैंप का मरम्मत एवं उन्नयन/किचन निर्माण उन्नयन/स्टॉल निर्माण/गार्डन विकास एवं सौंदर्यीकरण/किड्स प्ले/ इंटरटेनमेंट जोन/वॉच टॉवर-ट्री हाउस मेंटनेंस कार्य एवं विविध आवश्यक सामग्री व्यय के लिये चक्रिय निधि से ऋण लेकर कराये जाने हेतु राशि रूपये 14.90 लाख का परियोजना प्रतिवेदन मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर वृत्त के पत्र क्र./व्यय/1179, दिनांक 12.02.2026 द्वारा स्वीकृत किया गया है। परियोजना प्रतिवेदन अनुसार कार्य प्रगति पर है।**(ग)** विगत दो वर्षो में उक्त नेचर कैम्प की समग्र मरम्मत, सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण कार्य हेतु माननीय जनप्रतिनिधियों से कोई भी पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। इसलिये पत्र पर कार्यवाही का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

## सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण

[सुशासन एवं अभिसरण]

**10. ( क्र. 83 ) श्रीमती अंबिका मरकाम :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-सिहावा विधानसभा अन्तर्गत सुशासन तिहार में कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुये हैं? कितने आवेदनों का निराकरण किया गया है और कितने आवेदनों का निराकरण होना बाकी है ? जानकारी देवें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) :** सिहावा विधानसभा अन्तर्गत सुशासन तिहार में कुल 60,031 आवेदन प्राप्त हुये हैं, जिसमें से 59,720 आवेदनों का निराकरण किया गया है एवं 311 आवेदन का निराकरण होना बाकी है।

## मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का निराकरण

[जन शिकायत निवारण]

**11. ( क्र. 84 ) श्रीमती अंबिका मरकाम :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में वर्तमान में कुल कितनी शिकायतें दर्ज हैं? **(ख)** वर्तमान स्थिति में राजस्व विभाग में कितनी शिकायतें दर्ज हैं? **(ग)** प्रश्नांश ''क'' के प्रकाश में समय पर शिकायतें किन कारणों से निराकृत नहीं हो पा रही हैं? **(घ)** कब तक इनका निराकरण कर दिया जावेगा ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) :** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन योजना वर्तमान में संचालित नहीं है। अत: प्रश्नांश के शेष भाग की जानकारी ''निरंक'' है।

## शहरी क्षेत्र में पट्टा वितरण

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**12. ( क्र. 87 ) श्रीमती अंबिका मरकाम :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या शासकीय भूमि पर वर्षो से निवासरत् लोगों को भूमि के पट्टे दिए जाने की योजना बंद हो चुकी है ? यदि हॉ, तो उक्त योजना के बंद होने का क्या कारण है ? यदि नहीं, तो शासकीय भूमि का पट्टा दिए जाने के क्या-क्या नियम व प्रावधान हैं ? **(ख)** विगत तीन वर्षो में धमतरी जिले अन्तर्गत कितने लोगों को शासन द्वारा पट्टे प्रदाय किए गए हैं ? विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ग)** वर्तमान में धमतरी जिले अन्तर्गत शासकीय भूमि पर वर्षो से निवासरत् लोगों को कब तक भूमि का पट्टा दिया जावेगा ?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आबंटन, अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन, भूमिस्वामी हक प्रदान करनेके संबंध मेंविभाग द्वारा जारी निर्देश/परिपत्र क्रमांक एफ 04-07/सात-1/2019, दिनांक 11.09.2019, 26.10.2019, 20.05.2020 एवं 24.02.2022 को शासन के निर्णय के परिपेक्ष मेंविभागीय पत्र क्रमांक एफ 04-14/सात-1/2024, दिनांक 23.07.2024 द्वारा निरस्त किया गया है। विभागीय परिपत्र क्रमांक एफ 4-43/सात-1/2013, दिनांक 12.02.2015 द्वारा समस्त संभागीय आयुक्त एवं कलेक्टर को जारी नजूल भूमि का नवीनीकरण तथा पट्टा आबंटन की प्रक्रिया का सरलीकरण के तहत कण्डिका 2 (2.1) नगरीय क्षेत्र में शामिल ग्रामों की नजूल भूमि का पट्टा आबंटन एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र में उल्लेखित प्रावधानों के तहत पट्टा आबंटन की कार्यवाही का प्रावधान है। साथ ही छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार अधिनियम, 2023 अंतर्गत पट्टा दिये जाने का प्रावधान है। **(ख)** विगत 03 वर्षों मेंजिला धमतरी में विकासखण्ड धमतरी के शहरी क्षेत्र के अंतर्गत नजूल भूमि पट्टा के 165 प्रकरणों में फ्री-होल्डकी कार्यवाही तथाअतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापनका01प्रकरण, कुल 166प्रकरणोंमें कार्यवाही की गई है।शेष विकासखण्ड की जानकारी निरंक है। **(ग)** विभागीय परिपत्र क्रमांक एफ 4-43/सात-1/2013, दिनांक 12.02.2015 एवंछत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार अधिनियम, 2023 प्रचलन में है। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

## जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत कृषि भूमि के अधिग्रहण पश्चात लंबित मुआवजा भुगतान

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**13. ( क्र. 94 ) श्री बालेश्वर साहू :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जांजगीर - चांपा जिले के अंतर्गत ग्राम सिलादेही, बिर्रा, गतवा में प्रस्तावित नवीन औद्योगिक स्मार्ट पार्क की स्थापना के लिए अधिग्रहित की गई कृषि भूमि की जानकारी प्रभावित किसान वार खसरा एवं रकबा नंबर और स्वीकृत मुआवजा राशि के साथ प्रदान करेंगे? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार अधिग्रहित भूमि के आधार पर किया

गया मुआवजा भुगतान और यदि मुआवजा भुगतान लंबित है तो इसके कारण सहित जानकारी प्रदान करें? **(ग)** प्रश्नांक "क" एवं "ख" के अनुसार अधिग्रहित भूमि एवं मुआवजा भुगतान के संबंध में प्राप्त शिकायत और शिकायत के आधार पर की गई कार्यवाही की जानकारी प्रदान करें? **(घ)** प्रश्नांक "क" ख" ग " के अनुसार लंबित मुआवजा का भुगतान कब तक कर दिया जाएगा और यदि नहीं तो क्यों? कृपया जानकारी दें?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत औद्योगिक प्रयोजन हेतु ग्राम-सिलादेही में कुल 477 कृषकों की कुल निजी भूमि रकबा 217.602 हेक्टेयर के अर्जन हेतु रूपये 54,34,79,670/- (चौवन करोड़ चौतीस लाख उन्यासी हजार छ: सौ सत्तर रूपये) का दिनांक 06.07.2011 को भू-अर्जन अवार्ड पारित किया गया है। ग्राम-बिर्रा में औद्योगिक प्रयोजन हेतु कुल 212 कृषकों की कुल निजी भूमि रकबा 85.782 हेक्टेयर के अर्जन हेतु रूपये 21,29,44,365/- (इक्कीस करोड़ उन्तीस लाख चवालीस हजार तीन सौ पैंसठ रूपये) का दिनांक 11.05.2011 को भू-अवार्ड पारित किया गया है। ग्राम-गतवा में औद्योगिक प्रयोजन हेतु कुल 142 कृषकों की कुल भूमि 53.515 हेक्टेयर निजी भूमि के अर्जन हेतु रूपये 13,40,47,813/- (तेरह करोड़ चालीस लाख सैतालीस हजार आठ सौ तेरह रूपये) का दिनांक 20.05.2011 को अवार्ड पारित किया गया है। प्रभावित किसानवार खसरा एवं रकबा सहित जानकारी **पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार है।(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार कुल 831 कृषकों में से 749 कृषकों को कुल राशि रूपये 79,59,21,259/- (उन्यासी करोड़ उनसठ लाख इक्कीस हजार दो सौ उनसठ रूपये) का मुआवजा भुगतान किया जा चुका है, शेष 82 कृषकों का भुगतान लंबित है। उक्त 82 कृषकों में सें 62 कृषकों का मुआवजा, न्यायालयीन प्रकरण लंबित होने के कारण भुगतान लंबित है तथा शेष 20 कृषको के अनुपस्थित रहने के कारण भुगतान लंबित है।**(ग)**अधिग्रहित भूमि एवं मुआवजा भुगतान के संबंध में शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।**(घ)** 62 कृषकों को न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण पश्चात निर्देशानुसार भुगतान किया जायेगा। इसके अलावा शेष 20 कृषकों को भुगतान प्राप्त करने हेतु सूचना पत्र जारी किया गया है। उपस्थित होने पर इन 20 कृषकों का मुआवजा भुगतान कर दिया जायेगा।

## जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत संचालित कोलवाशरी परिसर में अवैध कोयला भण्डार की जांच

[खनिज साधन]

**14. ( क्र. 98 ) श्री बालेश्वर साहू :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जांजगीर - चांपा जिले के ग्राम हथनेवरा में स्थापित तिरूपति मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित कोलवाशरी परिसर में अवैध कोयला भण्डार, धुलाई एवं परिवहन को लेकर अभी तक कितनी शिकायतें कब-कब और किनके द्वारा प्राप्त हुई हैं? कृपया जानकारी दें ? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार अवैध भंडारण एवं संचालन की प्राप्त शिकायतों के आधार पर किस - किस स्तर के अधिकारियों से जांच कराई गई? कृपया जानकारी दें ? **(ग)** क्या शासन अवैध कोयला भण्डार पर रोक लगाने प्रश्नांक "क" और "ख" के अनुसार प्राप्त शिकायतों की समय - सीमा पर जांच कर कार्यवाही करेगी? यदि हां तो कब तक? कृपया जानकारी दें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम हथनेवरा में तिरूपति मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कोई कोल वाशरी संचालित नहीं है। जांजगीर चांपा जिले अंतर्गत तिरूपति मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड को ग्राम हथनेवरा, तहसील चांपा में खनिज कोयला के अस्थायी भण्डारण अनुज्ञप्ति स्वीकृत किया गया है, जिसके संबंध में प्राप्त शिकायत की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांक ''क'' और ''ख'' के अनुसार प्राप्त शिकायतों में जांच हेतु समय-सीमा का उल्लेख नहीं है। तथापि शिकायतों पर जांच की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - इन्क्यावन" ]**

## विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार अंतर्गत मोबाईल टावर की स्थापना

[इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी]

**15. ( क्र. 116 ) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मुख्यमंत्री टावर योजना एवं अन्य माध्यमों से मोबाईल टावर शुरू करने का उद्देश्य क्या है? विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार के कितने गांवों में मोबाईल टावर नही हैं? **(ख)** मुख्यमंत्री टावर योजना एवं अन्य माध्यमों से विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार के कितने गांवों का चयन किया गया है? **(ग)** जनवरी, 2026 की स्थिति में किन-किन ग्रामों में टावर लगाने का काम चल रहा है? उसकी अद्यतन स्थिति क्या है? **(घ)** क्या डिजिटल इंडिया के तहत पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्रामों को मोबाईल टावर के माध्यम से जोड़ा जा चुका है या शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति की जा चुकी है? यदि हां तो मोबाईल टावर एवं ग्राम की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करावें? यदि नहीं तो प्रत्येक ग्रामों को डिजिटल इंडिया के तहत कब तक जोड़ कर लक्ष्य की पूर्ति होगी? जानकारी देवें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** डिजिटल भारत निधि (DBN) योजनान्तर्गत मोबाईल टावर स्थापना हेतु सर्वेक्षण, भूमि आबंटन आदि कार्यों के त्वरित निष्पादन हेतु मोबाईल टावर योजना लागू की गयी है । विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार अंतर्गत कुल 356 ग्राम हैं । दूरसंचार विभाग भारत सरकार द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार 356 ग्रामों में से 354 ग्रामों में 167 टॉवरों के माध्यम से मोबाईल कवरेज प्राप्त हो रहा है । **(ख)** विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार हेतु डिजिटल भारत निधि (DBN) योजनान्तर्गत 2 ग्रामों में मोबाईल टावर लगाये जाने हेतु कार्य किया जा रहा है । **(ग) (ख)** अनुसार । **(घ) (क)** एवं **(ख)** अनुसार । **(ग्रामवार सूची संलग्न प्रपत्र अनुसार)**

**[ संलग्न "परिशिष्ट - बावन" ]**

## नगर पंचायत पाली में मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण के कार्यों की स्थिति

[ऊर्जा]

**16. ( क्र. 117 ) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना कब से प्रारंभ की गई है? क्या इस योजना के तहत नगर पंचायत पाली में कार्य किया गया है? यदि हां तो कब-कब क्या-क्या कार्य किये गये हैं? जानकारी उपलब्ध करावें? यदि नहीं किया गया है तो क्यों? जानकारी देवे **(ख)** नगर पंचायत पाली शहर को विद्युतीकरण किये कितने वर्ष पूर्ण हो चुकें हैं? क्या अनेकों स्थानों में तार जर्जर अवस्था में एवं लाईन अव्यवस्थित स्थिति में है? हां तो उक्त नगर पंचायत में विद्युत विस्तार एवं सुधार कार्य कब तक पूर्ण किया जायेगा? जानकारी देवें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना अगस्त-2012 से प्रारंभ है। योजनांतर्गत नगर पंचायत पाली के लिए प्रस्ताव प्राप्त नहीं होने के कारण अद्यतन कोई भी कार्य नहीं किया गया है। **(ख)** नगर पंचायत पाली शहर का ग्रिड से विद्युतीकरण दिनांक 20.02.1988 को किया गया है। नगर पंचायत पाली शहर अंतर्गत आई.पी.डी.एस योजना में वर्ष 2016 से 2018 तक 10 कि.मी. विद्युत तारों को एबी केबल से बदल कर व्यवस्थित किया गया है एवं आर.डी.एस.एस. योजना अंतर्गत 4.5 कि.मी. निम्नदाब विद्युत लाईन खुले तारों को एबी केबल में बदलने का कार्य प्रगति पर है पुरानी लाईनों का मेंटेनेंस नियमित तौर पर किया जा रहा है।

## रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कोरबा वनमंडल में कराये गये निर्माण कार्य

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**17. ( क्र. 128 ) श्री फूलसिंह राठिया :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कोरबा वनमंडल के द्वारा सत्र 2022-23 से 2025-26 तक कराये गये सम्पूर्ण निर्माण कार्यों की वर्षवार, बीटवार स्वीकृत राशि, पूर्ण अपूर्ण की जानकारी उपलब्ध करावें ?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : जानकारी संलग्न "प्रपत्र" में दर्शित है ।**

**[ संलग्न "परिशिष्ट - तिरपन" ]**

## हल्के/मध्यम/भारी/अति भारी वाहनों के ड्राईविंग लाईसेंस प्रदान किये जाने के नियम

[परिवहन]

**18. ( क्र. 131 ) श्री अनुज शर्मा :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायपुर जिले अंतर्गत 1 अप्रेल, 2024 से जनवरी, 2026 तक कितने-कितने हल्के/मध्यम/भारी/अति भारी वाहनों के ड्राईविंग लाईसेंस प्रदान किये गये हैं? **(ख)**प्रश्नांक 'क' अनुसार क्या इन वाहन चालकों को लाईसेंस प्रदान किये जाने के पूर्व नियमानुसार ड्राईविंग टेस्ट लिया गया था? यदि हां तो क्या इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराये जाने संबंधी कोई प्रावधान है? **(ग)** प्रश्नांक 'क' अनुसार भारी तथा अतिभारी वाहनों के ड्राईविंग टेस्ट में भाग लेने वाले किसी अभ्यर्थी को टेस्ट में फेल किया गया? यदि हां तो कितने और क्या इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी उपलब्ध है? **(घ)** क्या टेस्ट में फेल होने वाले अभ्यर्थी को पुनः प्रयास किये जाने का मौका दिया जाता है? यदि हां तो कितने अंतराल के बाद ?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** जी हाँ। उक्त प्रक्रिया हेतु वीडियोग्राफी कराये जाने का कोई प्रावधान अधिनियम में नही है। **(ग)** जी हाँ। प्रश्नांकित अवधि में 01 अभ्यर्थी को टेस्ट में फेल किया गया है। वीडियोग्राफी का प्रावधान नही है अत शेष प्रश्न उपस्थित नही होता है। **(घ)** जी हाँ। 07 दिवस पश्चात पुनः मौका दिया जाता है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - चौवन" ]**

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में रायपुर वृत्त को प्रदत्त बजट राशि

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**19. ( क्र. 132 ) श्री अनुज शर्मा :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभागीय बजट आयोजना में रायपुर वृत्त के लिये किन-किन मदो में कितनी-कितनी राशि का बजट प्रावधान किया गया था? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार क्या इन मदों पर प्रावधानित राशियों का शत प्रतिशत उपयोग कर लिया गया है? यदि नहीं तो क्यों और यदि हां तो विवरण प्रदान करें? **(ग)** क्या वित्तीय वर्ष 2024-25 में रायपुर वृत्त को आबंटित बजट राशि का प्रस्तावित मदों के अतिरिक्त किसी अन्य कार्य में व्यय किये जाने संबंधी कोई शिकायत विभाग को प्राप्त हुई है ?यदि हां तो क्या? **(घ)** प्रश्नांक 'क' अनुसार प्रावधानित कार्यो के संपादन हेतु नियमानुसार निविदा का आमंत्रण किया गया था ?यदि हां तो विवरण प्रदान करें?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभागीय बजट आयोजना में रायपुर वृत्त अंतर्गत बजट प्रावधान का मदवार विवरण **पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-अ" अनुसार है ।(ख)** प्रश्नांक "क" अनुसार इन मदों पर प्रावधानित राशियों का 96.98 प्रतिशत व्यय हुआ है । राशि का पूर्ण व्यय न होने का कारण **पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-अ" के कॉलम-6 अनुसार है ।(ग)** नहीं। **(घ)** प्रश्नांक 'क' अनुसार

प्रावधानित कार्यों के संपादन हेतु नियमानुसार निविदा का आमंत्रण किया गया है। विस्तृत विवरण **पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-ब" अनुसार है ।**

## भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में विद्युत कनेक्शन का प्रदाय

[ऊर्जा]

**20. ( क्र. 146 ) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ऐसे कितने ग्राम या बसाहटें हैं जहां आज पर्यन्त विद्युत कनेक्शन नहीं पहुंचा है? सूची उपलब्ध करावें? **(ख)** विद्युत कनेक्शनविहीन ग्रामों/ बसाहटों में कब तक कनेक्शन प्रदान किया जावेगा ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी 357 ग्रामों में विद्युत कनेक्शन स्थापित है, जिनमें 20 ग्रामों की 20 बसाहट विद्युतीकृत नहीं है, सूची **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** विद्युत विहिन 20 बसाहटों में से 6 बसाहटों के कार्य धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान योजना अंतर्गत एवं 1 बसाहट का कार्य जिला निर्माण समिति द्वारा जमा योजना के तहत् प्रगति पर है। जिनके कार्य शीघ्र पूर्ण किये जाने के प्रयास हैं। शेष 13 बसाहटों के कार्य मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना अंतर्गत स्वीकृति की प्रक्रिया में है, जिनके कार्य शीघ्र पूर्ण करने के प्रयास रहेंगें।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - पचपन" ]**

## विभाग द्वारा प्रचार प्रसार में व्यय

[जनसंपर्क]

**21. ( क्र. 149 ) श्री ओंकार साहू :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सत्य है कि जनसंपर्क विभाग द्वारा विगत दो वर्षों में शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार समाचार पत्रों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से किया गया हैं? यदि हाँ, तो जिलेवार किन-किन फर्मों/चैनलों को कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया है? उसका पूर्ण विवरण दे? **(ख)** क्या उक्त अवधि में ऐसे अनेक यूट्यूब चैनलों/डिजिटल मीडिया प्लेटफार्मों को भी भुगतान किया गया है जिनके सब्सक्राइबर कम हैं? यदि हाँ, तो ऐसे सभी चैनलों/फर्मों के नाम, उनकी सब्सक्राइबर संख्या, भुगतान की गई राशि तथा उन्हें चयनित किए जाने का मापदंड (क्राइटेरिया) क्या था? **(ग)** क्या अत्यल्प दर्शक-संख्या वाले डिजिटल माध्यमों के भुगतान की किसी प्रकार की जांच कराई गई है? यदि हाँ, तो जांच का निष्कर्ष क्या है तथा क्या कार्यवाही की गई है?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)**जनसंपर्क विभाग द्वारा विगत दो वर्षों में शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार समाचार पत्रों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यम से किया गया है। जिसके भुगतान की राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

(राशि रूपए में)

| क्रमांक | मद | विगत दो वर्षों में किए गए भुगतान राशि |
|---|---|---|
| 1 | प्रिंट मीडिया | 1594901115 |
| 2 | इलेक्ट्रॉनिक मीडिया | 1749871891 |
| 3 | सोशल मीडिया | 1206845 |
| 4 | डिजिटल सोशल मीडिया | 409639709 |
| 5 | क्षेत्र प्रचार | 2955259303 |
| 6 | प्रकाशन | 69361545 |

फर्मो/चैनलों की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** यू-ट्यूब चैनलों को विज्ञापन जारी नहीं किया गया है। डिजिटल मीडिया को विज्ञापन जारी किया जाता है, इसमें सब्सक्राइबर नहीं होता। वेबसाईट/न्यूज पोर्टल को विज्ञापन नियमावली -2019 की कंडिका 31 यथा संशोधित नियम 2020 के तहत् विज्ञापन जारी किया जाता है। वेबपोर्टलों का नाम एवं उनको भुगतान की गई राशि तथा उक्त नियम की कॉपी **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ग)** निरंक

## डेम, तालाबों एवं एनीकटों के गेट मरम्मत कार्य की शिकायतों की जांच

[जल संसाधन]

**22. ( क्र. 150 ) श्री ओंकार साहू :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सत्य है कि जल संसाधन विभाग अंतर्गत धमतरी, कांकेर एवं महासमुंद जिलों में 1 जनवरी, 2023 से जनवरी, 2026 तक विद्युत-यांत्रिकी (नलकूप गेट) शाखा द्वारा विभिन्न तालाबों एवं एनीकटों के गेटों का मरम्मत कार्य कराया गया है? यदि हां, तो जानकारी दें? किन-किन तालाबों/एनीकटों के कितने-कितने गेटों की मरम्मत कराई गई तथा प्रत्येक कार्य पर कुल कितनी राशि व्यय की गई? **(ख)** उक्त मरम्मत कार्यों हेतु क्या निविदा (टेंडर) प्रक्रिया अपनाई गई? यदि हां, तो कब-कब टेंडर आमंत्रित किए गए? प्रत्येक टेंडर में कितनी-कितनी फर्मों ने भाग लिया तथा एल-1 दर पर कब-कब वर्क ऑर्डर जारी किए गए? यदि किसी कार्य में टेंडर नहीं कराया गया, तो उसके कारण क्या हैं? **(ग)** क्या उक्त मरम्मत कार्यों के संबंध में विभाग को कोई शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां, तो प्राप्त शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जी हाँ, यह सत्य है कि जल संसाधन विभाग अंतर्गत धमतरी, कांकेर एवं महासमुंद जिलों में 1 जनवरी, 2023 से जनवरी, 2026 तक विद्युत-यांत्रिकी (नलकूप गेट) शाखा द्वारा विभिन्न तालाबों एवं एनीकटों के गेटों का मरम्मत कार्य कराया गया है। तालाबों एवं एनीकटों के जलद्वारों के मरम्मत एवं व्यय राशि की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख)** उक्त मरम्मत कार्यों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए सीमित निविदा (टेंडर) प्रक्रिया अपनाई गई है। सीमित निविदा में 03 फार्मों द्वारा भाग लिया गया तथा संभाग स्तरीय मरम्मत समिति द्वारा दर अनुमोदन पश्चात् कार्यादेश जारी किया गया, जिसकी **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार है। (ग)** उक्त मरम्मत कार्यों के संबंध में विभाग में कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

## सिंचाई परियोजनाओं की लाइनिंग कार्य की स्थिति

[जल संसाधन]

**23. ( क्र. 156 ) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला राजनांदगांव व केसीजी. के अंतर्गत वर्ष 2024 से जनवरी, 2026 तक कितने सिंचाई परियोजना, एनीकट, स्टापडेम व जलाशय में लाईनिंग के कार्य स्वीकृत किए गए? कितने कार्य पूर्ण/अपूर्ण व अप्रारंभ हैं और क्यों? **(ख)** क्या पुरैना जलाशय के जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य में अनिमितता पाई गई ? क्या विभाग द्वारा कोई जांच टीम का गठन किया गया? यदि हां ,तो जांच में क्या अनियमितता पाई गई? इसमें कौन-कौन अधिकारी व ठेकेदार संलिप्त हैं? उन पर क्या कार्यवाही की गई ? क्या क्षतिग्रस्त नहर लाईनिंग की पुनः राशि स्वीकृत कर मरम्मत कराई गई? कितनी राशि व्यय की गई व कार्य पूर्ण हो चुका है या अपूर्ण है?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जिला राजनांदगांव व केसीजी. के अंतर्गत वर्ष 2024 से जनवरी, 2026 तक क्रमश: 09 व 14 सिंचाई परियोजनायें (एनीकट, स्टापडेम व जलाशय में लाईनिंग के कार्य) स्वीकृत किये गये हैं। जिसमें से 07 कार्य पूर्ण हैं, 06 कार्य अपूर्ण हैं व 10 कार्य अप्रारंभ है। विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र**

**अनुसार है। (ख)** पुरैना जलाशय जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य में अनियमितता नहीं पाई गई है। अतः विभाग द्वारा कोई जांच टीम का गठन नहीं किया गया है। क्षतिग्रस्त नहर लाईनिंग कार्य की पुनः राशि स्वीकृत नही कराई गई है, अपितु मुख्य नहर एवं लघु नहर के कुछ स्थानों पर क्षतिग्रस्त नहर लाईनिंग कार्य को बिना अतिरिक्त राशि भुगतान के मरम्मत किये जाने हेतु संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया गया है। मरम्मत कार्य पूर्ण रूप से ठीक नहीं किये जाने के कारण ठेकेदार को दिनांक 31.05.2022 के बाद कोई भी भुगतान नहीं किया गया है। क्षतिग्रस्त लाईनिंग को सुधार करने के उपरान्त ही अंतिम भुगतान किया जावेगा। उक्त कार्य में राशि रू. 376.36 लाख व्यय किया जा चुका है वर्तमान में कार्य प्रगतिरत है?

**[ संलग्न "परिशिष्ट - छप्पन" ]**

## राज्य सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग में प्राप्त एवं निराकृत प्रकरण

[सुशासन एवं अभिसरण]

**24. ( क्र. 157 ) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला राजनांदगाँव व जिला के.सी.जी. के अंतर्गत राज्य सरकार के द्वारा सुशासन अभिसरण में विभिन्न विभागों में जनता के द्वारा कितनी मांग या समस्या किन-किन विभागों को प्राप्त हुई? इसकी विभागवार व विकासखण्डवार सम्पूर्ण जानकारी देवें? **(ख)** कितने विभागो से मांग का निराकरण जनता तक पहुंची या उनका निराकरण किया गया विभाग वार, विकासखण्ड वार पूर्ण जानकारी देवे? **(ग)** दोनों जिलों में डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कितनी जगहों पर शिविर लगाकर और सुशासन तिहार मनाकर आम जनता की मांगों को सुना गया और कितनों का निराकरण किया गया? विभागवार, विकासखण्डवार पूर्ण जानकारी देवें? कितनी-कितनी राशि का आबंटन कब-कब किया गया? विभागवार,विकासखण्डवार पूर्ण जानकारी देवें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-अ** अनुसार है।**(ख)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-ब**अनुसार है। **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-स** अनुसार है। आबंटित राशि निरंक होने के कारण शेष उद्‌भुत नहीं होता।

## कैम्पा मद से किए गए कार्य

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**25. ( क्र. 162 ) श्री विक्रम मंडावी :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 के लिए कैम्पा मद से राज्य सरकार को कितनी राशि प्राप्त हुई है? **(ख)** कैम्पा मद की राशि के उपयोग करने की कार्ययोजना कौन बनाता है और अनुमोदित कौन करता है? **(ग)** उक्त वित्तीय वर्षो की वर्षवार, जिलेवार, जानकारी देवें?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 के लिए कैम्पा मद से राज्य सरकार को प्राप्त राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

| वित्तीय वर्ष | राशि ( करोड़ रू.में) |
|---|---|
| 2023-24 | 388.72 |
| 2024-25 | 909.62 |
| 2025-26 | 293.49 |

**(ख)** कैम्पा मद की राशि के उपयोग करने की कार्ययोजना वनमंडलाधिकारियों द्वारा मुख्य वन संरक्षकों के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी (कैम्पा) को प्रस्तुत की जाती है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा

संकलित कार्ययोजना को राज्य कैम्पा की क्रियान्वयन समिति एवं संचालन समिति के अनुमोदन से राष्ट्रीय कैम्पा प्राधिकरण, भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को प्रेषित किया जाता है, जिसकी स्वीकृति राष्ट्रीय कैम्पा प्राधिकरण द्वारा दी जाती है।**(ग)** राज्य सरकार को प्राप्त राशि की वित्तीय वर्षवार जानकारी प्रश्नांश 'क' के उत्तर में दर्शित है। राज्य सरकार को जिलेवार राशि प्राप्त नहीं होती है, अपितु राज्य हेतु एकजाई राशि प्राप्त होती है।

## क्रेडा से शासकीय भवनों में सोलर पावर की व्यवस्था

[ऊर्जा]

**26. ( क्र. 163 ) श्री विक्रम मंडावी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत ऐसी कितनी शासकीय शालायें, आश्रम एवं छात्रावास हैं जहां बिजली नहीं है तथा इनमें से कितनी संस्थाओं में सोलर पावर के द्वारा बिजली व्यवस्था की गई है? **(ख)** प्रश्नांक 'क' के परिप्रेक्ष्य में इनमें से कितने सोलर चालू स्थिति में हैं व कितने कब से बंद हैं? संस्थावार जानकारी देवें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत 1721 शासकीय शालायें, 70 आश्रम, एवं 14 छात्रावास में बिजली नहीं है। 435 शासकीय शालायें, 64 आश्रम एवं 11 छात्रावास में सोलर पावर के द्वारा बिजली व्यवस्था की गई है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** में दर्शित है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - सनतावन" ]**

## कंतेली में नवीन महाविद्यालय हेतु भवन निर्माण

[उच्च शिक्षा]

**27. ( क्र. 167 ) श्री पुन्नूलाल मोहले :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या कंतेली में नवीन महाविद्यालय हेतु बजट में प्रावधान किया गया था? यदि हां, तो जनवरी, 2026 तक महाविद्यालय की स्थापना हेतु क्या कार्यवाही की गई है? किन-किन संकाय हेतु कुल कितने पद की स्वीकृति प्रदाय की गई है? यदि नहीं तो क्यों एवं कब तक की जावेगी? **(ख)** महाविद्यालय के भवन के निर्माण एवं स्वीकृत सेटअप हेतु जनवरी, 2026 तक क्या कार्यवाही की गई? भवन के निर्माण के साथ ही स्वीकृत सेटअप की स्वीकृति कब तक की जावेगी? समयावधि बतावें?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जी हॉ। जनवरी 2026 तक महाविद्यालय की स्थापना के संबंध में प्रस्ताव वित्त विभाग में विचाराधीन है। प्रश्न उपस्थित नहीं होता। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
**(ख)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता। समय-सीमा बताया जाना संभव नही है।

## प्रदेश के मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की गई विदेश यात्रा

[सामान्य प्रशासन]

**28. ( क्र. 173 ) डॉ. चरण दास महंत :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जनवरी, 2024 से जनवरी, 2026 तक मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, आई.ए.एस., आई.पी.एस., आई.एफ.एस. सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की गई शासकीय विदेश यात्रा की तिथिवार जानकारी उपलब्ध करावें? यात्रा अनुमति का विवरण भी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार की गई विदेश यात्रा का प्रयोजन, विदेश यात्रा में हुए शासकीय व्यय, विदेश यात्रा से प्रदेश के किन-किन विभागों को क्या लाभ हुआ एवं योजनाएं बनाई गई? विवरण बतावें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-ब** अनुसार है।

## प्रचार माध्यमों को विज्ञापन हेतु देय/भुगतान राशि

[जनसंपर्क]

**29. ( क्र. 174 ) डॉ. चरण दास महंत :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसम्बर, 2023 से एवं वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 में जनवरी, 2026 तक विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया अंतर्गत किन-किन एजेन्सियों को कितनी-कितनी राशि का कार्यादेश प्रदान किया गया? कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है? कितनी राशि के भुगतान लंबित हैं? वर्षवार बतावें? **(ख)** प्रदेश में कितने वेब पोर्टलों को विज्ञापन हेतु जनसम्पर्क संचालनालय में इम्पैनलमेंट किया गया है? प्रश्नांश 'क' की अवधि में कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया जाना था? कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया है? कितनी राशि का भुगतान किया जाना शेष है? सम्पूर्ण जानकारी वर्षवार बतावें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसम्बर, 2023 से एवं वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 में जनवरी, 2026 तक विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया अंतर्गत कार्यादेश राशि, भुगतान राशि एवं लंबित राशि की जानकारी निम्नानुसार है तथा इसकी विस्तृत **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र - अ** अनुसार हैः-

| मद | वित्तीय वर्ष | कुल कार्यादेशराशि | भुगतान राशि | लंबित राशि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| इलेक्ट्रानिक मीडिया | 2023-24दिसम्बर 23 से | 191813464 | 183397680 | निरंक | वास्तविक कार्य अनुसार देयक प्राप्त हुआ जिसका पूर्ण भुगतान किया गयाहै।अत:भुगतान लंबित नहीं है। |
| | 2024-25 | 995073668 | 966687126 | निरंक | |
| | 2025-26 जनवरी 26 तक | 1011585303 | 599787085 | 411798218 | |
| प्रिंट मीडिया | 2023-24दिसम्बर 23 से | 379886421 | 379886421 | निरंक | |
| | 2024-25 | 679591182 | 679591182 | निरंक | |
| | 2025-26 जनवरी 26 तक | 842999052 | 535423512 | 307575540 | |
| सोशल मीडिया | 2023-24दिसम्बर 23 से | 1206845 | 1206845 | निरंक | |
| | 2024-25 | निरंक | निरंक | निरंक | |
| | 2025-26 जनवरी 26 तक | 29160455 | 18610965 | 10549490 | |
| | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| डीजिटल सोशल मीडिया | 2023-24दिसम्बर 23 से | 118111193 | 118111193 | - | |
| | 2024-25 | 156722540 | 156722540 | | |
| | 2025-26 जनवरी 26 तक | 254515974 | 134805976 | 119709998 | |

**(ख)** जनसम्पर्क संचालनालय में इम्पैनलमेंट किया गया वेब पोर्टल -243 है एवं प्रश्नांक 'क' अवधि में जारी कार्यादेश राशि, भुगतान राशि एवं लंबित राशि की जानकारी निम्नानुसार है तथा इसकी विस्तृत **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र - ब** अनुसार हैः-

| क्रमांक | वित्तीय वर्ष | कार्यादेश | भुगतान राशि | लंबित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023-24दिसम्बर 2023 से | 17724454 | 17724454 | - |
| 2 | 2024-25 | 56580125 | 56580125 | |
| 3 | 2025-26 जनवरी 2026 तक | 79832170 | 49343644 | 30488526 |

## विधानसभा क्षेत्र सीतापुर में प्राप्त वनोपज का भुगतान

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**30. ( क्र. 178 ) श्री रामकुमार टोप्पो :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा सीतापुर क्षेत्र अंतर्गत वन परिक्षेत्र सीतापुर,मैनपाट अंतर्गत वर्ष 2023-2025 तक कितने वनोपज की प्राप्ति हुई है ? महुआ, तेंदूपत्ता, शहद, लाख, आंवला आदि का कितना संग्रहण हुआ है?वनोपज संग्रहण समिति अनुसार वर्षवार, वन मंडलानुसार जानकारी प्रदान करें? **(ख)**प्रश्नांक 'क' अनुसार वनोपज संग्रहण करने वाले हितग्राहियों के भुगतान की स्थिति क्या है? कितनों को भुगतान किस वनोपज संग्रहण हेतु भुगतान किया गया है?अगर नहीं तो भुगतान कब तक किया जाएगा?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** विधानसभा सीतापुर के अंतर्गत वन परिक्षेत्र सीतापुर एवं मैनपाट अंतर्गत वर्ष 2023-2025 अवधि में वनोपजों के संग्रहण के संबंध में चाही गई जानकारी वर्षवार, वनमण्डलवार, समितिवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'अ' एवं प्रपत्र 'ब' में दर्शित है ।(ख)** वनोपज संग्रहण करने वाले हितग्राहियों के भुगतान की स्थिति व भुगतान किए गए संग्राहकों की संख्या वनोपजवार **संलग्न प्रपत्र 'अ' एवं प्रपत्र 'ब' में दर्शित है ।** सभी संग्राहकों को पूर्ण भुगतान किया जा चुका है, अतः भुगतान की समय-सीमा का प्रश्न उपस्थित नही होता है ।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - अनठावन" ]**

## प्रदेश में खनिजों का उत्खनन

[खनिज साधन]

**31. ( क्र. 181 ) श्रीमती गोमती साय :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में वर्तमान में कौन-कौन से लघु, मध्यम एवं प्रमुख खनिजों का उत्खनन किया जा रहा है तथा जिलेवार कितनी खदानें संचालित हैं? **(ख)** विगत तीन वर्षों में खनिज उत्खनन से राज्य सरकार को कितना राजस्व प्राप्त हुआ है, ? वर्षवार विवरण क्या है? **(ग)** पर्यावरण संरक्षण, भू-पुनर्भरण, जल स्रोतों की सुरक्षा एवं वनों पर पड़ने वाले प्रभाव को नियंत्रित करने हेतु क्या-क्या उपाय किए जा रहे हैं? **(घ)** खनन प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को रोजगार, सामाजिक दायित्व (CSR) तथा मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु क्या प्रावधान लागू हैं? **(ड़)** खनिज

उत्खनन में पारदर्शिता एवं निगरानी सुनिश्चित करने हेतु विभाग द्वारा कौन-कौन से तकनीकी एवं प्रशासनिक कदम उठाए गए हैं?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** प्रदेश में वर्तमान में मुख्य खनिज लौह अयस्क, कोयला, बॉक्साईट, चूनापत्थर, टिन, रनर मोल्डिंग सेंड, ग्रेफाईट एवं क्वार्ट्ज तथा गौण खनिज क्वार्ट्जाईट, पोर्सिलीनाईट/सिलिसियस शेल, फायरक्ले, डोलोमाईट, कोरण्डम, सोपस्टोन, सिलिका सेण्ड, ग्रेनाईट, निम्न श्रेणी चूनापत्थर, साधारण पत्थर, फर्शीपत्थर, मिट्टी (ईट), साधारण रेत, मुरूम का उत्खनन किया जा रहा है। जिलेवार संचालित खदानों की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- ''अ''** अनुसार है।**(ख)** खनिज उत्खनन से राज्य सरकार को वर्ष 2023-24 में 12,221 करोड़, वर्ष 2024-25 में 14,216 करोड़ तथा वर्ष 2025-26 (31 जनवरी, 2026 तक) में 12,295 करोड़ रूपये राजस्व के रूप में प्राप्त हुआ है। **(ग)** खदान प्रबंधकों द्वारा अनुमोदित खनन योजना एवं पर्यावरण सम्मति में उल्लेखित शर्तो के अनुसार पर्यावरण संरक्षण, भू-पुनर्भरण, जल स्त्रोतों की सुरक्षा एवं वनों पर पड़ने वाले प्रभाव को नियंत्रित किया जाता है। **(घ)**खनन प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को रोजगार, सामाजिक दायित्व (CSR) तथा मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु वर्तमान में औद्योगिक विकास नीति 2024-30 की कंडिका क्रमांक 12.19, सीएसआर के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 की 18) एवं कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम, 2014 प्रावधानित है, जिसकी प्रति **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''ब''** अनुसार है। **(ड़)** खनिज उत्खनन में पारदर्शिता एवं निगरानी सुनिश्चित करने हेतु समस्त खनि रियायतों को खनिज ऑनलाईन पोर्टल में ऑनबोर्ड किया जा रहा है। स्वीकृत खदानों के क्षेत्र से बाहर अवैध खनन पर निगरानी हेतु माइनिंग सर्विलेंस सिस्टम विकसित किये गये हैं। जिला स्तरीय अंतर्विभागीय टास्क फोर्स समिति का गठन एवं खदानों में सतत् निगरानी हेतु मैदानी अमलों की भर्ती की गई है।

## इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी योजनाएं एवं उनका क्रियान्वयन

[इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी]

**32. ( क्र. 182 ) श्रीमती गोमती साय :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** राज्य में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वर्तमान में संचालित ई-गवर्नेंस परियोजनाओं, डिजिटल सेवाओं एवं आईटी आधारित योजनाओं का विवरण दे? **(ख)** विगत तीन वित्तीय वर्षों में विभाग को स्वीकृत बजट एवं व्यय की गई राशि की जानकारी क्या है? **(ग)** राज्य के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं आईटी अधोसंरचना के विस्तार हेतु क्या-क्या प्रयास किए जा रहे हैं? **(घ)** क्या ई-गवर्नेंस परियोजनाओं के क्रियान्वयन में विलंब, तकनीकी खामियाँ अथवा शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ, तो उन पर की गई कार्यवाही का विवरण दे ? **(ड)** विभाग द्वारा आगामी वर्षों में डिजिटल परिवर्तन, साइबर सुरक्षा एवं आईटी निवेश को बढ़ावा देने हेतु क्या कार्ययोजना प्रस्तावित है?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** राज्य में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वर्तमान में संचालित ई-गवर्नेंस परियोजनाओं, डिजिटल सेवाओं एवं आईटी आधारित योजनाओं का विवरण **संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख)** विगत तीन वित्तीय वर्षो में विभाग को स्वीकृत बजट एवं व्यय की गई राशि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है। (ग)** राज्य के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं आईटी अधोसंरचना के विस्तार हेतु संचालित परियोजनाओं की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है। (घ)** ई-गवर्नेंस परियोजनाओं के क्रियान्वयन में विलंब, तकनीकी खामियाँ अथवा शिकायतें एवं की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी **संलग्न प्रपत्र-स अनुसार है।** (ड़) विभाग द्वारा आगामी वर्षों में डिजिटल परिवर्तन, साइबर सुरक्षा एवं आईटी निवेश को बढ़ावा देने हेतु संचालित परियोजनाओं की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।** **[ संलग्न "परिशिष्ट - उन्सठ" ]**

## जिला जशपुर में विद्युत लाईनों एवं विद्युत स्थापनाओं का स्थानान्तरण

[ऊर्जा]

**33. ( क्र. 183 ) श्रीमती गोमती साय :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जशपुर जिले की विधानसभा क्षेत्रों में विगत तीन वर्षों के दौरान सड़कों, शासकीय भवनों, आवासीय योजनाओं तथा अन्य विकास कार्यों के कारण कितनी विद्युत लाईनों एवं विद्युत स्थापनाओं (विद्युत खंभे, ट्रांसफार्मर, सब-स्टेशन आदि) के स्थानान्तरण की आवश्यकता चिन्हित की गई है? विधानसभावार, ग्रामवार एवं मदवार विवरण देवें? **(ख)** विगत 02 ग्रीष्मकाल में जशपुर जिले/विधानसभा क्षेत्र में बार-बार ट्रांसफार्मर जलने, विद्युत तार टूटने एवं पोल क्षतिग्रस्त होने की कितनी घटनाएँ हुईं? कारण क्या रहे? विभाग द्वारा क्या सुधारात्मक कार्यवाही की गई? आगामी ग्रीष्मकाल हेतु रखरखाव, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर, तार-पोल प्रतिस्थापन व आपूर्ति सुचारू रखने की क्या तैयारी है? **(ग)** स्थानान्तरण कार्यों हेतु अनुमानित एवं वास्तविक व्यय कितना हुआ है? क्या यह व्यय संबंधित विभाग, स्थानीय निकाय, ठेकेदार अथवा विद्युत विभाग द्वारा वहन किया गया है? जानकारी देवें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जशपुर जिला की विधानसभा क्षेत्रों में विगत तीन वर्षो के दौरान सड़कों, शासकीय भवनों, आवासीय योजनाओं तथा अन्य विकास कार्यो के कारण 62.39 किलोमीटर विद्युत लाईन एवं 738 विद्युत स्थापनाओं (720 नग विद्युत खंभे एवं 18 नग ट्रांसफार्मर) के स्थानांतरण की आवश्यकता चिन्हित की गई है, विधानसभावार, ग्रामवार एवं मदवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है । **(ख)** विगत 02 ग्रीष्मकाल में जशपुर जिले/विधानसभा क्षेत्र में बार-बार ट्रांसफार्मर जलने कोई घटना नहीं हुई है, विद्युत तार टूटने की 13 घटनाएँ हुई। चूॅकि जशपुर जिला वन क्षेत्र होने से आँधी-तूफान एवं आकाशीय बिजली तड़कने की घटना अधिक होने के कारण एक स्थल पर एक से अधिक बार विद्युत तार टूटने की घटनाएं हुई है, विभाग द्वारा तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही की गयी है। आगामी ग्रीष्मकाल हेतु रखरखाव, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर, तार-पोल प्रतिस्थापन व आपूर्ति रखने हेतु अग्रिम निविदा जारी कर कार्यादेश जारी किया जा रहा है। **(ग)** स्थानांतरण कार्यो हेतु विद्युत कंपनी में पूर्ण जमा योजना के कार्यों की प्राक्कलन राशि रु. 15 लाख 34 हजार 224 एवं अब तक वास्तविक व्यय राशि रू. 8 लाख 98 हजार 336 हुआ है, इसके अतिरिक्त निर्धारित सुपरविजन चार्ज की राशि भुगतान कर 'ए' क्लास विद्युत ठेकेदार के माध्यम से कराये गये शिफ्टिंग कार्यों की प्राक्कलन राशि रू. 8 करोड 74 लाख 73 हजार 607 के विरूद्ध निर्धारित सुपरविजन चार्ज रू. 34 लाख 51 हजार 266 का भुगतान विद्युत कंपनी को किया जाकर प्राक्कलन के प्रावधान अनुसार व्यय किया गया है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - साठ" ]**

## लैलूंगा विधानसभा अंतर्गत विद्युत दुर्घटनाओं को रोकने हेतु कृत कार्यवाही

[ऊर्जा]

**34. ( क्र. 185 ) श्रीमती विद्यावती सिदार :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में जर्जर विद्युत तार, झुके हुए खंभों एवं पुराने ट्रांसफार्मरों के कारण विद्युत दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में इसके सुधार हेतु क्या कार्यवाही एवं कितनी राशि प्रस्तावित की गई है? पिछले दो वर्षों में विद्युत करंट से हानि की कितनी दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं? **(ख)** खराब ट्रांसफार्मरों के प्रतिस्थापन की अधिकतम समय-सीमा क्या है? **(ग)** लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं? **(घ)** कृषि पंपों को नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने हेतु कौन-कौन सी योजनाएँ चल रहीं हैं? क्या लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के सुदूर वनांचल एवं आदिवासी ग्रामों में सौर ऊर्जा आधारित विद्युत व्यवस्था विकसित करने की कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो उसका विवरण, दें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में जर्जर विद्युत तार, झुके हुए खंभों एवं पुराने ट्रांसफार्मरों के सुधार हेतु खुले तारों को कवर्ड कन्डक्टर/ए0बी0 केबल में बदलना, मिड स्पान पोल लगाना, झुके/खराब खंभों एवं पुराने ट्रांसफार्मरों को बदल कर नया लगाने की त्वरित कार्यवाही की जाती है। विधानसभावार फंड आबंटित नहीं किये जाते है, तथापि संचालन/संधारण संभागवार सुधार कार्य हेतु प्रतिवर्ष फंड आंबटित किया जाता है। पिछले दो वर्षों में लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में विद्युत करंट से दुर्घटना के कुल 16 प्रकरण दर्ज किये गये हैं। **(ख)** खराब ट्रांसफार्मरों के प्रतिस्थापन की अधिकतम समय-सीमा शहरी क्षेत्र में 03 दिवस एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 07 दिवस है। **(ग)** लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा पृथक कृषि पंप फीडरों में औसतन 18 घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। **(घ)** नये कृषि पंपो को विद्युत आपूर्ति हेतु कृषि पंप विद्युतीकरण योजना चल रही है, जिसमें विद्युत आपूर्ति हेतु प्रति किसान 01 लाख रूपये एवं बचत की स्थिति में अधिकतम 1 लाख 50 हजार का अनुदान दिया जाता है। कृषि पंपों को अलग करने हेतु आर.डी.एस.एस. योजना अंतर्गत फीडर सेग्रीगेशन का कार्य भी किया जा रहा है जिससे कृषि पंपों को नियमित विद्युत आपूर्ति हो सके। वर्तमान में सुदूर वनांचल एवं आदिवासी ग्रामों में सौर ऊर्जा आधारित विद्युत व्यवस्था विकसित करने हेतु कोई योजना प्रस्तावित नहीं है। तथापि लैलुंगा विधानसभा क्षेत्र में सौभाग्य योजना अंतर्गत सोलर होम लाईट संयंत्रों के माध्यम से कुल 107 घरों का विद्युतीकरण किया गया है।

## <u>स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को देय सुविधाएं</u>

[सामान्य प्रशासन]

**35. ( क्र. 190 ) श्री धर्मजीत सिंह :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** स्वतंत्रता संग्राम में छ.ग. से कुल कितने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने भाग लिया था ? उनकी संपूर्ण जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका "क" के कितने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्तमान में जीवित हैं एवं कितने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का निधन हो गया है? **(ग)** कंडिका "क" के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृतियों एवं उनके योगदान को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए शासन द्वारा उनके नाम से क्या-क्या किया गया है एवं उनके परिजनों को क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की जा रही है?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क) जानकारी एकत्रित की जा रही है। (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है। (ग)**प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृतियों एवं उनके योगदान को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए संबंधित जिला कार्यालय द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का जीवन परिचय एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान का विवरण संकलित कर प्रदर्शित किया जा रहा है तथा कुछ स्वतंत्रा संग्राम सेनानियों के नाम से संबंधित जिलों के अंतर्गत आने वाले शासकीय स्कूल, कॉलेज, उद्यान, सड़क मार्ग, चौक-चौराहा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का नामकरण किया गया है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को नियमानुसार निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान की जा रही है:-

1. मृत स्वतंत्रता संग्राम सैनिक के परिवार के सदस्य को आजीवन मासिक सम्मान निधि। 2. परिवार के सदस्य को शासकीय सेवा में प्राथमिकता। 3. पुत्र/पुत्रियों एवं पौत्र/पौत्रियों के लिए उच्च शिक्षण संस्थान में प्रवेश हेतु आरक्षण। 4. स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के मरणोपरांत उनके अंत्येष्ठि हेतु सहायता राशि।
5. स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों के लिए निःशुल्क चिकित्सा सहायता एवं उपचार।

## नामांतरण, रिकार्ड दुरूस्ती, नक्शा बटांकन एवं किसान किताब के लंबित प्रकरण

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**36. ( क्र. 191 ) श्री धर्मजीत सिंह :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सत्य है कि राजस्व जमीन की रजिस्ट्री उपरांत नामांतरण, रिकार्ड दुरूस्ती, नक्शा बटांकन एवं किसान किताब अपडेट करने की जिम्मेदारी राजस्व विभाग की है ? यदि हां तो इसके लिए कौन-कौन से अधिकारी की जिम्मेदारी होती है? **(ख)** कंडिका "क" के उल्लेखित कार्यों को कितने-कितने समय में करने का प्रावधान लोक सेवा गारंटी अधिनियम में है? **(ग)** कंडिका के तहत विगत 02 वर्षों में तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने मामले लंबित हैं? कितने निराकृत हैं एवं लंबित मामलों का निराकरण कब तक कर लिया जाएगा?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जी हाँ, जमीन की रजिस्ट्री उपरांत नामांतरण, रिकार्ड दुरूस्ती, नक्शा बटांकन एवं किसान किताब अपडेट करने की जिम्मेदारी राजस्व विभाग की है। छ०ग० भू-राजस्व संहिता, 1959 के अनुसार धारा 109-110 में नामांतरण के लिए तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, रजिस्ट्रार/सब रजिस्ट्रार, धारा 115 में राजस्व रिकार्ड दुरूस्ती हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा०) एवं तहसीलदार, धारा 107 में नक्शा बटांकन हेतु तहसीलदार की अधिकारिता में राजस्व निरीक्षक, एवं हल्का पटवारी, धारा 114-ए में किसान किताब अपडेट हेतु तहसीलदार एवं हल्का पटवारी अधिकृत है। राज्य शासन की अधिसूचना दिनांक 24 अप्रैल 2025 द्वारा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 110 के अधीन तहसीलदार को प्राप्त नामांतरण की शक्तियां पंजीकृत विकय पत्र के आधार पर अंतरण के प्रकरणों में पंजीयन विभाग अंतर्गत जिले में पदस्थ रजिस्ट्रार/सब रजिस्ट्रार को जो अपने क्षेत्राधिकार में पंजीकृत विक्रय पत्र के निष्पादन हेतु अधिकृत हैं, को प्रदत्त की गई है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार **(ग)** विगत 02 वर्षों में तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अतंर्गत तहसील तखतपुर में कुल 11847 प्रकरण दर्ज हुये है जिसमें 11701 मामलों का निराकरण किया जा चुका है शेष 146 मामले लंबित है। तहसील सकरी में कुल 21991 प्रकरण दर्ज हुए है जिसमें से 21547 मामलों का निराकरण किया जा चुका है शेष 444 प्रकरण लंबित है। उक्त लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर लिया जायेगा।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - इकसठ" ]**

## रायगढ़ जिला अंतर्गत हाथियों से जनहानि / फसलहानि का मुआवजा

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**37. ( क्र. 198 ) श्री उमेश पटेल :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायगढ़ जिलांतर्गत वर्ष 2025-26 में किन-किन वनमण्डलों में कब-कब और कितने-कितने हाथियों के दल ने विचरण किया है? यह भी बतावें कि हाथियों से कितने लोगों की मृत्यु हुई है? कितने एकड़ फसल को रौंदा गया है? रेंजवार जानकारी देवें? **(ख)** जनहानि एवं फसलहानि पर मुआवजा देने के क्या गाइड्लाईन हैं एवं कितना मुआवजा दिया गया है? **(ग)** भविष्य में जनहानि न हो, इसके लिए क्या उपाय किए गए हैं?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** रायगढ़ जिला अंतर्गत प्रश्नावधि में (रायगढ एवं धरमजयगढ़ वनमण्डल में) हाथियों का विचरण हुआ है। **विस्तृत विवरण पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र" अनुसार है।** हाथियों द्वारा रायगढ़ वनमण्डल में जनहानि के 01 एवं धरमजयगढ़ वनमंडल में 13 कुल 14 व्यक्तियों की मृत्यु के प्रकरण दर्ज हुए तथा रायगढ़ वनमण्डल में फसल क्षति के 203.537 एकड़ के एवं धरमजयगढ़ वनमण्डल में 704.854 एकड़ के कुल 908.391 एकड़ के फसल क्षति के प्रकरण दर्ज किए गए हैं । हाथियों के विचरण से जनहानि एवं फसल क्षति की रेंजवार विस्तृत जानकारी **पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र" अनुसार है ।(ख)** शासन के प्रावधानानुसार जनहानि होने पर मृतक के वैध आश्रित को रूपये 6,00,000/- एवं फसल क्षति होने पर अधिकतम रूपये

9000/-प्रति एकड़ की दर से मुआवजा भुगतान किया जाता है। प्रश्नावधि में हाथी विचरण के दौरान रायगढ़ वनमण्डल में जनहानि के दर्ज 01 प्रकरण में रूपये 6,00,000/- एवं फसल क्षति के 400 प्रकरण रकबा 203.537 एकड़ में रूपये 18,33,703/- एवं धरमजयगढ़ वनमंडल में जनहानि दर्ज 13 प्रकरण में रूपये 78,00,000/- एवं फसल क्षति प्रकरण संख्या 748 के रकबा 704.854 एकड़ में रूपये 60,75,761/- क्षतिपूर्ति मुआवजा भुगतान किया गया है। **विस्तृत जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र" अनुसार है ।(ग)** रायगढ़ जिला अंतर्गत आने वाले वनमण्डलो में जनहानि रोकने के लिए विभाग द्वारा निम्नानुसार उपाय किये जा रहे है:- 1.रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ वनमण्डलों में चारागाह, जल स्त्रोंतो का विकास कार्य कराया गया है जिससे हाथी एवं अन्य वन्यप्राणियों को वन क्षेत्र में ही भोजन पानी उपलब्ध हो सकें तथा रिहायशी एवं आबादी क्षेत्र की ओर हाथियों को विचरण से रोका जा सकें।2. वनमंडल स्तर पर हाथी मित्र दल का गठन किया गया है ताकि विभागीय मैदानी अमलों के साथ हाथियों की ट्रेकिंग कर जंगल की ओर भेजा जा सकें।3. ग्रामीणों को हाथी विचरण की पूर्ण जानकारी देने हेतु आकाशवाणी कार्यक्रम के माध्यम से हाथियों के आगमन एवं संभावित विचरण का प्रसारण **"हमर हाथी हमर गोठ"** प्रतिदिन शाम 5.00 बजे अंबिकापुर, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ आकाशवाणी केन्द्रों से प्रसारित किया जा रहा है।4. हाथी को रोकने हेतु ''गज संकेत'' ऐप का उपयोग किया जा रहा है। हाथी की उपस्थिति होने पर मोबाईल फोन पर सही समय में सचेत रहने सूचित किया जाता है।5.जिन क्षेत्रों में हाथियों का प्रवास संभावित होता है उन क्षेत्रों में हाथी आगमन की पूर्व सूचना गांवों में मोबाईल एवं माईक (ध्वनी विस्तारक यंत्र) से देकर ग्रामीणों को सचेत किया जाता है, ताकि हाथी मानव-द्वंद्व कम हो सके।6. हाथी मानव संघर्ष को रोकने हेतु वनमंडल स्तर पर Elephant monitoring व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। हाथियों की मॉनीटरिंग, उनका लोकेशन एवं ट्रैकिंग तथा हाथी संबंधी गतिविधियों को ग्रुप में साझा किया जाता है।7. वन क्षेत्र के समीपस्थ संवेदनशील ग्रामों में सुबह-शाम मुनादी करायी जाती है जिससे ग्रामीणों को जंगल में हाथी होने की सूचना मिल सके।

## केलो नहर के लिए भूअर्जन के लंबित प्रकरण

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**38. ( क्र. 199 ) श्री उमेश पटेल :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायगढ़ जिला के केलो परियोजना कार्य में भूअर्जन के कितने मामले किस कारण से लंबित हैं? ग्रामवार जानकारी देवें? केलो परियोजना में भूअर्जन के कारण कितना विलंब हुआ है? क्या उद्योगों को उक्त परियोजना से पानी मिल रहा है? किसानों को कब तक पानी उपलब्ध कराया जायेगा? **(ख)** परियोजना को पूर्ण करने हेतु राजस्व मामले का निराकरण कब तक करके परियोजना का लाभ किसानों को दिया जायेगा? जानकारी देवें?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** रायगढ़ जिला के केलो परियोजना कार्य में भू-अर्जन के 09 मामले तथा आपसी सहमति के 05 मामले (कुल-14 मामले) लंबित है। कारण एवं ग्रामवार जानकारी**प्रपत्र'अ', 'ब', 'स' एवं 'द'**में संलग्न है। उक्त परियोजना में भू-अर्जन के कारण विलम्ब नहीं हुआ है। उक्त परियोजना से अंजली स्टील प्रा. लिमि. को पानी मिल रहा है। किसानों को ट्रायल रन तौर पर वर्ष 2014 से खरीफ सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। **(ख)** भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही वर्तमान में प्रचलन में है। भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण होने पर किसानों को परियोजना का लाभ दिया जाएगा।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - बैंसठ" ]**

## ईओडब्ल्यू/एसीबी में पंजीबद्ध प्रकरण

[सामान्य प्रशासन]

**39. ( क्र. 202 ) श्री धरमलाल कौशिक :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सही है कि 15 दिसम्बर, 2025 के परिवर्तित अतारांकित प्रश्न संख्या 34 (क्र 228) के उत्तर में प्रपत्र-अ के द्वारा दिनांक 25.11.2025 की स्थिति में ईओडब्ल्यू/एसीबी में जारी/लंबित कुल अपराध आधारित प्रकरण 343 हैं, जिनमें कितने प्रकरण 30 वर्ष से, 20 वर्ष से, 10 वर्ष व 5 वर्ष से अधिक अवधि से लंबित/विवेचनाधीन हैं व क्यों? क्या इसकी कोई समय सीमा नियमों में निर्धारित है? यदि हॉ, तो जानकारी देवें? कब तक इन प्रकरणों में विवेचना पूर्ण कर ली जावेगी? **(ख)** जनवरी, 2023 से जनवरी, 2026 की स्थिति में ईडी के द्वारा प्रदेश के किन-किन अधिकारियों के विरूद् अनियमितता/भ्रष्टाचार/कदाचरण/पद के दुरूपयोग के संबंध में राज्य शासन से पत्राचार किया गया है एवं उस पर क्या कार्यवाही की गई? पत्रवार, दिनांकवार, अधिकारीवार तथा कार्यवाहीवार जानकारी देवें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** 15 दिसंबर 2025 के परिवर्तित अतारांकित प्रश्न संख्या 34 (क्र 228) के उत्तर में प्रपत्र-अ के द्वारा दिनांक 25.11.2025 की स्थिति में ईओडब्ल्यू/एसीबी में जारी/लंबित कुल अपराध आधारित प्रकरण 343 लेख है, वह आरोपित लोक सेवकों की संख्या है, जबकि जारी/लंबित कुल प्रकरणों की संख्या 142 हैै। दिनांक 25.11.2025 की स्थिति में ईओडब्ल्यू/एसीबी में 30 वर्ष से-01, 20 वर्ष से-12, 10 वर्ष से-27 व 5 वर्ष से -28 अधिक अवधि में तथा 05 वर्ष से कम अवधि में-74, कुल-142 प्रकरण लंबित/विवेचनाधीन है। जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ'**अनुसार है। प्रकरणों के लंबित/विवेचनाधीन के संबंध में समय सीमा नियमों में निर्धारित नहीं है। उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग कर लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'ब'** अनुसार है।

## बेलतरा वि.स. क्षेत्र में संचालित महाविद्यालय

[उच्च शिक्षा]

**40. ( क्र. 206 ) श्री सुशांत शुक्ला :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में नवीन महाविद्यालय प्रारंभ किए जाने हेतु क्या-क्या मापदंड / नियम निर्धारित हैं? नियम की प्रति उपलब्ध करावें? **(ख)** बेलतरा विधानसभा अंतर्गत कितने महाविद्यालय कहाँ-कहाँ संचालित हैं? कितने महाविद्यालय भवनयुक्त , कितने भवनविहीन तथा कितने किराये के अथवा अन्य भवन में संचालित हैं? जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** प्रश्नांश "ख" के संचालित महाविद्यालयों में कौन-कौन से पाठ्यक्रम संचालित हैं? महाविद्यालयवार छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या सहित जानकारी उपलब्ध करावें ? **(घ)** प्रश्नांश "ख" के संचालित महाविद्यालयों हेतु कितने एवं किस-किस स्तर के शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय पद स्वीकृत हैं? स्वीकृत पद के विरुद्ध कितने कार्यरत एवं कितने रिक्त हैं? रिक्त पदों की पूर्ति कब तक कर दी जावेगी?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र-स अनुसार है।**(ग)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र-द अनुसार है। **(घ)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र-ई अनुसार है। रिक्त पदों की पूर्ति किये जाने की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

## बेलतरा वि.स. क्षेत्र में विद्युत सब स्टेशन / ट्रांसफार्मर एवं विद्युत खंभों की स्वीकृति

[ऊर्जा]

**41. ( क्र. 207 ) श्री सुशांत शुक्ला :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2023-24 से जनवरी, 2026 तक बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में किन-किन स्थानों पर नवीन विद्युत सब स्टेशन / ट्रांसफार्मर एवं विद्युत खंभे की मांग प्राप्त हुई है? विकासखंडवार गाँव / स्थल के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** प्रश्नांश "क" की मांग के विरुद्ध कितने विद्युत सब स्टेशन / ट्रांसफार्मर एवं विद्युत खंभे लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई? स्वीकृत कार्यों में से कितने पूर्ण एवं कितने किन कारणों से अपूर्ण हैं? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जावेंगे? जानकारी उपलब्ध करावें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** वर्ष 2023-24 से जनवरी 2026 तक बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में विद्युत सबस्टेशन, वितरण ट्रांसफार्मर एवं 11 के.व्ही. फीडर हेतु क्रमशः 1 नग, 87 नग एवं 1 नग की मांग प्राप्त हुई। विकासखण्डवार/गांव/स्थल के नाम सहित सूची **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** वर्तमान में 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन बेलतरा को 220/132/33 के.व्ही. उपकेंद्र मोपका से 33 के.व्ही. लाईन के माध्यम से सप्लाई दी जा रही है, इस लाईन की लंबाई लगभग 60 किलोमीटर है। बेलतरा के पास भिल्मी में नया 132/33 के.व्ही. उपकेंद्र निर्माणाधीन है, इस उपकेंद्र के निर्माण पश्चात इसी उपकेंद्र से 33 के.व्ही. लाईन के माध्यम से बेलतरा सबस्टेशन को सप्लाई दी जा सकेगी, लाईन की लंबाई 6 किलोमीटर रहेगी। इसलिये ग्राम बिटकुली में 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र की आवश्यकता नहीं है। वितरण ट्रांसफार्मर हेतु प्राप्त 87 आवेदनों में से 28 स्थलों पर कार्यपूर्ण कर लिया गया है एवं 59 कार्य प्रगति पर है, नयी लाईन के लिये प्राप्त 1 आवेदन के विरूद्ध बेलतरा शहर क्षेत्र के लिये 1 अतिरिक्त 11 के.व्ही. फीडर का कार्य प्रगति पर है। जिन्हें शीघ्र पूर्ण किये जाने के प्रयास है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - तिरसठ" ]**

## जल संसाधन विभाग द्वारा जांजगीर-चाम्पा जिले में आकस्मिक निधि से कराये गए कार्य

[जल संसाधन]

**42. ( क्र. 210 ) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग-जांजगीर, हसदेव कछार जल संसाधन संभाग-बिलासपुर एवं हसदेव बॅराज संभाग-रामपुर (कोरबा) द्वारा जांजगीर-चाम्पा जिला अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में आकस्मिक निधि मद से कौन-कौन से कार्य, कितनी-कितनी लागत राशि से, किन-किन स्थानों पर, किन-किन फर्मो के माध्यम से कराए गए हैं? विधानसभावार सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करें? **(ख)** क्या प्रश्नांश **(क)** अवधि में कराए गए उक्त कार्यो में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई अथवा संज्ञान में आई हैं? यदि हां तो कृत कार्यवाही की संपूर्ण जानकारी प्रदान करें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग-जांजगीर, हसदेव कछार जल संसाधन संभाग-बिलासपुर एवं हसदेव बॅराज संभाग-रामपुर (कोरबा) द्वारा जांजगीर-चाम्पा जिला अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में आकस्मिक निधि मद से कोई भी कार्य विभाग द्वारा नहीं कराए गए हैं। अतः जानकारी निरंक है। **(ख)** प्रश्नांश **(क)** के संदर्भ में जानकारी निरंक है।

## वन मण्डल जांजगीर-चाम्पा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं/मदों से कराये गए कार्य

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**43. ( क्र. 211 ) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वन मण्डल जांजगीर-चाम्पा के अंतर्गत 01/04/2024 से जनवरी, 2026 तक विभिन्न योजनाओं/मदों से विकास

कार्य हेतु शासन से कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई? कौन-कौन से कार्य कराये गए? कितनी राशि व्यय की गई? कार्य कराने के लिए कौन सी पद्धति अपनाई गई? यदि विभाग कार्य एजेंसी है तो सामग्री क्रय किन-किन फर्मों से की गई? वन परिक्षेत्रवार सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** उक्त अवधि में कराये गए कार्यों में अनियमितता/भ्रष्टाचार संबंधित कितनी शिकायतें प्राप्त हुई अथवा संज्ञान में आई? क्या प्राप्त शिकायतों की जांच विभाग द्वारा या अन्य एजेंसी द्वारा की गयी? यदि हां तो जांच में दोषी पाये जाने पर क्या कार्यवाही की गई? जांच की कापी उपलब्ध करावें? क्या कार्यवाही में विलंब की गई? यदि हां तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? **(ग)** प्रश्नांश **(क)** में पूछी गई अवधि में क्या विभाग द्वारा देय भुगतान/कार्यों में ऑडिट आपत्ति दर्ज की गई? क्या किसी प्रकार की मजदूरी/एजेंसियों का भुगतान शेष है? यदि हां तो किन कारणों से लंबित हैं व इसके लिए कौन जिम्मेदार हैं? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** वनमंडल जांजगीर-चाम्पा के अंतर्गत 01.04.2024 से जनवरी 2026 तक विभिन्न योजनाओं/मदों से विकास कार्य हेतु शासन से प्राप्त राशि, कार्य का नाम, व्यय राशि, कार्य की पद्धति, कार्य एजेंसी, फर्मों का नाम जिनसे सामग्री क्रय की गई का परिक्षेत्रवार, वर्षवार **विवरण संलग्न "प्रपत्र" में दर्शित है ।(ख)** उक्त अवधि में कराए गए कार्यों में कोई भी अनियमितता/भ्रष्टाचार संबंधित शिकायतें न ही प्राप्त हुई है और न संज्ञान में आई है। अतः शिकायतों की जांच, दोषियों पर कार्यवाही, जांच की प्रति, विलंब से कार्यवाही तथा किसी के जिम्मेदार होने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता।**(ग)** प्रश्नांश (क) में पूछी गई अवधि में कोई भी ऑडिट आपत्ति दर्ज नही की गई है और न ही किसी प्रकार का भुगतान लंबित है। अतः भुगतान लंबित होने का कारण तथा इस हेतु जिम्मेदार होने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - चौंसठ" ]**

## जिला जांजगीर-चांपा के धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था की शिकायतों पर कार्यवाही

[सहकारिता]

**44. ( क्र. 214 ) श्री ब्यास कश्यप :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जांजगीर-चांपा जिला अंतर्गत सहकारी समितियों के माध्यम से कितनी मात्रा में धान की खरीदी की गई है? समितिवार खरीदी मात्रा, किसानों को भुगतान की स्थिति सहित जानकारी प्रदान करें? यदि भुगतान में विलंब हुआ है तो क्यों ? कारण बताएं? **(ख)** क्या जांजगीर-चांपा जिले की सहकारी समितियों में बारदाना, तौल मशीन, शेड/अहाता, कंप्यूटर एवं इंटरनेट की कमी की शिकायतें प्राप्त हुई है? यदि हां तो उनके निराकरण हेतु क्या कार्यवाही की गई है? **(ग)** जिला जांजगीर-चांपा की कितनी प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों का कम्प्यूटरीकरण किया जा चुका है तथा कितने शेष हैं? क्या किसानों को ऋण एवं अन्य लाभ डी.बी.टी. के माध्यम से समय पर प्राप्त हो रहे हैं? यदि नहीं तो क्यों?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जांजगीर-चांपा जिले अंतर्गत सहकारी समितियों के माध्यम से 6,32,802.92 मे.टन एवं 2025-26 में, 6,16,764.04 मे.टन धान की खरीदी की गई है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य का भुगतान किया जा चुका है तथा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में विपणन संघ से राशि प्राप्ति के आधार पर सतत् रूप से बिना विलंब भुगतान किया जा रहा है। शेष जानकारी **'प्रपत्र'** में **संलग्न** है। **(ख)** जांजगीर-चांपा जिले के सहकारी समितियों में बारदाना, तौल मशीन, शेड/अहाता, कम्प्यूटर एवं इंटरनेट की कमी की शिकायतें संज्ञान में नहीं हैं। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** जिला जांजगीर-चांपा की चयनित 101 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के, कम्प्यूटरीकरण की कार्यवाही सतत् प्रक्रियाधीन है। किसानों के खाते में ऋण की राशि सी.बी.एस. के माध्यम से, धान खरीदी का

भुगतान पी.एफ.एम.एस. के माध्यम से एवं अन्य लाभ डी.बी.टी. के माध्यम से किसानों के बैंक खाते में समय पर अंतरित की जाती है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - पैंसठ" ]**

## विद्युत सब स्टेशन, ट्रांसफार्मर एवं किसानों को कृषि हेतु पम्प कनेक्शन की मांग

[ऊर्जा]

**45. ( क्र. 218 ) श्री रामकुमार यादव :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या माह अप्रैल, 2024 से जनवरी, 2026 तक विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर में नये विद्युत सब-स्टेशन, ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल, तार एवं किसानों को कृषि हेतु पम्प कनेक्शन की मांग की गई है ? यदि हां सख्यात्मक विवरण देंवे? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार उक्त मांग के तारतम्य में किन-किन स्थानों में नवीन विद्युत सब स्टेशन, ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल लगाने की कार्यवाही की गई तथा कितने शेष हैं ? स्थलवार विस्तृत विवरण देवें? **(ग)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार उक्त अवधि में चन्द्रपुर विधानसभा में कितने मीटर क्षतिग्रस्त विद्युत तारों को बदला गया तथा मांग के तारतम्य में कितने शेष हैं ? विस्तृत विवरण देवें? **(घ)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार उक्त अवधि में मांग के अनुरूप कितने किसानों को कृषि हेतु विद्युत पम्प कनेशन प्रदान किया गया तथा कितने शेष हैं ? प्रश्नांक क'' ''ख'' ''ग'' ''घ'' के अनुसार मांग के तारतम्य में शेष मांगों को कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ? विवरण देवें।

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जी हां, विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर में माह अप्रैल 2024 से जनवरी 2026 तक नये विद्युत सब-स्टेशन हेतु 6, पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि हेतु 5, वितरण ट्रांसफार्मर 17, विद्युत पोल 47 नग, 6360 मीटर जर्जर तार बदलने तथा 613 स्थायी पंप एवं 1221 अस्थायी पंप कनेक्शन की मांग की गई है। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार उक्त मांग के तारतम्य में चंदेली की प्रशासनिक स्वीकृति दी जा चुकी है एवं शेष 05 नग नवीन विद्युत सब स्टेशन ग्राम सिंघरा, साल्हे, सपिया, कंवली, एवं मडवा (चन्द्रपुर) के तकनीकी परीक्षण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। 02 नग 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सपोस एंव कोटमी में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि, 04 नग अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर ग्राम मुक्ता, बरतुंगा, सुखापाली एवं जमगहन, 05 नग वितरण ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि यथा ग्राम मालखरौदा-03 नग, बडेरबेली एंव किरारी का कार्य पूर्ण हो गया है। 6360 मी. क्षतिग्रस्त तार बदलने का कार्य ग्राम बघौद, किरारी, मेंढापाली, कांशा एवं छवारीपाली का पूर्ण किया जा चुका है। 191 नग स्थायी पंप एवं 1221 नग अस्थायी पंप कनेक्शन देने की कार्यवाही की गई है, 47 नग विद्युत पोल ग्राम विनौधा, मेढापाली, बालपुर, मौहापाली, कटेकोनी छोटे एवं सकराली का कार्य पूर्ण हो गया है। 03 नग 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र ग्राम धुरकोट फगुरम एवं पोता का कार्य, 08 नग अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर ग्राम सपिया, गोविंदपुर, डोमनपुर, बिलाईगढ, छुछुभांठा, धुरकोट एंव डभरा का कार्य एवं 422 नग स्थायी पंप का कार्य शेष है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार उक्त अवधि में चन्द्रपुर विधानसभा में 6360 मीटर क्षतिग्रस्त विद्युत तारों को बदला गया। तथा मांग के तारतम्य में क्षतिग्रस्त तार बदलने हेतु शेष नहीं है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(घ)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार उक्त अवधि में 613 स्थायी एवं 1221 अस्थायी कुल 1834 किसानों द्वारा कृषि हेतु विद्युत पंप कनेक्शन की मांग की गई हैं जिसमें से 191 स्थायी एवं 1221 अस्थायी पंप कनेक्शन कुल 1412 किसानों को कृषि हेतु विद्युत पंप कनेक्शन प्रदान किया गया तथा 422 स्थायी पंप कनेक्शन प्रदान करना शेष हैं। प्रश्नांक ''क'' ''ख'' ''ग'' ''घ'' के अनुसार शेष मांगों को कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा, का समयसीमा बताया जाना संभव नहीं है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - छैंसठ" ]**

## विद्युत कनेकशन विच्छेद हेतु बकाया बिजली बिल का मापदण्ड

[ऊर्जा]

**46. ( क्र. 219 ) श्री रामकुमार यादव :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा चन्द्रपुर मे बिजली बिल हाफ योजना के तहत कितने उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिल रहा था तथा योजना बंद होने से कितने उपभोक्ता इससे बाहर हो चुके हैं? बाहर हो चुके उपभोक्ताओं को बिजली बिल से राहत दिलाने के लिए कौन-कौन सी योजना बनायी गयी है ? विस्तृत विवरण देवें? **(ख)** बिजली बिल कितना बकाया होने से शासकीय विभागों का विद्युत कनेक्शन काटा जाता है एवं आम जनता का कितना बिजली बिल बकाया होने पर विद्युत कनेक्शन काटा जाता है ? विस्तृत विवरण देवें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** विधानसभा चन्द्रपुर अंतर्गत हॉफ बिजली योजना के तहत् 29,928 उपभोक्ता लाभांवित हो रहे थे। योजना को दिसम्बर 2025 को संशोधित कर मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान किया गया है। जिसके तहत् 29,552 उपभोक्ता लाभांवित हो रहें है तथा 400 यूनिट से अधिक खपत करने वाले 376 उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। बिजली बिल से राहत दिलाने के लिए भारत सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लागू की गई है, जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं को स्वयं के परिसर में 1 किलोवॉट, 2 किलोवॉट एवं 3 किलोवॉट या अधिक क्षमता के सोलर रूफ टॉप स्थापित करने हेतु क्रमशः राशि रूपये 30,000/-, रूपये 60,000/- एवं अधिकतम रूपये 78,000/- तक की केन्द्रीय वित्तीय सहायता तथा राज्य शासन द्वारा 1 किलोवॉट क्षमता के सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना हेतु राशि रूपये 15,000/- तथा 2 किलोवॉट या इससे अधिक क्षमता के सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना पर अधिकतम राशि रूपये 30,000/- की वित्तीय सहायता दी जा रही है, जिससे कि उपभोक्ता स्वयं अपने आवास की पक्की छत पर सोलर प्लांट लगाकर विद्युत उत्पादन कर सके। **(ख)** मासिक बिजली बिल की नियत तिथि तक भुगतान प्राप्त नहीं होने पर नियत तिथि के बाद 15 दिनों के नोटिस उपरांत कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जा सकती है। जो कि सभी श्रेणी के कनेक्शनों पर समान रूप से लागू है।

## छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में अवैध वन कटाई की शिकायतों पर कार्यवाही

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**47. ( क्र. 220 ) श्री द्वारिकाधीश यादव :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में अवैध वन कटाई के कितने प्रकरण वर्ष 2024 तथा 2025 में दर्ज किए गए? वन परिक्षेत्रवार, कक्षवार बताएं? उन पर क्या कार्यवाही की गई? **(ख)** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में हो रहे लगातार अवैध कटाई के जिम्मेदार/दोषी, कितने अधिकारी ,कर्मचारी पर 2024 एवं 2025 में क्या क्या कार्यवाही की गई? **(ग)** महासमुंद जिले में वृक्षारोपण, पौधे और वृक्षों की सुरक्षा मुद्दों पर व्यय में अनियमितता की वर्ष 2024 और 2025, में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई तथा क्या-क्या कार्यवाही की गई? वर्षवार परिक्षेत्रवार बतायें?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में अवैध वन कटाई के वर्ष 2024 में महासमुंद वनमण्डल में 660 एवं छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम में 166 प्रकरण दर्ज किये गए, तथा वर्ष 2025 में महासमुंद वनमण्डल में 1028 एवं छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम में 132 प्रकरण दर्ज किए गए। विस्तृत विवरण वन परिक्षेत्रवार, कक्षवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-अ" अनुसार है ।(ख)** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में अवैध कटाई से संबंधित वर्ष 2024 में महासमुंद वनमण्डल में 01 प्रकरण में गेमगार्ड श्री नरेन्द्र ध्रुव से हानि की राशि 4106/- रूपये वसूल की गई एवं 01 प्रकरण में वनरक्षक श्री सोहन लाल यादव को निलंबित किया गया था तथा छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम में वर्ष 2025 में अवैध कटाई में सुरक्षा में चूक के मद्दे नजर सिरपुर परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 133 में तत्कालीन क्षेत्र रक्षक सुश्री होमलता

मंडावी को निलंबित कर एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है।**(ग)** महासमुंद जिले में वृक्षारोपण, पौधे और वृक्षों की सुरक्षा मुद्दों पर व्यय में अनियमितता की वर्ष 2024 में 04 और वर्ष 2025 में 05 शिकायतें प्राप्त हुई तथा उन पर की गई कार्यवाही की वर्षवार, परिक्षेत्रवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-ब" अनुसार है ।**

## महासमुंद जिले में खनिज मद में उपलब्ध एवं व्यय हेतु स्वीकृत राशि

[खनिज साधन]

**48. ( क्र. 223 ) श्री द्वारिकाधीश यादव :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद जिले में वित्तीय वर्ष 2024–2025 के दौरान जिला खनिज मद (DMF) से अनुमोदित व्यय राशि का कार्यवार, स्थानवार एवं अनुमोदन तिथि सहित विवरण बतायें? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** में अनुमोदित स्वीकृत कार्यों की भौतिक स्थिति दिनांक 31 जनवरी, 2026 की स्थिति में कार्य पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारंभ के रूप में कार्यवार एवं स्थानवार बतायें? **(ग)** प्रश्नांश **(ख)** के अंतर्गत अप्रारंभ एवं अपूर्ण कार्यों के लिए दोषी व्यक्ति/संस्था के विरुद्ध दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक क्या कार्यवाही की गई है? साथ ही, उक्त कार्यों से संबंधित प्राप्त शिकायतों एवं उन पर की गई कार्यवाही की जानकारी बतायें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जानकारी **संलग्न "प्रपत्र"** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न "प्रपत्र"**अनुसार है। **(ग) संलग्न प्रपत्र** अनुसार अनुमोदित कार्यों में से अप्रारंभ या अपूर्ण की स्थिति में कोई भी कार्य नहीं है। न ही इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है। अतः शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - सड़सठ" ]**

## खनिज न्यास निधि की राशि की स्वीकृति

[खनिज साधन]

**49. ( क्र. 226 ) श्रीमती शेषराज हरवंश :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खनिज न्यास निधि के लेखों का ऑडिट वित्तीय वर्ष समाप्ति के पश्चात् कितनी अवधि में करवाए जाने के निर्देश हैं? निर्देशों का पालन किन-किन जिलों में नहीं किया गया है? वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक किन-किन जिलों में ऑडिट रिपोर्ट जमा की गयी है? यदि नहीं की गई है तो क्यों? **(ख)** खनिज न्यास निधि की राशि किन-किन जिलो में कितनी-कितनी राशि महतारी वंदन योजना की मासिक किस्तों के भुगतान में किया गया है? माहवार जानकारी देवें? **(ग)** प्रश्नांश 'ख' हेतु शासी बोर्ड की अनुमति किस तिथि की बैठक में ली गई? क्या शासी बोर्ड की अनुमति के बिना राशि दी जा सकती है? यदि हां तो इस संबंध में क्या नियम हैं? किन-किन जिलों में राशि शासी बोर्ड की स्वीकृति/अनुमति के बिना कितनी राशि दी गई है एवं कितनी राशि शासी बोर्ड की स्वीकृति एवं कार्योत्तर स्वीकृति के बाद कब-कब दी गई ? जानकारी देवें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015 के तहत् वर्ष की समाप्ति पर न्यास की लेखा का ऑडिट कराये जाने का प्रावधान है। वित्तीय वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। वित्तीय वर्ष 2025-26 का ऑडिट वर्ष समाप्ति के पश्चात् कराया जायेगा। **(ख)** जी नहीं। छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015 (यथा संशोधित 2025) में महतारी वंदन योजना में भुगतान का प्रावधान नहीं है। अतः शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता। **(ग)** प्रश्नांश 'ख' के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उद्भूत नहीं होता।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - अड़सठ" ]**

## पाराघाट व्यवर्तन योजना की मूल एवं पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति राशि

[जल संसाधन]

**50. ( क्र. 227 ) श्रीमती शेषराज हरवंश :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पाराघाट व्यपवर्तन योजना की मूल प्रशासकीय स्वीकृति का दिनांक एवं स्वीकृत राशि बतावें? उक्त स्वीकृत राशि में शीर्ष कार्य एवं हेड कार्य के तहत कौन-कौन से कार्यो को सम्मिलित किया गया था? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के कार्यों की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक एवं पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति राशि बतावें? कार्य की निविदा कितने लागत की, कब आमंत्रित की गई? कार्य प्रारंभ कब हुआ ? कार्य की समयावधि क्या निर्धारित थी? **(ग)** उक्त योजना के शीर्ष कार्य एवं हेड कार्य में से कौन-कौन से कितने कार्य पूर्ण हो गये ? कौन से कार्य प्रगतिरत हैं ? जनवरी, 2026 की स्थिति में कुल योजना का कितना प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया? कितना भुगतान हुआ? कार्य एजेंसी कौन है? **(घ)** योजना के शेष कौन-कौन से कार्यों हेतु कितनी राशि की दूसरी बार पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति ली गई है तथा वर्तमान भौतिक एवं वित्तीय स्थिति क्या है? मूल स्वीकृति राशि में लगभग 600 गुना वृद्धि के कारण बतावें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** पाराघाट व्यपवर्तन योजना की मूल प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 22.06.2011 को राशि रू. 2773.97 लाख की प्राप्त हुई है। प्रशासकीय स्वीकृति अंतर्गत शीर्ष कार्य में वियर (बांध) व गेट निर्माण कार्य तथा नहर निर्माण अंतर्गत मिट्टी कार्य, पक्के निर्माण कार्य, डायरेक्ट आउटलेट एवं ट्रफ क्रासिंग निर्माण कार्य सम्मिलित था। **(ख)** योजना की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 17.11.2015 को राशि रू. 5436.68 लाख की प्राप्त हुई। योजना के शीर्ष कार्य के निर्माण हेतु वर्ष 2012-13 में राशि रू. 1685.00 लाख की निविदा दिनांक 19.11.2012 को आमंत्रित की गई। कार्य दिनांक 28.02.2013 को प्रारंभ हुआ। कार्य की समयावधि 11 माह की थी। योजना के नहर निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 में 02 ग्रुप में निविदा आमंत्रित की गई, प्रथम ग्रुप की लागत राशि रू. 474.70 लाख एवं द्वितीय ग्रुप की लागत राशि रू. 412.35 लाख थी, प्रथम ग्रुप की समयावधि 11 माह जो पाराघाट फीडर व्यपवर्तन योजना की मुख्य नहर आर.डी. 0 मी. से 11010 मी. तक मिट्टी कार्य एवं 22 नग पक्के कार्य, 04 नग डायरेक्ट आउटलेट एवं 05 नग ट्रफ क्रासिंग निर्माण कार्य व द्वितीय ग्रुप की समयावधि 11 माह थी जो पाराघाट फीडर व्यपवर्तन योजना की मुख्य नहर आर.डी. 11010 मी. से 21540 मी. तक मिट्टी कार्य एवं 32 नग पक्के कार्य, 06 नग डायरेक्ट आउटलेट एवं 04 नग ट्रफ क्रासिंग निर्माण कार्य शामिल था। **(ग)** शीर्ष कार्य का निर्माण वर्ष 2012-13 में पूर्ण करा लिया गया। नहर कार्य हेतु 02 ग्रुपों के माध्यम से कार्य प्रारंभ किये गये। जिसके अंतर्गत लगभग 35% प्रतिशत नहर कार्य शेष है। योजना अंतर्गत जनवरी 2026 तक रू. 5077.60 लाख व्यय किया जा चुका है। योजना लगभग 65% पूर्ण हुआ है। योजना के निर्माण में निम्न एजेंसियों को अनुबंधित किया गया था। शीर्ष कार्य की एजेंसी:- (1) मेसर्स अशोक कुमार मित्तल अ-श्रेणी ठेकेदार, मेन रोड़ कोरबा (छ.ग.) नहर कार्य की एजेंसी:- (1) मेसर्स एस.आर. कन्स्ट्रक्शन अ-श्रेणी ठेकेदार, मोपका, बिलासपुर (ग्रुप नं.-01) (2) मेसर्स पूरनचंद्र अग्रवाल, अ-श्रेणी ठेकेदार, अकलतरा, जिला-जांजगीर-चांपा (ग्रुप नं.-02) **(घ)** योजना के नहर निर्माण हेतु भू-अर्जन एवं निर्माण सामग्री तथा नहर खुदाई के दौरान हॉर्डरॉक प्राप्त होने के कारण राशि रू. 7697.35 लाख की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति (दूसरी बार पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति) हेतु प्रस्ताव भेजी गई है। स्वीकृति अपेक्षित। वर्तमान में योजना 65% पूर्ण है एवं योजना पर रू. 5077.60 लाख व्यय किया जा चुका है। योजना की मूल प्रशासकीय स्वीकृति राशि रु. 2773.97 लाख से प्रस्तावित पुनः पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति राशि रू. 7697.35 लाख , जो अपेक्षित है, में लगभग 2.77 गुना वृद्धि हुई है। उक्त लागत वृद्धि भूमि अधिग्रहण में विलम्ब होने से भूमि दर में वृद्धि निर्माण सामग्री, मजदूरी एवं ईंधन के दरों में वृद्धि तथा योजना अंतर्गत छूटे हुए कार्यों का समावेश के कारण हुई है।

## राजस्व अभिलेखों के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन डेटा में विसंगति का सुधार

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**51. ( क्र. 229 ) श्रीमती कविता प्राण लहरे :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तहसील कार्यालयों में संधारित ऑफलाइन मिसल/अभिलेख और ऑनलाइन पोर्टल (भुइयां) के रिकॉर्ड में अत्यधिक भिन्नता है? **(ख)** विगत दो वर्षों में बिलाईगढ़ एवं बिलाईगढ़-सारंगढ़ जिले के अंतर्गत रिकॉर्ड सुधार (दुरुस्ती) हेतु कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए और उनमें से कितने लंबित हैं? तहसीलवार डेटा उपलब्ध कराएं ? **(ग)** क्या यह सत्य है कि ऑनलाइन रिकॉर्ड में त्रुटि के कारण किसानों को बैंक ऋण, शासकीय योजनाओं का लाभ और फौती/नामांतरण में अनावश्यक विलंब का सामना करना पड़ रहा है? इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई की गई है? **(घ)** क्या शासन बिलाईगढ़ क्षेत्र के लिए कोई विशेष शिविर (जैसे- राजस्व पखवाड़ा) आयोजित कर रिकॉर्ड के शत-प्रतिशत मिलान और प्रमाणीकरण की समयबद्ध योजना बनाएगी ? यदि हाँ, तो कब तक?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ अंतर्गत बिलाईगढ़ विधानसभा केऑफलाईन मिसल/अभिलेख और ऑनलाईन पोर्टल (भुईयां) के रिकार्ड में अत्यधिक भिन्नता नहीं है। तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) द्वारा अभिलेख त्रुटि सुधार का कार्य निरंतर किया जा रहा है। **(ख)** विगत दो वर्षों में तहसीलवार रिकॉर्ड सुधार (दुरूस्ती) हेतु प्राप्त आवेदन एवं लंबित आवेदन की जानकारी निम्नानुसार है:-

| तहसील | कुल प्राप्त आवेदन | निराकृतआवेदन | लंबित आवेदन |
|---|---|---|---|
| बिलाईगढ़ | 2358 | 2135 | 223 |
| भटगांव | 1107 | 843 | 264 |
| सरसींवां | 2031 | 1668 | 363 |
| **योग:-** | **5496** | **4646** | **850** |

**(ग)** जी नहीं, फौती/नामांतरण का कार्य समयबद्ध किया जा रहा है,अतः कार्यवाही का प्रश्न उत्पन्न नहीं होता। **(घ)** जी हाँ। आगामी माह मार्च-अप्रैल 2026 में विशेष शिविर/राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जायेगा।

## बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कृषि पंपों का ऊर्जीकरण

[ऊर्जा]

**52. ( क्र. 230 ) श्रीमती कविता प्राण लहरे :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़ के अंतर्गत पिछले दो वर्षों में 'कृषि पंप ऊर्जीकरण योजना' के तहत कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए और उनमें से कितने पंपों को स्थायी बिजली कनेक्शन प्रदान किया गया? (विकासखंडवार जानकारी देवें)? **(ख)** क्या विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़ के ग्रामीण अंचलों में 33/11 के. व्ही.उप केंद्रों की कमी के कारण किसानों को 'लो-वोल्टेज' की गंभीर समस्या के निराकरण हेतु आगामी बजट में नए सब-स्टेशन निर्माण का कोई प्रस्ताव शामिल है? जानकारी दें ? **(ग)** क्षेत्र के कई गांवों में बिजली के तार अत्यंत जर्जर होने और बांस-बल्लियों के सहारे बिजली सप्लाई को दृष्टिगत रखते हुए विभाग ने पिछले एक वर्ष में कितने किलोमीटर जर्जर तारों को बदलने का कार्य किया है? **(घ)** 'मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना' के तहत बिलाईगढ़ विधानसभा में विद्युतीकरण से वंचित पारा-टोलों के लिए कितनी राशि स्वीकृत की गई है?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** प्रश्नाधीन अवधि में बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कृषि पंप ऊर्जीकरण हेतु विकासखंड कसडोल के अंतर्गत 681, विकासखंड बिलाईगढ़ के अंतर्गत 503, इस प्रकार कुल 1184 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से क्रमशः 103 एवं 221, इस प्रकार 324 स्थायी बिजली कनेक्शन प्रदान किये

गये। **(ख)** विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़ के लो-वोल्टेज की समस्या के निराकरण हेतु 7 स्थलों पर 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों का प्रस्ताव है। सूची **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। इसके अतिरिक्त बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिलाईगढ़ के निकट ग्राम-बंदारी में 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है। **(ग)** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में आर.डी.एस.एस. योजना अंतर्गत 398.48 कि.मी. तथा विभागीय योजना अंतर्गत 32.55 कि.मी. पुराने खराब तारो को बदला गया है। **(घ)** मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत् पारा-टोलो के विद्युतीकरण का प्रावधान नहीं है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - उनहत्तर" ]**

## वन मंडल महासमुंद को विभिन्न मदों से प्राप्त राशि

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**53. ( क्र. 234 ) श्रीमती चातुरी नन्द :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पिछले 3 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 30 जनवरी, 2026 तक वन मंडल महासमुंद, जिला महासमुंद के अंतर्गत किन-किन वन परिक्षेत्रों में किस-किस मद से कितनी राशि कब-कब प्राप्त हुई है ? प्राप्त राशि को किन-किन कार्यों के लिए कब-कब खर्च की गई है ? **(ख)** उपरोक्त अवधि में किन-किन कार्यों में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है ? प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है ? शिकायतकर्ता का नाम, शिकायत का विवरण सहित जानकारी वन परिक्षेत्रवार दें ?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** पिछले 03 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 30 जनवरी 2026 तक वन मंडल महासमुंद, जिला महासमुंद के अंतर्गत मदवार प्राप्त राशि, प्राप्ति दिनांक, खर्च राशि खर्च दिनांक का कार्यवार, परिक्षेत्रवार **विवरण पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-अ" अनुसार है ।(ख)** उपरोक्त अवधि में कार्यों में अनियमितता की प्राप्त शिकायत, प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्यवाही, शिकायतकर्ता का नाम, शिकायत का परिक्षेत्रवार **विवरण पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र- ब" अनुसार है ।**

## महासमुंद जिले की सिंचाई परियोजनाओं में किसानों का लम्बित मुआवजा भुगतान

[जल संसाधन]

**54. ( क्र. 235 ) श्रीमती चातुरी नन्द :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-महासमुंद जिले की कितनी सिंचाई परियोजनाओं में कितने किसानों को मुआवजा भुगतान अब तक लंबित है ? परियोजना का नाम, किसान का नाम, भुगतान की जाने वाली राशि की जानकारी लंबित होने के कारण सहित बताएं ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) :** महासमुंद जिले के अंतर्गत 01 निर्माणाधीन बिला जलाशय योजना के डूबान क्षेत्र में ग्राम बुटीपाली, प.ह.नं. 09, तहसील बसला, जिला महासमुंद के 16 कृषकों का कुल रकबा 7.69 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई है, जिसका राशि रू. 16007706.00 मुआवजा भुगतान हेतु लंबित है। प्रश्न की शेष जानकारी योजना का नाम, किसान का नाम, भुगतान की जाने वाली राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
**[ संलग्न "परिशिष्ट - सत्तर" ]**

## धान खरीदी केंद्रों में हुई अनियमितताओं पर कार्यवाही

[सहकारिता]

**55. ( क्र. 238 ) श्री संदीप साहू :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2024-25 एवम 2025-26 में 31 जनवरी, तक जिला  बलौदाबाजार-भाटापारा, रायपुर, दुर्ग एवं बेमेतरा में धान खरीदी

केंद्रों में क्या-क्या अनियमितताएं हुई हैं ? शासन को कितनी क्षति हुई है ? अनियमितता के कितने मामले दर्ज हुए हैं ? किन-किन के विरूद्ध अब तक क्या-क्या कार्यवाही हुई है ? यदि कार्यवाही लंबित है तो इसका मुख्य कारण बताएं ? जिले एवं विकासखंडवार जानकारी देवें ? **(ख)** संबंधित समिति प्रबंधकों एवं कर्मचारियों पर क्या कार्रवाई की गई? यदि कार्यवाही लंबित है तो इसका मुख्य कारण बताएं ? जिले एवं विकासखंडवार जानकारी देवें ? **(ग)** शासन को हुई क्षति की भरपाई कैसे की जा रही है?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** वर्ष 2024-25 की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** एवं वर्ष 2025-26 में 31 जनवरी तक की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** में है। **(ख)** जानकारी **प्रपत्र-'अ'** एवं **प्रपत्र-'ब'** में **संलग्न** है। **(ग)** खरीदी केन्द्रों के अंतिम लेखा मिलान उपरांत शॉर्टेज से हुई क्षति की पूर्ति समितियों को देय कमीशन एवं बैंक को देय प्रतिपूर्ति व्यय राशि से समायोजित कर की जाती है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - इकहत्तर" ]**

## खनिज मुरूम, गिट्टी, पत्थर एवं रेत परिवहन से जुड़े वाहनों पर ओवरलोडिंग के दर्ज प्रकरण

[परिवहन]

**56. ( क्र. 239 ) श्री संदीप साहू :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 31 जनवरी, तक जिला बलौदाबाजार क्षेत्रांतर्गत खनिज-मुरूम, गिट्टी, पत्थर एवं रेत परिवहन से जुड़े कितने वाहनों पर ओवरलोडिंग के प्रकरण दर्ज किए गए? ओवरलोडिंग वाहनों पर माहवार की गई कार्यवाही की जानकारी विकासखंडवार देवें ? **(ख)** क्या परिवहन, खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त जांच कराई गई ? यदि हाँ तो विकासखंडवार बताएं?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** प्रश्नाकित अवधि में बलौदाबाजार क्षेत्रांगर्तत 09 वाहनों पर ओवरलोडिंग के प्रकरण दर्ज किये गये है। माहवार एवं विकासखंडवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है**। **(ख)** जी हाँ। संयुक्त जांच द्वारा जिला बलौदाबाजार में सिमगा विकासखंड अंतर्गत सुहेला में 01 वाहन पर कार्यावही की गई है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - बहत्तर" ]**

## बलौदाबाजार जिले में रेत उत्खनन एवं भण्डारण

[खनिज साधन]

**57. ( क्र. 241 ) श्री इंद्र साव :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जनवरी,2026 तक बलौदाबाजार जिला अंतर्गत रेत उत्खनन हेतु कितने घाट की अनुमति प्रदान की गई है तथा उक्त अविध कितना और कहां रेत उत्खनन और भण्डारण किया गया है ? जानकारी दें ? **(ख)** जिले में प्रश्नावधि तक अवैध रेत उत्खनन एवं भण्डारण की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं? प्राप्त शिकायतों पर कितने प्रकरणा◌ं पर कार्यवाही की गई है ? **(घ)** अवैध रेत उत्खनन एवं भण्डारण के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर कहां-कहां, क्या-क्या कार्यवाही की गई तथा कार्यवाही से जुर्माना के रूप में कितनी राशि विभाग को प्राप्त हुई है ? जानकारी दें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जनवरी, 2026 तक बलौदाबाजार जिला अंतर्गत रेत उत्खनन हेतु 09 घाटों की अनुमति प्रदान की गई है। उक्त अवधि में रेत उत्खनन और भण्डारण की मात्रा एवं स्थान की जानकारी **संलग्न प्रपत्र- "अ"**अनुसार है। **(ख)** जिले में प्रश्नांकित अवधि में अवैध रेत उत्खनन एवं भण्डारण की 43 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। प्राप्त सभी 43 शिकायतों पर कार्यवाही की गई

है। **(घ)** अवैध रेत उत्खनन एवं भण्डारण के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर कृत कार्यवाही की जानकारी **संलग्न प्रपत्र- "ब"**अनुसार है। कार्यवाही से विभाग को समझौता राशि के रूप में 01,39,97,352/- (एक करोड़ उन्चालीस लाख सत्तानवे हजार तीन सौ बावन रूपये) प्राप्त हुआ है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - तिहत्तर" ]**

## रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हाईमास्ट/सोलर लाईट की स्थापना

[ऊर्जा]

**58. ( क्र. 244 ) श्री मोतीलाल साहू :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24, वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 में जनवरी, 2026 तक हाई मास्ट/सोलर लाईट की स्वीकृति प्रदान की गई है? यदि हां तो कितनी राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है एवं उक्त कार्यों की निविदा, किस माध्यम से कब किया गया है? निविदा में किन-किन एजेंसियों ने भाग लिया ? किसका चयन कर कार्यादेश कब जारी किया गया है एवं कार्य पूर्णता की अद्यतन स्थिति की जानकारी देवें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) :** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24, वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 में जनवरी, 2026 तक क्रेडा द्वारा कुल 13 नग सोलर हाई मास्ट संयंत्रों की स्थापना हेतु कार्यादेश जारी किये गये है। सोलर हाई मास्ट संयंत्रों हेतु जारी की गई निविदा एवं निविदा मे भाग लेने इकाईयो की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''अ''** अनुसार है। उक्त वर्षो में रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सोलर हाईमास्ट संयंत्रों की स्थापना किये जाने हेतु आदेशित इकाईयों का नाम, कार्यादेश की तारीख, कार्यपूर्णता की अद्यतन स्थिति की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''ब''** अनुसार है। उक्त अवधि मे क्रेडा द्वारा सोलर पावर प्लांट मय स्ट्रीट लाईटों (सोलर लाईट) की स्थापना हेतु कोई स्वीकृति जारी नही की गई है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - चौहत्तर" ]**

## रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत/विकास कार्यों की स्थिति

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**59. ( क्र. 246 ) श्री मोतीलाल साहू :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2023-24, वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 में जनवरी, 2026 तक रायपुर ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत विभिन्न मदों (अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि) में कितने निर्माण/विकास कार्य स्वीकृत किये गये? **(ख)** स्वीकृत कार्यों में से कितने पूर्ण-अपूर्ण हैं? अपूर्ण के क्या कारण हैं तथा अपूर्ण कार्यों को कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जिला रायपुर के रायपुर ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत वर्ष 2023-2024 में 10 कार्य एवं वर्ष 2024-2025 में 01 कार्य कुल ।। कार्य अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से स्वीकृत किया गया है एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में कोई कार्य स्वीकृत नहीं है। **(ख)** स्वीकृत कार्यों में से 10 कार्य पूर्ण एवं 01 कार्य प्रगतिरत है। उक्त कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा।

## फर्जी जाति प्रमाण पत्र के प्रकरणों की जांच

[सामान्य प्रशासन]

**60. ( क्र. 251 ) श्री अजय चंद्राकर :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** 31 जनवरी, 2026 की स्थिति में फर्जी जाति प्रमाण पत्र से संबंधित किन-किन विभागों में, कितने-कितने प्रकरण, कब से दर्ज हैं? क्या उनके निराकरण के लिये जांच समिति बनायी गयी है ? यदि हां, तो उनमें से कितने प्रकरणाेंं का

निराकरण कर दिया गया है और कितने, किन कारणों से लंबित हैं? **(ख)** क्या उक्त फर्जी जाति प्रमाण पत्र के संबंध में राज्य सरकार द्वारा जांच कराने की घोषणा की गयी थी ? यदि हां तो कब और क्या घोषणा की गयी थी तथा उसके विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही अब तक की गयी? **(ग)** क्या उक्त प्रकरणों में अधिकारी/कर्मचारियों की संलिप्तता है? कितनों के खिलाफ, क्या-क्या कार्यवाही अब तक की गयी है?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** 31 जनवरी, 2026 की स्थिति में फर्जी जाति प्रमाण-पत्र से संबंधित प्रकरण उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति के समक्ष कुल 856 प्रकरण दर्ज हुए हैं विभागवार कितने-कितने प्रकरण, कब से दर्ज हैं, जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **'प्रपत्र'** अनुसार है। जी हॉ। जानकारी **पुस्तकालय** में रखे 'प्रपत्र' अनुसार है। **(ख)**जी हॉ। 09 अगस्त, 2019 विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर, तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्रीजी द्वारा घोषणा की गई थी कि राज्य में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी नौकरी करने के मामलों की जांच एक महीने में की जाएगी, ताकि फर्जी जाति प्रमाण पत्र वाले न नौकरी कर सके न अनुचित लाभ ले सके। तत्संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा परिपत्र क्रमांक एफ 13-16/2015/आ.प्र./1-3, दिनांक 26.10.2019, 30.11.2019 एवं 30.06.2022 जारी किए गए हैं तथा समय-समय पर समस्त विभागों को फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति प्राप्त करने वाले शासकीय अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं।
**(ग)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **'प्रपत्र'** अनुसार है।

## बालोद जिले के खनिज न्यास निधि अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की शेष राशि का भुगतान राशि

[खनिज साधन]

**61. ( क्र. 254 ) श्री कुंवर सिंह निषाद :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खनिज न्यास निधि अंतर्गत जिला बालोद में कुल कितने स्वीकृत कार्य हैं जिनका भुगतान शेष है ? विकासखण्डवार, ग्रामवार एवं स्वीकृत राशिवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार भुगतान शेष होने का क्या कारण है तथा भुगतान कब तक कर लिया जायेगा तथा क्या वर्तमान में उक्त स्वीकृत कार्य पूर्ण हैं ? यदि नहीं तो क्यों एवं कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा ? जानकारी देवें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** खनिज न्यास निधि अंतर्गत जिला बालोद में कुल 974 स्वीकृत कार्य हैं जिनका भुगतान शेष है। विस्तृत जानकारी **पुस्तकालय में रखें ''प्रपत्र''** अनुसार है।**(ख)** प्रश्नांश "क" के अनुसार क्रियान्वयन एजेंसियों द्वारा 824 कार्यों के अंतिम किश्त भुगतान हेतु मांग पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है तथा 150 कार्यों के मांग पत्र प्राप्त है जिनका परीक्षण प्रक्रियाधीन होने के कारण भुगतान शेष है। वर्तमान में कुल 150 कार्य पूर्ण है। 150 कार्यों के दस्तावेजों का परीक्षण उपरांत 31 मार्च 2026 तक भुगतान कर दिया जायेगा एवं शेष कार्यों को 06 माह की समयावधि के भीतर पूर्ण कराया जायेगा।

## प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विस्तार की योजना

[ऊर्जा]

**62. ( क्र. 255 ) श्री कुंवर सिंह निषाद :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विस्तार हेतु विभाग द्वारा कोई योजना है ? **(ख)** जिला बालोद के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विस्तार हेतु विभाग को कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ तो प्रस्ताव पर क्या कार्यवाही की गई है? विकासखण्डवार, ग्रामवार जानकारी देवें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों

(पी.व्ही.टी.जी.) के आवासों के विद्युतीकरण हेतु पी.एम.जनमन. योजनांतर्गत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विस्तार हेतु धरती आबा जनजातीय ग्रामीण उत्कर्ष अभियान योजना एवं मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना संचालित है। **(ख)** जिला-बालोद के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विस्तार हेतु धरती आबा जनजातीय ग्रामीण उत्कर्ष अभियान योजनांतर्गत 65 ग्राम के विद्युत विस्तार कार्य किया जाना है, जिसमें से 46 ग्रामों के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं, शेष 19 ग्रामों के कार्य प्रगति पर है। विकासखण्ड एवं ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - पचहत्तर" ]**

## शहीद कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय भर्ती सेटअप का जांच प्रतिवेदन

[उच्च शिक्षा]

**63. ( क्र. 259 ) श्री देवेन्द्र यादव :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-दिनांक 16 दिसंबर, 2025 अतारांकित प्रश्न संख्या 32 (क्र. 192) के परिप्रेक्ष्य में क्या शहीद कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय में भर्ती सेटअप अनियमितता पर जांच प्रतिवेदन राजभवन सचिवालय से विभाग को कार्यवाही हेतु आ गया है? यदि हां तो क्या कार्यवाही की गयी है ? **(ख)** जांच प्रतिवेदन की प्रति दें ?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जी हां। शिकायतें निराधार होने के कारण प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया है। **(ख) पुस्तकालय** प्रपत्र-अ में रखें।

## सिंचाई परियोजनाओं की लागत में वृद्धि

[जल संसाधन]

**64. ( क्र. 262 ) श्री भूपेश बघेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** अरपा-भैंसाझार और अन्य बैराज परियोजनाओं की मूल लागत में कितनी बार वृद्धि की गई है ? 'डिजाइन और ड्राइंग' में बार-बार परिवर्तन (Deviation) क्यों किया गया? **(ख)** 'नरवा विकास योजना' के तहत निर्मित चेक डैम्स के टूटने की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हां तो दोषी ठेकेदारों और भुगतान करने वाले 'कार्यपालन अभियंताओं' के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ? **(ग)** सिंचाई परियोजनाओं हेतु अधिग्रहित भूमि के कितने किसानों का मुआवजा पिछले 2 वर्षों से लंबित है? क्या शासन इन किसानों को विलंब ब्याज दिया जाना प्रस्तावित है? **(घ)** सोंढूर एवं पैरी परियोजनाओं से नहरों के अंतिम छोर (Tail End) तक पानी नहीं पहुँचने की कितनी शिकायतें 2025 में प्राप्त हुई हैं? क्या जल वितरण की निगरानी हेतु 'डिजिटल फ्लो मीटर' लगाने की योजना की क्या स्थिति है?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** अरपा भैंसाझार बैराज एवं अन्य बैराज परियोजनाओं में हुई वृद्धि तथा डिजाईन ड्राईंग में बार-बार परिवर्तन के संबंध में **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** नरवा विकास योजना अंतर्गत विभाग में चेकडेम का निर्माण नहीं किया गया है। अतः जानकारी निरंक समझी जावे। **(ग)** सिंचाई परियोजना हेतु अधिग्रहित भूमि के 8619 किसानों का मुआवजा पिछले 2 वर्षों से लंबित है। भू-अर्जन, पुर्नरवासन और पुर्नव्यवस्थापन के उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 में प्रावधानित नियमों के अनुसार ब्याज का भुगतान किया जाता है। **(घ)** सोंढूर एवं पैरी परियोजनाओं से नहरों के अंतिम छोर (Tail End) तक पानी नहीं पहुँचने की कोई शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है। वर्तमान में सिंचाई के लिए नहरों से जल वितरण की निगरानी हेतु 'डिजिटल फ्लो मीटर' लगाने की कोई योजना नहीं है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - छिहत्तर" ]**

## प्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी (IT) परियोजनाओं में अनियमितता

[इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी]

**65. ( क्र. 263 ) श्री भूपेश बघेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2025 में CHiPS द्वारा 'क्लाउड होस्टिंग' हेतु किए गए करोड़ों के अनुबंधों में 'सिंगल बिडर' प्रणाली को क्यों अपनाया गया? उक्त कंपनी के चयन में क्या 'भंडार क्रय नियमों' की अवहेलना हुई ? **(ख)** पिछले 6 माह में 'ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल' के बार-बार सर्वर डाउन होने के कारण जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र हेतु लाखों आवेदन लंबित हैं? इस तकनीकी विफलता के लिए जिम्मेदार 'सिस्टम इंटीग्रेटर' कंपनी पर क्या कार्यवाही की गई? **(ग)** क्या शासन ने आईटी पार्क रायपुर में निवेश हेतु जिन कंपनियों के साथ MOU किए थे, उन्होंने अपने प्रोजेक्ट्स वापस ले लिए हैं? 2025-26 में आईटी क्षेत्र में वास्तविक निवेश और रोजगार सृजन का डेटा क्या है?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** वर्ष 2025 में चिप्स द्वारा सिंगल बिडर प्रणाली से ''क्लाउड होस्टिंग'' हेतु कोई अनुबंध नहीं किया गया है। अतः शेष प्रश्नांश उद्भूत नहीं होता है। **(ख)** विगत 06 माह में 'ई-डिस्ट्रिट पोर्टल' के सर्वर डाऊन होने की जानकारी निरंक है। अतः शेष प्रश्नांश उद्भूत नहीं होता है। **(ग)** राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत रायपुर में आईटी क्षेत्र में निवेश हेतु कुल 03 निवेशको को इनविटेशन टू इन्वेस्ट जारी किए गए थे, उनमें से किसी ने अपने प्रोजेक्ट वापस नहीं लिए है। औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत केवल 100 करोड़ रूपये से अधिक प्रस्तावित निवेश में इनविटेशन टू इन्वेस्ट जारी किया जाता है उक्त इकाईयों द्वारा प्रस्तावित पूंजी निवेश लगभग 1964 करोड़ रूपए एवं प्रस्तावित रोजगार 5760 है। वर्तमान में इन इकाइयों का वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ नहीं हुआ है अपितु इकाइयों द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार किया गया निवेश लगभग 18 करोड़ रूपए है। वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ नहीं हुआ है। अतः रोजगार संबंधी जानकारी दिया जाना संभव नही है।

## ब्लैक स्पॉट के कारण हुई सड़क दुर्घटनाएं

[परिवहन]

**66. ( क्र. 266 ) श्रीमती भावना बोहरा :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्तमान में राज्य में कुल कितने सड़क दुर्घटना ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं? इनमें से कितने ब्लैक स्पॉट का सुधार/उन्मूलन किया गया है तथा किन-किन स्थानों पर सुधार कार्य लंबित है? जिलेवार जानकारी दी जाए? **(ख)** वर्ष 2025 में आवारा पशुओं के कारण राज्य में कुल कितनी सड़क दुर्घटनाएँ घटित हुई हैं, जिनमें कितनी जनहानि एवं संपत्ति क्षति हुई है? जिलेवार संख्यात्मक विवरण दें ? **(ग)** ब्लैक स्पॉट के शीघ्र सुधार तथा आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शासन द्वारा क्या कार्ययोजना लागू की जा रही है?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** वर्तमान में राज्य में 166 सड़क दुर्घटना ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये है। जिलेवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। **(ख)** वर्ष 2025 में आवारा पशुओं के कारण राज्य में कुल 157 सड़क दुर्घटनाएँ घटित हुई हैं। जिलेवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ग)** सुधार एवं कार्ययोजना की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - सतत्तर" ]**

## कबीरधाम जिला में संचालित फायर स्टेशन

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**67. ( क्र. 267 ) श्रीमती भावना बोहरा :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विगत दो वर्षों में कबीरधाम जिले में आगजनी की कुल कितनी घटनाएं घटित हुई हैं? ग्रामवार/तहसीलवार विवरण

दें? **(ख)** वर्तमान में कबीरधाम जिले में कुल कितने फायर स्टेशन संचालित हैं तथा उपलब्ध दमकल वाहन, उपकरण एवं प्रशिक्षित कर्मियों की संख्या कितनी है? विकासखण्डवार जानकारी दीजिये ? **(ग)** आगजनी की घटनाओं के दृष्टिगत जिले में अतिरिक्त फायर स्टेशन स्थापित करने हेतु शासन द्वारा कोई प्रस्ताव स्वीकृत या प्रक्रियाधीन है ? यदि हाँ, तो उसकी स्थान-वार जानकारी एवं संभावित समय-सीमा क्या है? **(घ)** जब तक नवीन फायर स्टेशन स्थापित नहीं होते, तब तक ग्रामीण क्षेत्रों में त्वरित अग्निशमन सेवा उपलब्ध कराने हेतु शासन द्वारा क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गई है?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (**क) प्रश्नाधीन अवधि में कबीरधाम जिले में आगजनी से हुई घटनाओं की ग्रामवार/तहसीलवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र अनुसार है। **(**ख) वर्तमान में कबीरधाम जिले में **01** फायर स्टेशन संचालित है**,** जिसमें **05** फायर वाहन (**02** बड़े **, 02** मीडियम**, 01** मिनी) है**,** जो जिला सेनानी**,** नगर सेना कबीरधाम के पास उपलब्ध है। जिले में प्रशिक्षित **03** फायर वाहन चालक एवं **11** फायर मैन है**,** जो जिला मुख्यालय के फायर स्टेशन में संलग्न है। **(**ग) जी नहीं। **(**घ) ग्रामीण क्षेत्र में त्वरित अग्निशमन सेवा जिला मुख्यालय से ही उपलब्ध कराई जाती है।

## <u>जिला खैरागढ़–छुईखदान–गंडई में खनन क्षेत्र का चिन्हांकन</u>

[खनिज साधन]

**68. ( क्र. 268 ) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला खैरागढ़–छुईखदान–गंडई में खनन क्षेत्र स्थापित किए जाने हेतु किन-किन स्थानों का चिन्हांकन किया गया है? चिन्हांकित स्थलों का ग्राम/क्षेत्रवार विवरण प्रदान करें ? उक्त चिन्हांकित खनन क्षेत्रों का कुल रकबा कितना है तथा प्रत्येक खनन क्षेत्र का पृथक-पृथक रकबा (हेक्टेयर/एकड़ में) कितना है? **(ख)** जिला खैरागढ़–छुईखदान–गंडई में अब तक किन-किन खनन क्षेत्रों हेतु किस-किस फर्म , कंपनिओं के द्वारा कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं? किस-किस फर्म, कंपनी कौन-कौन से खनिजों के खनन हेतु आबंटन किया गया है? संबंधित खनन क्षेत्र का विवरण उपलब्ध कराएं ? **(ग)** प्रस्तावित खनन क्षेत्रों में कौन-कौन से खनिजों का उत्खनन किया जाना प्रस्तावित है तथा प्रत्येक खनिज की वार्षिक अनुमानित उत्खनन क्षमता कितनी है? जानकारी देवें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** मुख्य खनिज के प्रकरणों में ई-नीलामी द्वारा आबंटन किया जाता है। गौण खनिज खनन हेतु प्राप्त 05 आवेदनों की विस्तृत जानकारी प्रपत्र अनुसार है। पर्यावरण सम्मति प्राप्त किये जाने के पश्चात् उत्खनन पट्टा स्वीकृत किया जायेगा। **(ग)** प्रस्तावित खनन क्षेत्रों एवं वार्षिक अनुमानित क्षमता की जानकारी प्रपत्र के मुख्य खनिज तालिका के कॉलम-07 में एवं गौण खनिज तालिका के कॉलम-05 में दर्शित है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - अठहत्तर" ]**

## <u>इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ को प्राप्त बजट आवंटन एवं व्यय</u>

[उच्च शिक्षा]

**69. ( क्र. 270 ) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2024-25 व 2025-26 में शासन द्वारा इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ को कुल कितनी राशि का आवंटन (आयोजना एवं आयोजनेत्तर मदवार) प्राप्त हुआ था? **(ख)** क्या प्राप्त आवंटन में से विभिन्न मदों (जैसे- वेतन, बुनियादी ढांचा विकास, शोध कार्य, छात्रवृत्ति एवं सांस्कृतिक आयोजन) हेतु पृथक-पृथक राशि निर्धारित की गई थी? यदि हाँ, तो मदवार,राशिवार, प्राप्त आबंटन, उपयोग/खर्च की गई राशि का मदवार विवरण देवें? **(ग)** विश्वविद्यालय द्वारा शासन से प्राप्त वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्राप्त राशि में से जनवरी,

2026 तक कुल कितनी राशि व्यय की जा चुकी है, और कितनी राशि शेष है? मदवार व्यय का विवरण दें? **(घ)** क्या आवंटित राशि के अतिरिक्त विश्वविद्यालय को अन्य स्रोतों (जैसे- UGC, ICSSR या स्वयं के आंतरिक स्रोत) से भी कोई अनुदान प्राप्त हुआ है? यदि हाँ, तो उसकी राशि एवं उपयोग का विवरण क्या है?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क) प्रपत्र-अ संलग्न** है। **(ख)** जी हां, **प्रपत्र-ब संलग्न** है। **(ग) प्रपत्र-ब संलग्न** है। **(घ)** जी हां**, प्रपत्र-स संलग्न** है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - उन्यासी" ]**

## राजनांदगांव जिला में धान खरीदी वर्ष 2025-26 में एकीकृत किसान पोर्टल में कृषकों का पजीयन

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**70. ( क्र. 274 ) श्री दलेश्वर साहू :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-राजनांदगांव जिला में धान खरीदी वर्ष 2025-26 में एकीकृत किसान पोर्टल में कृषकों के पजीयन के संबंध में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी निर्देश दिनांक क्रमांक 23/एफ-03/19 /विविध/2021/14-2, रायपुर, दिनांक 07.01.2026 में दिये गये प्रावधान में राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा किये गये भौतिक सत्यापन उपरांत विवरण संशोधन हेतु जो प्रावधान किया गया है, जिसमें कैरी फारवर्ड, वन अधिकार पट्टाटाधारी कृषकों का नवीन पंजीयन, सभी प्रकार के संशोधन, पूर्व पंजीयन निरस्त कर नवीन पंजीयन, गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन के आधार पर जिला कलेक्टर की अनुशंसा पर नवीन पंजीयन, उक्त निर्देश के परिपालन करते हुए कितने प्रकरणों का निराकरण जिला स्तर पर एवं कितने किसानों के प्रकरणों का राज्य स्तर को प्रेषित किया गया है एवं कितने हेक्टेयर का रकबा समर्पण किया गया है? तहसीलवार जानकारी देवें?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) :** राजनांदगांव जिले में धान खरीदी वर्ष 2025-26 मे दिनांक 07.01.2026 के बाद कैरी फारवर्ड के 459 प्रकरण, वन अधिकारी पट्टाधारी कृषकों का नवीन पंजीयन एवं पूर्व पंजीयन निरस्त कर नवीन पंजीयन के 40 प्रकरण, गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन के आधार पर नवीन पंजीयन के 18 प्रकरण तथा सभी प्रकार के संशोधन के 573 प्रकरण का निराकरण जिला स्तर से किया गया है। उक्त प्रकरणों में से भौतिक सत्यापन के आधार पर जिला कलेक्टर की अनुशंसा पर नवीन पंजीयन हेतु कुल 18 प्रकरण राज्य स्तर पर प्रेषित किये गये है जिसका निराकरण किया गया है।जिले में कुल 72982 किसानों द्वारा 23779.881 हेक्टर का रकबा समर्पण किया गया है। तहसीलवार जानकारी प्रपत्र में संलग्न है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - अस्सी" ]**

## धान खरीदी हेतु किसानों की समस्याओं का निराकरण

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**71. ( क्र. 275 ) श्री दलेश्वर साहू :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-धान खरीदी वर्ष 2025-26 में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, नवा रायपुर के पत्र 1/118125/2025, दिनांक 11.09.2025 अंतर्गत जारी निर्देश कंडिका क्रमांक 3, 4 एवं 5 में दर्शित निर्देश अनुसार एनआईसी द्वारा डेव्लप पीवी एप्प के संयुक्त माध्यम से कैरीफावर्ड अपूर्ण की समस्या का निराकरण, खसरा में दर्ज रकबा, खसरों में डीसीएस (डिजिटल क्राप सर्वे), गिरदावरी, भौतिक सत्यापन, एग्रीस्टेक में यूएफआर लंबित एवं टोकन सुधार संशोधन का उपरोक्त निर्देशों का पालन करते हुए कितने किसानों की समस्याओं का निराकरण जिला स्तर पर एवं कितने प्रकरणों को राज्य स्तर पर प्रेषित किया गया? तहसीलवार जानकारी देवें?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) :** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में प्रदेश में किसान पंजीयन से संबंधित विभिन्न विषयों का निराकरण करते हुए कुल 27,53,007 किसानों एवं 33,08,997.756 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन किया गया, जिलेवार **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है । अत: शेष प्रश्नांस उपस्थित नहीं होता है ।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - इक्यासी " ]**

## राज्य शासन के अधिकारियों के भ्रष्टाचार की जांच हेतु अनुमति

[सामान्य प्रशासन]

**72. ( क्र. 278 ) श्री भोलाराम साहू :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में किन-किन अधिकारियों के विरूध्द राज्य शासन द्वारा भष्ट्राचार की जांच हेतु धारा 17 **(क)** की अनुमति दी गई है ? नाम एवं पदनाम सहित जिलेवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार 31 दिसम्बर, 2025 की स्थिति में किन-किन अधिकारियों के विरूध्द अनुमति के प्रकरण लंबित हैं ? नाम एवं पदनाम सहित जिलेवार जानकारी देवें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जानकारी **पुस्तकालय में रखें प्रपत्र ''अ''** (वर्ष 2024-25) एवं**प्रपत्र-''ब''** (वर्ष 2025-26) अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखें प्रपत्र ''स''** अनुसार है।

## राजस्व विभाग के लंबित प्रकरण प्रकरणों का निराकरण

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**73. ( क्र. 279 ) श्री भोलाराम साहू :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले के विभिन्न तहसीलों में 31.01.2026 की स्थिति में नामांतरण, सीमांकन, फौती, बंटवारा, त्रुटिसुधार के कितने प्रकरण लंबित हैं ? प्रकरणों की जानकारी तहसीलवार पृथक-पृथक उपलब्ध करावें ? **(ख)** राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निपटारा हेतु क्या-क्या प्रयास किए जा रहे हैं ? जानकारी उपलब्ध करावें ?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** दिनांक 31.01.2026 की स्थिति मेंजिला राजनांदगांव की विभिन्न तहसीलों में नामांतरण/फौती, सीमांकन, बंटवारा, त्रुटिसुधार के 2318 प्रकरण एवं जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 419 प्रकरण इस प्रकार कुल 2737 राजस्व प्रकरण लंबित है। तहसीलवार जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। **(ख)** राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निपटारा हेतु नियमित समीक्षा तथा तहसील स्तर व ग्राम पंचायत स्तर में शिविर लगाकर समय सीमा में प्रकरणों के निराकरण किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - बयासी" ]**

## जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी अन्तर्गत क्रेडा विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य

[ऊर्जा]

**74. ( क्र. 283 ) श्री इन्द्रशाह मंडावी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी अन्तर्गत वर्ष 2023 से जनवरी, 2026 तक क्रेडा विभाग द्वारा कौन-कौन से कितने कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई है? उक्त कार्यो के लिये कितनी-कितनी राशि प्रदान की गई है? विकासखंडवार, ग्रामवार जानकारी देवे? **(ख)** स्वीकृत कार्यो के लिये किन-किन फर्मो को कार्य एजेन्सी बनाया गया है? जानकारी देवें? **(ग)** निर्माण एजेन्सी द्वारा कितने कार्यो को समय पर पूर्ण कर लिया गया एवं कितनी राशि का भुगतान किया गया? जानकारी देवे? कार्य अपूर्ण होने की स्थिति में निर्माण एजेन्सी के ऊपर क्या कार्यवाही की गई?

जानकारी देवें? **(घ)** जिस निर्माण एजेन्सी को कार्य दिया गया है क्या वे शासन द्वारा पंजीकृत हैं या नहीं? जानकारी देवें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी अन्तर्गत वर्ष 2023 से जनवरी, 2026 तक क्रेडा विभाग द्वारा विभिन्न योजनान्तर्गत कुल 1140 कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त कार्यो के लिये कुल राशि रूपये 10620.08 लाख व्यय की गई है। विकासखंडवार, ग्रामवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''अ''** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश **(क)** के स्वीकृत कार्यो हेतु कार्य एजेन्सियों की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''ब''** अनुसार है। **(ग)** निर्माण एजेंसी द्वारा किये गये कार्यो की पूर्णता, उन्हें भुगतान की गई राशि एवं कार्य अपूर्ण होने की स्थिति मे निर्माण एजेन्सी पर की गई कार्यवाही की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''स''** अनुसार है। **(घ)** जिन निर्माण एजेन्सियों को कार्य दिये गये है, वे क्रेडा मे पंजीकृत है।

## कोंडागांव जिले में गत वर्ष आयोजित सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण

[सुशासन एवं अभिसरण]

**75. ( क्र. 287 ) सुश्री लता उसेंडी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** कोंडागांव जिले में गत वर्ष आयोजित सुशासन तिहार के दौरान कितने आवेदन प्राप्त हुए? **(ख)** इन आवेदनों पर क्या कार्यवाही की गई? **(ग)** कितने आवेदनों का सकारात्मक निराकरण हुआ और कितने निराकरण हेतु शेष हैं? **(घ)** विभागवार जानकारी प्रदान करें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** कोण्डागांव जिले में गत वर्ष सुशासन तिहार के दौरान मांग के 95769 एवं शिकायत के 837 कुल 96606 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं।**(ख)** इन आवेदन पत्रों पर विभागवार गुणवत्ता पूर्ण निराकरण किया गया ।**(ग)** कुल 96606 आवेदन पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण किया गया। निराकरण हेतु आवेदन शेष नहीं है।**(घ)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - तिरासी" ]**

## जिला बस्तर में स्थापित एनीकट, उद्वहन सिंचाई योजना व स्टापडेम तथा तालाब

[जल संसाधन]

**76. ( क्र. 290 ) श्री बघेल लखेश्वर :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला बस्तर में इस समय कितने एनीकट, उद्वहन सिंचाई योजना, स्टापडेम व तालाब स्थापित हैं ? जानकारी विकासखण्डवार बतावें? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में इनमें से कितने एनीकट, उद्वहन सिंचाई योजना, स्टापडेम व तालाब (तालाबों में लगे गेट्स) मरम्मत योग्य हैं? **(ग)** वर्ष 2025-26 वित्तीय वर्ष में सिंचाई संसाधनों की मरम्मत के लिए प्राप्त आबंटन एवं व्यय की स्थिति कार्यवार बतावें ?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** वर्तमान स्थिति में जिला बस्तर में 39 एनीकट, 07 उद्वहन सिंचाई योजना, 07 स्टापडेम व 32 तालाब स्थापित है, विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है:-

| स.क्र. | विकासखण्ड | एनीकट | उद्वहन सिं.यो. | स्टापडेम | तालाब | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बकावण्ड | 8 | 0 | 5 | 9 | 22 |
| 2 | बस्तर | 20 | 3 | 1 | 13 | 37 |
| 3 | जगदलपुर | 3 | 3 | 0 | 3 | 9 |
| 4 | दरभा | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 5 | तोकापाल | 2 | 1 | 0 | 2 | 5 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | लोहण्डीगुड़ा | 4 | 0 | 1 | 4 | 9 |
| 7 | बास्तानार | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| | | 39 | 07 | 07 | 32 | 85 |

विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में इनमें से 01 एनीकट, 04 उद्वहन सिंचाई योजना एवं 04 तालाब मरम्मत योग्य है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है। (**ग) वर्ष 2025-26 वित्तीय वर्ष में सिंचाई संसाधनों की मरम्मत के लिए प्राप्त आवंटन रू. 190.00 लाख एवं व्यय राशि रू. 100.09 लाख है, कार्यवार जानकारी निम्नानुसार हैः-

| स.क्र. | योजना का नाम | प्राप्त आबंटन (रू.लाख में) | व्यय01/2026तक (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना अनुरक्षण एवं मरम्मत बांध एवं नहर | 75.00 | 34.08 |
| 2 | एनीकट/ स्टापडेम वार्षिक मरम्मत कार्य | 20.00 | 14.26 |
| 3 | उद्वहन सिंचाई योजना वार्षिक मरम्मत कार्य | 10.00 | 7.15 |
| 4 | लघु जलाशय वार्षिक मरम्मत कार्य | 85.00 | 44.60 |
| | योग | 190.00 | 100.09 |

विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार है।**
**[ संलग्न "परिशिष्ट - चौरासी" ]**

## बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में संचालित खनिज खदान

[खनिज साधन]

**77. ( क्र. 291 ) श्री बघेल लखेश्वर :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में इस समय कितने पंजीकृत खनिज खदान हैं? खनिज के नामवार पृथक-पृथक बतावें ? जानकारी जिलेवार बतावें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में कितने अपंजीकृत (अवैध रूप से) खनिज खदान संचालित होने की जानकारी विभाग को मिली है अथवा विभाग की जानकारी में है? उन पर की गई कार्यवाही की जानकारी दें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क) जानकारी संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** बस्तर संभागान्तर्गत कोई खदान अपंजीकृत (अवैध रूप से) संचालित नहीं है। अतः शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - पच्चासी" ]**

## जिला सूरजपुर में जलाशयों का जीणोद्धार

[जल संसाधन]

**78. ( क्र. 294 ) श्री भूलन सिंह मराबी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-जिला सूरजपुर में जल संसाधन विभाग के कितने जलाशय हैं? अभी तक कितने जलाशयों का जीर्णोद्धार किया जा चुका है? उसके लिए कितनी राशि आबंटित की गई थी तथा कितने जलाशयों का प्रस्ताव और कितनी राशि का प्राप्त हुआ है?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) :** जिला सूरजपुर में जल संसाधन विभाग के 55 जलाशय हैं। अभी तक 11 जलाशयों का जीर्णोद्धार किया जा चुका है। उसके लिए राशि रू. 1919.71 लाख आबंटित की गई थी तथा 16 अन्य जलाशयों के प्रस्तावों हेतु राशि रू. 3644.84 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त है, कार्य प्रगतिरत है।

## प्रदेश के महाविद्यालयों में स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पद

[उच्च शिक्षा]

**79. ( क्र. 305 ) श्रीमती अनिला भेंडिया :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश के महाविद्यालयों में प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं कार्यालयीन स्टॉफ के कितने पद स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त हैं? **(ख)** महाविद्यालयों में रिक्त पदों के विरूद्ध कार्यरत दैनिक वेतनभोगी/अतिथि सहायक प्राध्यापक या अन्य कार्यालयीन कर्मचारी को किस दर पर वेतन दिया जाता है? **(ग)** रिक्त पदों के विरूद्ध कितने पद सीधी भर्ती के हैं एवं कितने पदोन्नति के हैं? इन रिक्त पदों पर कब तक भर्ती की जावेगी?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) : (क)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र- 'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र- 'ब'** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र- 'स'** अनुसार है। इन रिक्त पदों पर भर्ती हेतु समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

**[ संलग्न "परिशिष्ट - छियासी" ]**

## प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभाग द्वारा संचालित योजनायें

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**80. ( क्र. 311 ) श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विगत तीन वर्षों में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा कौन-कौन सी योजनाएँ संचालित की गई हैं? उक्त अवधि में वृक्षारोपण, वन संरक्षण, जलवायु परिवर्तन से निपटने तथा वन्यजीव संरक्षण हेतु कितनी राशि स्वीकृत एवं व्यय की गई है? **(ख)** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में वन कटाई, अतिक्रमण एवं वन अपराधों की रोकथाम हेतु विभाग द्वारा क्या-क्या ठोस कदम उठाए गए हैं? **(ग)** क्या क्षेत्र में विगत तीन वर्षों में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएँ हुई हैं? यदि हाँ, तो पीड़ितों को दी गई मुआवजा राशि का विवरण क्या है? **(घ)** भविष्य में प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में हरित आवरण बढ़ाने एवं जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने हेतु विभाग की क्या कार्ययोजना है?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विगत तीन वर्षों में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा संचालित योजनाएं तथा उक्त अवधि में वृक्षारोपण, वन संरक्षण, जलवायु परिवर्तन से निपटने तथा वन्यजीव संरक्षण हेतु कुल 5018.39 लाख रूपये की राशि स्वीकृत एवं 4683.83 लाख रूपये की राशि व्यय की गई है । विस्तृत **विवरण संलग्न "प्रपत्र-अ" में दर्शित है।(ख)** प्रतापपुर विधानसभा अंतर्गत वनक्षेत्र में वन कटाई, अतिक्रमण एवं वन अपराधों की रोकथाम हेतु निर्धारित रोस्टर अनुसार प्रत्येक माह वन अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा बीट निरीक्षण किया जाता है। प्रत्येक बीट का बीट खैरियत रिपोर्ट प्रतिमाह वनमण्डल कार्यालय में प्रस्तुत किया जाता है । वन कर्मचारियों एवं वन प्रबंधन समिति सदस्यों का अलग-अलग दल बनाकर जंगलों का सतत् भ्रमण एवं रात्रि गश्त किया जाता है, वनमण्डल स्तर पर गठित उड़नदस्ता दल द्वारा भी वन भ्रमण कर अपराधों की रोकथाम की जाती है। अवैध कटाई, अतिक्रमण एवं वन अपराधों की सूचना मिलते ही विभाग द्वारा तत्काल वन अपराध प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जाती है एवं अनेक स्थानों पर बेरियर की स्थापना की गई है। एलीफेन्ट रिजर्व सरगुजा अन्तर्गत वन्यप्राणियों की सुरक्षा की दृष्टि से अभ्यारण्य के अतिसंवेदनशील एवं सम्पूर्ण अभ्यारण्य क्षेत्रों में वन अमला द्वारा सतत् निगरानी एवं गश्त किया जाता है । पैदल गार्ड एवं संवेदनशील क्षेत्रों के लिए सुरक्षा श्रमिक रखे गए है, जिनके द्वारा भी वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए वन अमलों के साथ-साथ सतत् निगरानी एवं गश्त किया जाता हैं। जंगली हाथियों एवं अन्य वन्यजीवों की निगरानी हेतु हाथी मित्रदल के सदस्यों को कार्य पर रखा गया है । इनके द्वारा हाथी मूवमेंट की जानकारी ग्रामीणों एवं विभाग को दी जाती है, जिससे हाथी-मानव द्वंद में कमी लाई जा सके। साथ ही वन्यप्राणियों के अवैध शिकार

एवं दुर्घटना को रोकने के लिए एन्टी स्नेयर वॉक टीम का गठन किया गया है, जिसके द्वारा वनक्षेत्रों में हो रहे अवैध शिकार एवं अन्य दुर्घटनाओं को रोका जाता है।**(ग)** विगत तीन वर्षों में क्षेत्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं की संख्या तथा पीड़ितों को दी गई मुआवजा राशि का **विवरण संलग्न "प्रपत्र-ब" में दर्शित है।(घ)** भविष्य में प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हरित आवरण बढ़ाने एवं जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने के लिये कार्ययोजना तैयार कर प्रतिवर्ष वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - सत्तासी" ]**

## जिला बस्तर में मोबाईल टावर स्थापना

[इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी]

**81. ( क्र. 316 ) श्री किरण देव :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में मोबाईल टावर लगाने हेतु आवेदन किस विभाग द्वारा स्वीकार किया जाता है? कैलैंडर वर्ष 2024 से जनवरी, 2026 तक जिला बस्तर में मोबाईल टावर लगाने हेतु कितने आवेदन किस-किस सेवा प्रदाता कंपनी से प्राप्त हुए ? प्राप्त आवेदनों में से कितने को कहाँ-कहाँ टावर लगाने हेतु अनुमति प्रदान की गई ? वर्षवार कंपनी के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** क्या प्रश्नांश ''क'' की कंपनी को अनुमति प्रदान करने से पूर्व/ पश्चात विभाग द्वारा स्थल पर जाकर सघन आबादी एवं टावर के रेडियेशन के दुष्प्रभाव संबंधी निरीक्षण किया गया ? यदि हां तो क्या ऐसे क्षेत्रों में कंपनी को प्रदाय अनुमति वापस ली गई ? यदि हां तो अनुमति निरस्त किए गए क्षेत्रों, स्थलों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** क्या मोबाईल टावर लगाने के पूर्व ग्राम पंचायतों/नगरीय निकायों से अनापत्ति /सहमति प्रमाण पत्र प्राप्त किए जाने का प्रावधान है ? यदि हां तो प्रश्नांकित अवधि में कितनी कंपनियों द्वारा अनापत्ति, सहमति प्राप्त की गई ? यदि नहीं तो जिन क्षेत्रों में मोबाईल टावर लगाने के विरुद्ध आपत्ति प्राप्त होती है उनके निराकरण के क्या प्रावधान हैं?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** मोबाइल टावर लगाने हेतु भारत सरकार, दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित Right of Way पोर्टल के माध्यम से संबंधित सार्वजनिक इकाई द्वारा ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किया जाता हैं। कैलेंडर वर्ष 2024 से जनवरी, 2026 अवधि तक बस्तर में मोबाइल टावर लगाने हेतु कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए जिसके विरुद्ध कुल 2 अनुमति जारी की गई तथा 39 आवदेन निजी भूमि पर होने से सेवा प्रदाता द्वारा सूचना दी गयी । सेवाप्रदाता वार प्राप्त आवेदन, प्रदाय अनुमति एवं टावर लगाने हेतु प्राप्त सूचना का वर्षवार विवरण **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विकसित RoW (Right of Way) पोर्टल के माध्यम से 4 दिसम्बर 2025 तक प्राप्त सभी आवेदनों का निरीक्षण जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाता है एवं उसके पश्चात 5 दिसम्बर 2025 से प्राप्त आवेदन का निरीक्षण भारत सरकार, दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित RoW (Right of Way) पोर्टल के माध्यम से तार मार्ग का अधिकार नियम 2024 के अनुसार सम्बंधित सार्वजनिक इकाई द्वारा किया जाता है। टावर से निकलने वाले रेडियेशन के सम्बन्ध में भारत सरकार संचार मंत्रालय के पोर्टल (https://tarangsanchar.gov.in/) में उपलब्ध जानकारी अनुसार "बहुत कम एक्सपोजर के स्तर और रिसर्च परिणाम को ध्यान में रखते हुए आज तक कोई ऐसा विश्वसनीय वैज्ञानिक साक्ष्य नहीं मिला है जिससे साबित हो कि बेस स्टेशन औरबेतार नेटवर्क से निकलने वाले कमजोर रेडियो आवृत्ति सिग्नल से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है" शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** वर्तमान में भारत सरकार द्वारा जारी दूरसंचार (मार्ग के अधिकार) नियम -2024 के अंतर्गत टेलिकॉम टावर स्थापना एजेंसी द्वारा मोबाइल टावर स्थापना के पूर्व ग्राम पंचायतों/नगरीय निकायों से अनापत्ति/सहमति के प्रावधान नहीं है । इन नियमों के अंतर्गत दूरसंचार विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रशासित Right of Way पोर्टल के माध्यम से सम्बंधित सार्वजनिक इकाई द्वारा केवल RoW की अनुमति दी जाती है। RoW सम्बन्धी समस्त अनुमति प्राप्त होने तथा भूमि/संपत्ति स्वामी

की सहमति उपरांत मोबाइल टावर लगाने पर आपत्ति स्वीकार करने का प्रावधान नहीं है।
**[ संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठासी" ]**

## पीएम सूर्यघर योजना के तहत स्थापित संयंत्र

[ऊर्जा]

**82. ( क्र. 317 ) श्री किरण देव :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में पीएम सूर्यघर योजना कब से संचालित है ? योजना का क्रियान्वयन एवं निगरानी का कार्य किसके द्वारा किया जा रहा है ? योजना अंतर्गत क्षमता अनुसार कितना-कितना खर्च निर्धारित है? कितनी-कितनी राशि का अनुदान केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा दिया जा रहा है ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' की योजना अंतर्गत अब तक कुल कितने संयंत्र प्रदेश में स्थापित किए गये हैं ? इससे कितना उत्पादन हो रहा है तथा बिजली की प्रतिदिन मांग में कितनी कमी आई है ? जिलेवार स्थापित संयंत्रों की जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** क्या योजना अंतर्गत संयंत्रों की स्थापना हेतु निजी क्षेत्र की कंपनी/फर्म को भी अधिकृत किया गया है? यदि हां तो प्रदेश में योजना अंतर्गत कंपनी/फर्म/एजेंसी को कार्य करने के लिए क्या-क्या नियम एवं शर्ते निर्धारित की गई हैं ? अब तक कितनी फर्मो द्वारा इस हेतु आवेदन किया गया एवं कितनों को अनुमति प्रदान की गई ? जिलेवार फर्म के नाम पता सहित जानकारी उपलब्ध करावें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) : (क)** पीएम सूर्यघर योजना 13 फरवरी 2024 से संचालित है। योजना के क्रियान्वयन हेतु देश स्तर पर आर.ई.सी. को एवं राज्य स्तर पर क्रियान्वयन हेतु सी.एस.पी.डी.सी.एल. को नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। नवीन एवं नवीनकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE), भारत सरकार के आदेश क्रमांक 318/17/2024 - Grid Connected Rooftop दिनांक 16.03.2024 (तथा तद्नुसार जारी परिचालन दिशानिर्देशों) के अनुसार, योजना के अंतर्गत सोलर रूफटॉप संयंत्रों की बेंचमार्क लागत (Benchmark Cost) निम्नानुसार निर्धारित है-ः
* 2 किलोवाट (KW) तक की क्षमता के लिएः ₹50,000 प्रति किलोवाट।
* 2 किलोवाट से अधिक की अतिरिक्त क्षमता के लिएः ₹45,000 प्रति किलोवाट।
पी.एम. सूर्यघर योजना अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा 1 किलोवाट तक रूपये 15 हजार तथा 2 किलोवाट एवं इससे अधिक क्षमता पर राशि रूपये 30 हजार की वित्तीय सहायता दी जा रही है तथा इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार के द्वारा 1 किलोवाट के लिये 30 हजार, 2 किलोवाट के लिये 60 हजार एवं 3 किलोवाट एवं अधिक क्षमता के लिये 78 हजार की वित्तीय सहायता दिये जाने का प्रावधान है। इसी प्रकार केन्द्र सरकार द्वारा ग्रुप हाऊसिंग सोसायटी में रूपये 18 हजार प्रति किलोवाट प्रति घर अधिकतम तीन किलोवाट तक कुल रूपये 54 हजार एवं राज्य सरकार द्वारा रूपये 10 हजार प्रति किलोवाट प्रति घर अधिकतम दो किलोवाट तक कुल रूपये 20 हजार सब्सिडी दिये जाने का प्रावधान है। **(ख)** 10 फरवरी 2026 की स्थिति में राज्य में कुल 31,049 उपभोक्ताओं के घरों पर सोलर संयंत्रों की स्थापना की जा चुकी है, कुल 104.44 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है, सोलर आवर अर्थात् प्रातः 8 बजे से सांय 5 बजे तक अपरोक्ष रूप से 104.44 मेगावाट बिजली की मांग मे कमी हुई है। जिलेवार स्थापित संयंत्रो की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- "अ"** अनुसार है। **(ग)** जी हाँ, पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत सोलर पैनलो की स्थापना हेतु निजी क्षेत्र की कंपनी/ फर्म को पंजीयन पश्चात कार्य हेतु अधिकृत किया गया है। योजना के अंतर्गत कार्य नवीन एवं नवीकरणीय मंत्रालय भारत सरकार के ज्ञापन क्रमांक 318/17/2024, दिनांक 07.05.2024, 13.08.2024 एवं 11.10.2024 तथा ज्ञापन क्रमांक 318/6/2022, दिनांक 17.05.2023 एवं 10.06.2022 द्वारा जारी नियम एवं शर्तें **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- "ब"** अनुसार है। दिनांक 30.01.2026 तक कुल 886 फर्मो के द्वारा पंजीयन हेतु आवेदन किया गया था तथा सभी वेंडरो का

पंजीयन पूर्ण कर कार्य करने की अनुमति प्रदान कर दिया गया है। जिलेवार फर्म के नाम पता सहित जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- "स"** अनुसार है।

## वन विभाग की भूमि का औद्योगिक संस्थानों को प्रदाय

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

**83. ( क्र. 427 ) श्री पुरन्दर मिश्रा :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** छत्तीसगढ़ में 2005 से अब तक औद्योगिक क्षेत्रों में वन विभाग की कुल कितनी भूमि औद्योगिक संस्थानों में गयी है? औद्याेगिक संस्थानों का नाम भूमि सहित विवरण देवें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के परिप्रेक्ष्य में औद्योगिक संस्थानों द्वारा वन विभाग को क्षतिपूर्ति प्लांटेशन हेतु कहां-कहां व कितनी-कितनी भूमि व धन राशि दी गई है ?

**वन मंत्री ( श्री केदार कश्यप ) : (क)** छत्तीसगढ़ में 2005 से अब तक औद्योगिक क्षेत्रों में वन विभाग की वन भूमि औद्योगिक संस्थानों को प्रदाय नहीं की गयी है। हालांकि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम 1980 अंतर्गत स्वीकृत 18 प्रकरणों में औद्योगिक प्रयोजनों के लिये वन भूमि व्यपवर्तन की कार्यवाही की गयी है।**(ख)** प्रश्न के अनुसार व्यपवर्तित भूमि विवरण, क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु चयनित क्षेत्र एवं रोपण हेतु जमा करायी गई राशि का **विवरण संलग्न प्रपत्र में दर्शित है ।**

**[ संलग्न "परिशिष्ट - नवासी" ]**

## रायगढ़ में संचालित कोयला खदान

[खनिज साधन]

**84. ( क्र. 461 ) श्री उमेश पटेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-रायगढ़ जिला अंतर्गत उद्योगों के लिए कुल कितने कोल खदान संचालित हैं? कितने प्रस्तावित हैं ? कितने गाँव प्रभावित हो रहे हैं ? प्रस्तावित कोल माइन्स के लिए कितने जंगल, उपजाऊ कृषि भूमि, भू-जल स्तर और नदी-नाले प्रभावित हैं ? जानकारी देवें?

**मुख्यमंत्री ( श्री विष्णु देव साय ) :** रायगढ़ जिला में स्थापित उद्योगों के लिए कुल 05 निजी/वाणिज्यिक कोल खदाने संचालित हैं तथा 02 नवीन कोयला खदानें प्रस्तावित हैं। उक्त 05 संचालित कोल खदानों से राजस्व अनुविभाग घरघोड़ा क्षेत्र अंतर्गत कुल 30 ग्राम प्रभावित हो रहे हैं। प्रस्तावित नवीन कोयला खदानों में खनन कार्य प्रारंभ नहीं होने के कारण जंगल, उपजाऊ कृषि भूमि, भू-जल स्तर और नदी-नालों के प्रभावित होने की जानकारी निरंक है।

## रायगढ़ जिला अंतर्गत किसानों की फसल गिरदावरी

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

**85. ( क्र. 666 ) श्री उमेश पटेल :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-रायगढ़ जिलान्तर्गत कितने किसानों का फसल गिरदावरी हुआ ? कितने किसान किस कारण से वंचित रहे ? क्या गलत गिरदावरी की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हाँ तो किस प्रकार की शिकायत प्राप्त हुई है और क्या कार्यवाही की गई है ? जानकारी देवें ? गलत गिरदावरी न हो इसके लिए क्या कार्ययोजना बनाई गई है ?

**राजस्व मंत्री ( श्री टंक राम वर्मा ) :** रायगढ़ जिलांतर्गत कुल 1,97,908 किसानों का फसल गिरदावरी हुआ है । कोई भी किसान फसल गिरदावरी से वंचित नहीं हुआ है ।तहसील छाल में 38 किसानों एवं तहसील

धरमजयगढ़ में 46 किसानों के त्रुटिपूर्ण गिरदावरी की शिकायत प्राप्त हुई है जो रकबा एवं गलत फसल चयन के संबंध में है । सभी प्राप्त शिकायतों का पी.व्ही. एप्पके माध्यम से मौके पर भौतिक सत्यापन कर ऑनलाईन सुधार किया गया । गिरदावरी में त्रुटि न हो इसके लिये जिले के सभी सर्वेयरों को तहसील स्तरीय कार्यशाला आयोजित कर फसल गिरदावरी के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया, जिससे त्रुटिरहित फसल गिरदावरी हो सके ।

प्रपत्र-अ

## खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बजट 2024-25 एवं 2025-26 में सम्मिलित कार्यो की जानकारी

## विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 276 की जानकारी

राशि रू. लाख में

| स. क्र. | वर्ष | जिला | विधानसभा | कार्य का नाम | लागत रू लाख में | प्रशासकीय स्वीकृति | | निविदा की स्थिति | निविदा जारी नहीं हो तो क्यों |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | दिनांक | राशि रू लाख में | | |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 | 10 |
| 01 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | दाउटोला एनीकट बैंक प्रोटेक्शन कार्य | 591.78 | - | - | - | कार्यालयीन पत्र क्रमांक 64/डी-4/मगोक/2025/8593 दिनांक 10.12.2025 को प्रमुख अभियंता को प्रेषित। |
| 02 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | करेठी एनीकट बैंक प्रोटेक्शन कार्य | 431.65 | - | - | - | कार्यालयीन पत्र क्रमांक 62/डी-4/मगोक/2025/8542 दिनांक 09.12.2025 को प्रमुख अभियंता को प्रेषित। |
| 03 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | नादिया एनीकट बैंक प्रोटेक्शन कार्य | 350.00 | - | - | - | प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। |
| 04 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | तुमड़ीलेवा एनीकट बैंक प्रोटेक्शन कार्य | 492.80 | - | - | - | कार्यालयीन पत्र क्रमांक 61/डी-4/मगोक/2025/8544 दिनांक 09.12.2025 को प्रमुख अभियंता को प्रेषित। |
| 05 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | झूरानाला एनीकट जीर्णोद्वार एवं बैंक प्रोटेक्शन कार्य | 493.04 | - | - | - | कार्यालयीन पत्र क्रमांक 60/डी-4/मगोक/2025/8546 दिनांक 09.12.2025 को प्रमुख अभियंता को प्रेषित। |
| 06 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | मनहोरा जलाशय नहर लाईनिंग कार्य | 200.00 | - | - | - | प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। |
| 07 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | गीदर्री जलाशय नहर लाईनिंग कार्य | 175.00 | - | - | - | प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। |
| 08 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | कापा जलाशय बांध एवं नहर मरम्मत कार्य | 200.00 | - | - | - | प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। |
| 09 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | लाममेटा जलाशय जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग | 400.00 | - | - | - | प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। |
| 10 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | घोटिया जलाशय जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य | 450.00 | - | - | - | कार्यालयीन पत्र क्रमांक 07/डी-4/मगोक/2023/4594 दिनांक 31.03.2023 को प्रमुख अभियंता को प्रेषित। |
| 11 | 2024-25 | राजनांदगांव | खुज्जी | घुमरिया बैराज के अंतर्गत जंतर माइनर में पाईप लाईन कार्य। | 300.00 | 13.08.2025 | 409.71 | हाँ | कार्य पूर्ण |
| 12 | 2024-25 | राजनांदगांव | खुज्जी | घुमरिया डायवर्सन का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य। | 200.00 | - | - | - | कार्यालयीन पत्र क्रमांक 51/डी-4/मगोक/2025/7871 दिनांक 07.11.2025 को प्रमुख अभियंता को प्रेषित। |
| 13 | 2024-25 | राजनांदगांव | खुज्जी | मोंगरा बैराज परियोजना के अंतर्गत भण्डारी भरदा लघु नहर का निर्माण कार्य। | 1100.00 | - | - | - | कार्यालयीन पत्र क्रमांक 40/डी-4/मगोक/2024/9189 दिनांक 29.11.2024 को प्रमुख अभियंता को प्रेषित। |

| स. क्र. | वर्ष | जिला | विधानसभा | कार्य का नाम | लागत रू लाख में | प्रशासकीय स्वीकृति | | निविदा की स्थिति | निविदा जारी नहीं हो तो क्यों |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | दिनांक | राशि रू लाख में | | |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 | 10 |
| 14 | 2024-25 | राजनांदगांव | खुज्जी | ग्राम- चिद्दो से सूखानाला बैराज पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 150.00 | - | - | - | कार्यपालन अभियंता स्तर पर लंबित। |
| 15 | 2024-25 | राजनांदगांव | खुज्जी | मोंगरा बैराज परियोजना की बांयी तट नहर की 14 नग लघु शाखा नहर की सी.सी. लाईनिंग कार्य | 1000.00 | - | - | - | प्रशासकीय स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित। |
| 16 | 2024-25 | राजनांदगांव | खुज्जी | ग्राम थुहाडबरी में नदी किनारे पीचिंग कार्य। | 300.00 | - | - | - | कार्यालयीन पत्र क्रमांक 03/डी-4/मगोक/2024/4726 दिनांक 21.06.2024 को प्रमुख अभियंता को प्रेषित। |
| 17 | 2025-26 | राजनादगांव | खुज्जी | राजनांदगांव जिले के टीपानगढ़ जलाशय एवं नहर निर्माण कार्य | 1825.73 | - | - | - | कार्यालयीन पत्र क्रमांक 73/डी-4/मगोक/2054/753 दिनांक 30.01.2026 को प्रमुख अभियंता को प्रेषित। |

Digitally signed by
VIDYA BHARTI
Date: 17-02-2026
11:52:37

अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
जल संसाधन विभाग

**प्रपत्र-ब**

**खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत अप्रेल 2024 से 31 जनवरी 2026 तक मरम्मत, नहर लाईनिंग, एवं रखरखाव हेतु किया गया व्यय की जानकारी**

**विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 276 की जानकारी**

राशि रू. लाख में

| स.क्र. | वर्ष | जिला | विधानसभा | कार्य का नाम | मरम्मत, नहर लाईनिंग, एवं रखरखाव हेतु किया गया व्यय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | शिकारीटोला जलाशय | 0.89 |
| 02 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | कुमर्राछुरिया व्यपवर्तन | 1.30 |
| 03 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | घोटिया जलाशय | 0.60 |
| 04 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | हाटबंजारी व्यपवर्तन | 1.05 |
| 05 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | पिनकापार जलाशय | 1.44 |
| 06 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | मासूलजोब जलाशय | 0.15 |
| 07 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | शिकारीमहका जलाशय | 0.45 |
| 08 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | आमगांव जलाशय | 0.45 |
| 09 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | सीताकसा व्यपवर्तन | 0.75 |
| 10 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | मनहोरा जलाशय | 0.45 |
| 11 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | गिदर्री जलाशय | 0.45 |
| 12 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | कांपा जलाशय | 0.45 |
| 13 | 2024-25 | राजनादगांव | खुज्जी | महाराजपुर जलाशय | 0.45 |
| 14 | 2024-25 | राजनांदगांव | खुज्जी | घुमरिया नाला व्यपवर्तन योजना का रखरखाव एवं मरम्मत कार्य | 11.66 |
| 15 | 2024-25 | राजनांदगांव | खुज्जी | घुमरिया नाला बैराज के बांध नहर का रखरखाव एवं मरम्मत कार्य | 3.97 |
| | | | | **योग 2024-25** | **24.51** |

| स.क्र. | वर्ष | जिला | विधानसभा | कार्य का नाम | मरम्मत, नहर लाईनिंग, एवं रखरखाव हेतु किया गया व्यय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | 2025-26 | राजनादगांव | खुज्जी | शिकारीमहका जलाशय | 0.74 |
| 02 | 2025-26 | राजनादगांव | खुज्जी | कुमर्राछुरिया व्यपवर्तन | 0.74 |
| 03 | 2025-26 | राजनादगांव | खुज्जी | घोटिया जलाशय | 0.74 |
| 04 | 2025-26 | राजनादगांव | खुज्जी | शिकारीटोला जलाशय | 2.30 |
| 05 | 2025-26 | राजनादगांव | खुज्जी | पिनकापार जलाशय | 0.75 |
| 06 | 2025-26 | राजनादगांव | खुज्जी | हाटबंजारी व्यपवर्तन | 0.74 |
| 07 | 2025-26 | राजनादगांव | खुज्जी | आमगांव जलाशय | 0.45 |
| 08 | 2025-26 | राजनादगांव | खुज्जी | सीताकसा व्यपवर्तन | 1.56 |
| 09 | 2025-26 | राजनांदगांव | खुज्जी | घुमरिया नाला बैराज के बांध नहर का रखरखाव एवं मरम्मत कार्य | 43.77 |
| | | | | **योग 2025-26** | **51.79** |
| | | | | **महायोग :-** | **76.30** |

Digitally signed by
VIDYA BHARTI
Date: 17-02-2026
11:53:14

**अवर सचिव**
**छत्तीसगढ़ शासन**
**जल संसाधन विभाग**

# प्रपत्र

| क्रमांक | सेवाप्रदाता का नाम | प्राप्त आवेदन/ सूचना | | | प्रदाय स्वीकृति | | | निजी भूमि सूचना | | | सुधार हेतु वापस भेजे गये/निरस्त/वापस लिए गये |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्ष 2024 | वर्ष 2025 | जनवरी 2026 | वर्ष 2024 | वर्ष 2025 | जनवरी 2026 | वर्ष 2024 | वर्ष 2025 | जनवरी 2026 | |
| 1 | इंडस टावर्स लिमिटेड | 149 | 268 | 2 | 16 | 0 | 0 | 0 | 241 | 2 | 160 |
| 2 | टावर विजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | एटीसी टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | सिग्नोटॉक्स टावर्स प्राइवेट लिमिटेड | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | असेंड टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 |
| **कुल** | | **153** | **271** | **2** | **18** | **0** | **0** | **0** | **244** | **2** | **162** |

अनुभाग अधिकारी
इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर

परिशिष्ट - तीन

तारांकित प्रश्न संख्या 3 (क्र. 318) की जानकारी

प्रपत्र-अ

## छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सुगम यातायात को लेकर रणनीति

राजधानी रायपुर में यातायात के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न निर्माण कार्य एवं सुधार की कार्यवाही किया जा रहा है जो इस प्रकार है:-

(01) यातायात प्रवाह के अनुरूप सुधार किये जाने हेतु राजधानी के 19 चौक चौराहों की सुधार निर्माण कार्य किया जा रहा है।

(02) राजधानी के 14 स्थानो पर स्टापर के माध्यम से लेफ्ट टर्न फ्री कराया गया है।

(03) अन्य प्रस्तावित रणनीतियाः-

1. सभी प्रमुख मार्गों एवं चौक चौराहों में जेब्रा क्रासिंग, लेन मार्किंग, एज मार्किंग कराना एवं संकेतक बोर्ड, कैट्स आई, हेजार्ड बोर्ड लगाना।
2. कंकाली पारा से आनंद समाज लायब्रेरी से इंडोर स्टेडियम के पीछे से स्मार्ट सिटी कार्यालय के पास रोड़ निकालना जिससे पुरानी बस्ती थाना के सामने का यातायात दबाव कम होगा
3. मालवीय रोड, गोल बाजार के गलियों के वेंडर्स व गुमटी वालों को वेडिंग स्थान तय कर शिफ्ट करना।
4. रायपुरा चौक, पचपेड़ीनाका चौक, संतोषीनगर चौक के सर्विस रोड में हाइटेंशन तार वाले खंभो को हटाकर अंडरग्राउंड केबलिंग करना, सर्विस रोड को चौड़ा कर डामरीकरण करना।
5. व्यस्तम बाजार क्षेत्रों सदर बाजार, मालवीय रोड, एमजी.रोड, के.के. रोड, केलकर पारा, पुरानी बस्ती लाखेनगर मार्ग, पंडरी कपड़ा मार्केट एवं अन्य क्षेत्रों में रोड मार्किंग करना ताकि एक लाईन पार्किंग का पालन और उसके भीतर ही दुकानें संचालित हो।
6. लेफ्ट टर्न फ्री करने हेतु रखे गये स्टापर के जगह में लोहे का डेलीनेटर पोस्ट लगाकर लेफ्ट टर्न सेपरेटर बनाना (एसआरपी चौक, भारतमाता चौक, अनुपम नगर चौक, आनंद नगर चौक, जयस्तंभ चौक, शारदा चौक, शास्त्री चौक एवं अन्य प्रमुख चौराहों में)
7. तेलीबांधा थाना के सामने विशाल नगर की ओर से आने वाले सर्विस रोड को रिंग रोड 01 में चंद्रा आईकान बिल्डिंग तक अधूरे सर्विस रोड में मिलाना।
8. देवेन्द्र नगर एक्सप्रेस वे अंडरब्रिज में सिटी सेंटर से आने वाले मार्ग में नाली को समतल करना एवं जाली को हटाकर पीछे करना ।
9. पंडरी एक्सप्रेस वे ब्रिज के नीचे डिवाइडर को उंचा करना आदि कार्य किये जा रहे है।

अनुभाग अधिकारी
परिवहन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर

प्रपत्र–ब

| क्र. | जिला | मृतकों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | रायपुर | 621 |
| 2 | बलादाबाजार | 293 |
| 3 | महासमुंद | 338 |
| 4 | गरियाबन्द | 143 |
| 5 | धमतरी | 190 |
| 6 | दुर्ग | 356 |
| 7 | बेमेतरा | 225 |
| 8 | बालोद | 215 |
| 9 | राजनांदगांव | 215 |
| 10 | कबीरधाम | 201 |
| 11 | बिलासपुर | 301 |
| 12 | मुंगेली | 120 |
| 13 | कोरबा | 374 |
| 14 | जांजगीर | 250 |
| 15 | रायगढ़ | 382 |
| 16 | सरगुजा | 303 |
| 17 | कोरिया | 92 |
| 18 | बलरामपुर | 221 |
| 19 | सूरजपुर | 262 |
| 20 | जशपुर | 311 |
| 21 | जगदलपुर | 217 |
| 22 | कांकर | 218 |
| 23 | कोडागाँव | 196 |
| 24 | दतेवाड़ा | 87 |
| 25 | सुकमा | 71 |
| 26 | बीजापुर | 57 |
| 27 | नारायणपुर | 31 |
| 28 | गौरेला पेण्ड्रा मरवाही | 94 |
| 29 | खैरागढ़ छुईखदान गंडई | 86 |
| 30 | मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकीं | 81 |
| 31 | सारंगढ़ बिलाईगढ़ | 143 |
| 32 | सक्ती | 117 |
| 33 | मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर | 87 |
| कुल | | 6898 |

अनुभाग अधिकारी
परिवहन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन

प्रपत्र-स

## सड़क दुर्घटना रोकने के लिए निम्नानुसार कार्यवाही किया जा रहा है:-

सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु परिवहन विभाग द्वारा सड़कों पर केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम /नियम में उल्लेखित प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्यवाही हेतु छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों पर 84 ए.एन.पी.आर. कैमरा की स्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त ओव्हरलोड संचालित वाहनों पर रोकथाम हेतु स्टेटिक वे–ब्रिज की स्थापना की जा रही है।

इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राईविंग एण्ड ट्रैफिक रिसर्च (IDTR) वाहन चालकों के प्रशिक्षण हेतु माह दिसम्बर 2021 में प्रारंभ किया गया है। माह दिसम्बर–2025 की स्थिति में 38573 वाहन चालकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

अप्रशिक्षित वाहन चालकों से होने वाली सड़क दुर्घटना को रोकने हेतु उन्हें वाहन चालन प्रशिक्षण दिये जाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार की योजना अंतर्गत संभाग स्तर पर 02 क्षेत्रीय ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर (RDTC) तथा जिला स्तर पर 12 जिला ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर (DTC) की स्थापना हेतु केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदाय की गई है। जिनका निर्माण कार्य प्रगति पर है।

अनफिट वाहनों से होने वाली सड़क दुर्घटना को रोकने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा परिवहन विभाग अंतर्गत अनफिट वाहनों की जांच हेतु ऑटोमेटेड फिटनेस स्टेशन (ATS) रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, अंबिकापुर, राजनांदगांव, रायगढ़, कोरबा में ऑटोमेटेड फिटनेस स्टेशन का संचालन किया जा रहा है एवं जांजगीर–चांपा, बलौदाबाजार, सूरजपुर, धमतरी, कांकेर, बालोद जिले में ऑटोमेटेड फिटनेस स्टेशन निर्माण (एटीएस) प्रस्तावित है। कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

